CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

मुरादाबाद, रविवार 5 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 51 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 12 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




बरेली में सपा नेताओं के प्रवेश पर रोक, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद नजरबंद पेज 2



जडेजा-सिराज का कहर, भारत ने वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से हराया खेल टाइम्स



पीओके में झुकी पाक सरकार, प्रदर्शनकारियों की अधिकतर मांगें मानी पेज 11



रश्मिका मंदाना और विजय की सगाई का दावा बॉलीवुड

### उत्तर प्रदेश में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की औपचारिक घोषणा कर दी है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी ने सार्वजनिक सभा में इसका ऐलान किया था। सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक सात अक्टूबर को प्रदेश भर में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। योगी आदित्यनाथ ने एक हफ्ते पहले श्रावस्ती जिले से वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की थी। इस दिन को राज्य स्तर पर विशेष महत्व देने के लिए सरकारी अवकाश घोषित किया है।

### भारतीय जांच एजेंसियां टॉर्चर करेंगी: नीरव मोदी

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक से धोखाधड़ी का आरोपी भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने कहा है कि अगर उसे भारत भेजा गया, तो जांच एजेंसियां पूछताछ के दौरान टार्चर करेंगी। इसको लेकर उसने लंदन की वेस्टमिंस्टर कोर्ट में प्रत्यर्पण केस पर फिर से सुनवाई की मांग की है, जो 23 नवम्बर को हो सकती है। हालांकि, मामले से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि हमने इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। अभी उससे पूछताछ की जरूरत नहीं है। हमारी जांच लगभग पूरी हो चुकी है। उसे सिर्फ मुकदमे का सामना करना है। अगर यूके की अदालत पूछेगी, तो हम फिर से भरोसा दे सकते हैं कि भारत लाने पर उससे कोई पूछताछ नहीं होगी। हम पहले भी ऐसा भरोसा दे चुके हैं।

### जुबीन को मैनेजर व ऑर्गनाइजर ने जहर दिया: दोस्त

**नई दिल्ली।** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में गिरफ्तार उनके बैंडमेट (साथी सिंगर) शेखर ज्योति गोस्वामी ने अपने बयान में चौंकाने वाले खुलासे किए। शेखर ने दावा किया है कि सिंगर के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और इवेंट ऑर्गनाइजर श्यामकनु महंत ने उन्हें जहर दिया था। दोनों ने हत्या को हादसा दिखाने की साजिश रची थी। शेखर जुबीन गर्ग की मौत के समय उनके साथ सिंगापुर में था। उसने पुलिस को बताया कि मैनेजर शर्मा पैन पैसिफिक होटल में उसके साथ रह रहा था और जुबीन की मौत से पहले उसका व्यवहार अजीबोगरीब था। शेखर ने बताया मैनेजर शर्मा ने समुद्र के बीचोंबीच याट (नाव) के चालक को हटाकर उसका कंट्रोल अपने हाथों में लिया। जुबीन समुद्र में जाने के बाद हांफ रहे थे। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। इसके बावजूद शर्मा कह रहा था।

### वर्चुअल सुनवाई में अंडरगार्मेंट्स पहनने वाला शख्स गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कोर्ट की वर्चुअल सुनवाई में शर्मनाक हरकत करने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंस में सिर्फ अंडरगार्मेंट्स पहनकर शामिल हुआ और शराब-सिगरेट पीता रहा। कोर्ट की ओर से कई बार बाहर जाने की चेतावनी देने के बावजूद वह नहीं निकला और सुनवाई में बाधा डालता रहा।

## विज्ञान भवन में आईटीआई के टॉपर्स सम्मानित

# आज का भारत कौशल को देता है प्राथमिकता: मोदी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) के टॉपर्स को सम्मानित किया।

पीएम ने कौशल दीक्षांत समारोह 2025 के दौरान 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का भी अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान पटना से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश

**पीएम ने 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का किया अनावरण**

कुमार भी जुड़े। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ वर्ष पहले हमारी सरकार ने आईटीआई छात्रों के लिए व्यापक स्तर पर दीक्षांत समारोह आयोजित करने की नई परंपरा शुरू की थी। आज इसी परंपरा की एक और कड़ी के साक्षी हम सभी बन रहे हैं। मैं भारत के कोने-कोने से हमारे साथ जुड़ने वाले सभी युवा आईटीआई छात्रों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। यह समारोह इस बात का प्रतीक है कि आज का भारत कौशल को कितनी प्राथमिकता देता है। पीएम मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बिहार के हजारों युवा हमसे जुड़े हैं। इस पीढ़ी को शायद अंदाजा नहीं होगा कि ढाई दशक पहले बिहार की शिक्षा व्यवस्था कितनी जर्जर थी। न ईमानदारी से स्कूल खुलते थे, न ही भर्तियां होती थीं। कौन सा माता-पिता नहीं चाहेगा कि उसका बच्चा यहां पढ़े और आगे बढ़े? लेकिन मजबूरी में लाखों बच्चे बिहार छोड़कर वाराणसी, दिल्ली और मुंबई जाने को मजबूर हुए। यहीं से पलायन की असली शुरुआत हुई। सौभाग्य से बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को सरकार की जिम्मेदारी सौंपी और हम सब गवाह हैं कि कैसे पूरी एनडीए टीम ने मिलकर बिगड़ी हुई व्यवस्था को पटरी पर लाया... मुझे खुशी है कि आज के कौशल दीक्षांत समारोह में बिहार को एक नया कौशल विश्वविद्यालय मिला है।

# सम्भल में मुस्लिम पक्ष को लगा झटका



**सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद के ध्वस्तीकरण पर हाईकोर्ट का रोक लगाने से इन्कार**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सम्भल में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद व मैरिज हॉल के ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में त्वरित सुनवाई की मांग के साथ याचिका दाखिल की थी, जो शनिवार को खारिज कर दी गई। आरोप है कि यह मस्जिद सरकारी तालाब की जमीन पर बनी थी।

इस मामले में लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई। यह फैसला न्यायमूर्ति दिनेश पाठक की एकल पीठ ने दिया है। दरअसल यह याचिका सरकारी जमीन से बेदखली की कार्रवाई के खिलाफ उपलब्ध वैकल्पिक विधिक उपचार के कारण खारिज की गई है। बहस के बाद याची मुस्लिम पक्षकारों ने याचिका वापस ले ली। हाईकोर्ट ने कहा कि याची तहसीलदार की ओर से जारी बेदखली आदेश के खिलाफ अपील दाखिल करने के लिए स्वतंत्र है। कोर्ट ने अपीलीय प्राधिकारी को मुस्लिम पक्षकारों की अपील पर हाईकोर्ट के इस आदेश से प्रभावित हुए बिना गुणदोष के आधार पर फैसला लेने का निर्देश दिया है। सम्भल में तालाब की जमीन पर बने मैरिज हॉल और मस्जिद के ध्वस्तीकरण के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में मस्जिद कमेटी ने तत्काल सुनवाई की मांग के साथ याचिका दाखिल की थी। मामले में शुक्रवार की दोपहर सुनवाई तो हुई लेकिन कोर्ट ने कोई अंतरिम राहत नहीं दी है।

# मप्र के बाद कफ सिरप को लेकर देशभर में छापेमारी

## कोल्ड्रिफ सिरप बैन, मध्य प्रदेश में 10 व राजस्थान में दो बच्चों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के बाद शनिवार को मध्य प्रदेश और केरल ने भी कोल्ड्रिफ कफ सिरप को बैन कर दिया। इस सिरप से मध्य प्रदेश में 27 दिन में 10 बच्चों की मौत हो गई। इन सभी की उम्र एक से 5 साल के बीच है।

उधर, राजस्थान में डेक्सट्रोमेथोरपन हाइड्रोब्रोमाइड कफ सिरप और उसे बनाने वाली कंपनी केसंस फार्मा को भी प्रतिबंधित कर दिया गया। इस कंपनी का प्लांट जयपुर में है। इस सिरप से राजस्थान में 2 बच्चों की जान गई। कोल्ड्रिफ दवा की मैन्युफैक्चरिंग तमिलनाडु के कांचीपुरम में हो रही थी। बच्चों की मौत के बाद तमिलनाडु सरकार



**सभी बच्चों की उम्र एक से 5 साल के बीच**

ने गुरुवार को उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। राज्य में इस दवा के थोक और रिटेल स्टॉक को सीज कर दिया गया है। एमपी के छिंदवाड़ा में कप सिरप पीने से 10 बच्चों की मौत हुई है। पहला संदिग्ध मामला 24 अगस्त को सामने आया था। पहली मौत 7 सितम्बर -शेष पृष्ठ दो पर

### भारत में पहले भी कफ सिरप हुए हैं बैन

**नई दिल्ली।** यह पहली बार नहीं है जब भारतीय कंपनियों के बनाए कफ सिरप पर सवाल उठे हों। साल 2022 में भी पश्चिमी अफ्रीकी देश गांबिया में हरियाणा की मेडेन फॉर्मास्यूटिकल्स लिमिटेड द्वारा निर्मित कफ सिरप पीने से 66 बच्चों की मौत हुई थी। इस घटना के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत के बने कई कफ सिरप को लेकर अलर्ट जारी किया था। डब्ल्यूएचओ ने चार कफ सिरप प्रोमेथाजिन ओरल सॉल्यूशन, कोफेक्समालिन बेबी कफ सिरप, बेबी कफ सिरप, मैग्रीप एन. कोल्ड सिरप को खतरनाक बताया था। ये सभी सिरप भारत के हरियाणा के सोनीपत स्थित मेडेन फार्मास्यूटिकल्स द्वारा बनाए गए थे। डब्ल्यूएचओ ने स्पष्ट किया था कि इन सिरप में हानिकारक तत्व पाए गए हैं, जो बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। लगातार सामने आ रही घटनाओं से साफ है कि भारत को दवा निर्माण और उनकी गुणवत्ता पर और भी सख्ती से नजर रखने की जरूरत है।

### केजरीवाल का शीशमहल गेस्ट हाउस में तब्दील होगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राज्य के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के उस बंगले (सीएम हाउस) को स्टेट गेस्ट हाउस में बदलने की तैयारी में है। इसके रेनोवेशन के लिए केजरीवाल पर 45 करोड़ खर्च करने का आरोप लगाया गया था। ये बंगला 6, फ्लैग रोड पर मौजूद है। अधिकारियों के मुताबिक, बंगले के गेस्ट हाउस में तब्दील होने के बाद इसमें पार्किंग स्पेस, कैफेटेरिया, वेटिंग हॉल, मीटिंग रूम समेत अन्य सुविधाएं होगीं। अन्य गेस्ट हाउस की तरह ही अधिकारी-मंत्री भी यहां ठहर सकेंगे और किराया भी भरेंगे। इसके अलावा अन्य स्टेट हाउस की तरह यहां ट्रेडिशनल फूड मिलेगा, इसका लुत्फ आम जनता भी ले सकेगी। फिलहाल इस प्रोजेक्ट को अंतिम मंजूरी मिलनी बाकी है। बंगले की देखरेख के लिए 10 कर्मचारी तैनात हैं, जो साफ-सफाई और दूसरी व्यवस्थाएं संभालते हैं। अरविंद केजरीवाल साल 2015 से 2024 तक इस बंगले में परिवार समेत रहे थे। इसके रेनोवेशन पर हुए खर्च पर भाजपा ने सवाल खड़ा किया था।

## महाराष्ट्र में साइक्लोन शक्ति का अलर्ट, 65 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा

**समुद्र में ऊंची लहरें उठने की आशंका**

**मुंबई।** गुजरात के कच्छ में खाड़ी और उसके आसपास अरब सागर में बना कम दबाव का क्षेत्र अब चक्रवाती तूफान बन गया है। श्रीलंका ने इसे साइक्लोन शक्ति नाम दिया है।

महाराष्ट्र में 7 अक्टूबर तक साइक्लोन शक्ति को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इसका असर मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले में दिखेगा। यहां 45-55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। हवा की रफ्तार 65 किमी और इससे ज्यादा भी हो सकती है। 5 अक्टूबर तक महाराष्ट्र के तटों पर समुद्र में ऊंची लहरें उठने की आशंका है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि शक्ति अरब सागर में मानसून के बाद का पहला चक्रवाती तूफान है। यह साइक्लोन 6 अक्टूबर की सुबह पूर्व- उत्तर- पूर्व दिशा की ओर वापस मुड़ जाएगा।

# पत्नी की बेवफाई के चलते युवक चार बच्चों को लेकर यमुना में कूदा

शाह टाइम्स संवाददाता

**युवक ने घटना से पहले वीडियो बनाकर बहन को भेजा**

**कैराना।** कैराना में एक हृदय विदारक मामला सामने आया है। कस्बे के मोहल्ला अफगानान निवासी एक युवक के आत्महत्या के इरादे से अपने चार मासूम बच्चों के साथ यमुना नदी में कूदने की आशंका जताई जा रही है।

युवक ने घटना से पहले तीन अलग-अलग वीडियो बनाकर अपनी विवाहित बहन को भेजे हैं। वीडियो देखने के बाद ही परिजनों को घटना की जानकारी हुई। वहीं, प्राइवेट व पीएसी के गोताखोर युवक व बच्चों की तलाश में यमुना नदी में सर्च अभियान चलाए हुए हैं। शनिवार सुबह यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना ब्रिज पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों का कहना था कि कैराना कस्बे के मोहल्ला अफगानान निवासी युवक सलमान ने अपने चार मासूम बच्चों के साथ में यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना पर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज व नायब तहसीलदार सतीश यादव यमुना नदी पर पहुंचे तथा युवक व उसके बच्चों की तलाश में सर्च अभियान शुरू कराया। बाद में एएसपी संतोष कुमार सिंह ने -शेष पृष्ठ दो पर

# भारत छह नए एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम खरीदेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत, पाकिस्तान बॉर्डर से सटे इलाकों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने जा रहा है। इसके लिए आर्मी ने 6 नए एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम खरीदने के लिए सरकारी कंपनी एडवांस्ड वेपन एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) को टेंडर जारी किया है।

सेना के अधिकारियों के मुताबिक, इन गन सिस्टम की जरूरत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महसूस हुई, जब पाकिस्तान सेना ने जम्मू-कश्मीर और पंजाब में आबादी वाले इलाकों और धार्मिक स्थलों को निशाना

**एक मिनट में 3000 राउंड फायर करेगा सिस्टम, 4 किमी रेंज, पाकिस्तान बॉर्डर पर किया जाएगा तैनात**

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जरूरत हुई थी महसूस**



बनाया था। अब इनकी तैनाती से इन इलाकों में हवाई खतरों से बेहतर सुरक्षा मिलेगी। ये गन सिस्टम 'मिशन सुदर्शन चक्र' का हिस्सा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए अपने भाषण में सुदर्शन चक्र मिशन की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य 2035 तक एक स्वदेशी, मल्टी-लेयर सुरक्षा कवच तैयार करना है, जिसमें निगरानी, साइबर सुरक्षा और एयर डिफेंस सिस्टम शामिल होंगे। एके-630 सिस्टम ड्रोन, रॉकेट, आर्टिलरी और मोर्टार जैसे हवाई हमलों को रोकने में सक्षम होगा। एके-630 एक 30 मिमी मल्टी-बैरल मोबाइल गन सिस्टम है, जो प्रति -शेष पृष्ठ दो पर

### भारत रूस से और एस-400 डिफेंस सिस्टम खरीदेगा!

**नई दिल्ली।** भारत रूस से कुछ और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीद सकता है। ऐसे पांच सिस्टम की डील पहले ही हुई थी, जिनमें से 3 भारत को मिल चुके हैं। नई डील इनके अलावा होगी। एक न्यूज एजेंसी के सोर्स के मुताबिक, दिसम्बर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे के समय डील पर बातचीत हो सकती है। यह वही डिफेंस सिस्टम है, जिसने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की ओर से किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों को हवा में ही मारकर नाकाम किया था।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना • जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• आंखे पथराना • मुट्ठियां कसना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना • गर्दन टेढ़ी पड़ना
• मुंह से झाग निकलना • अचानक झटका-सा लगना
• मुंह एक तरफ हो जाना • घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### वैष्णो देवी यात्रा पांच अक्टूबर से स्थगित रहेगी

**जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की चेतावनी के मद्देनजर रविवार से स्थगित रहेगी। श्रीमाता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि भारतीय मौसम विभाग की खराब मौसम संबंधी चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा 5 से 7 अक्टूबर तक स्थगित रहेगी और 8 अक्टूबर को फिर से शुरू होगी। भक्त आधिकारिक चैनलों के माध्यम से नई जानकारी पा सकते हैं। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, जो श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं, ने भूस्खलन के कारणों की जांच के लिए एक उच्च-स्तरीय तीन-सदस्यीय समिति का गठन किया था।

### सौमित्र ने इंडियन ऑयल में निदेशक का पद संभाला

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल में हाल ही में निदेशक (विपणन) नियुक्त किए गए सौमित्र पी. श्रीवास्तव ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी में तीन दशक से अधिक का अनुभव रखने वाले श्रीवास्तव ने आईआईटी रुड़की से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक और एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, मुंबई से एक्जीक्यूटिव एमबीए किया है। अपने करियर के दौरान उन्होंने प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सेल्स फंक्शन के विभिन्न प्रमुख पदों पर पहुंचने से पहले उन्होंने एलपीजी व्यवसाय में भी चार साल तक काम किया है। श्रीवास्तव की नेतृत्व शैली सहयोगात्मक और परिणाम-उन्मुख है।

# फर्रुखाबाद के कोचिंग सेंटर में भीषण विस्फोट, दो की मौत, पांच छात्र गंभीर

**फर्रुखाबाद, वार्ता**

यूपी के फर्रुखाबाद के एक कोचिंग सेंटर में शनिवार को विस्फोट हो गया। इसमें 2 युवकों की मौत हो गई, जबकि 5 छात्र घायल हुए हैं। यहां लाइब्रेरी भी चलती थी। घायलों को तत्काल फर्रुखाबाद के लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

विस्फोट इतना भयानक था कि 1 किलोमीटर दूर तक इसकी आवाज सुनाई दी। शवों के चीथड़े उड़ गए। चारों तरफ खून ही खून फैल गया। कुछ छात्रों के शरीर के मांस के लोथड़े काफी दूर जाकर गिरे। ब्लॉस्ट में कोचिंग सेंटर के दरवाजे और बेंच टूट गए। बाहर की स्लैब और

**■ शवों के चीथड़े उड़े बाइकें 50 मीटर दूर गिरीं**

पक्की दीवारें 50 मीटर दूर जा गिरीं। बाहर लगी लोहे की जाली 150 मीटर दूर पानी के गड्ढे में जा गिरी। आसपास के कई मकानों के शीशे टूट गए। मौके पर बारूद जैसी गंध आ रही थी। कोचिंग सेंटर में छात्रों की खड़ी बाइक, स्कूटी और साइकिलें करीब 50 मीटर दूर तक जा गिरीं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां, फतेहगढ़ और कादरी गेट थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। घायलों का हाल जानने के लिए डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी और एसपी आरती सिंह लोहिया अस्पताल पहुंचे। सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल भी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम और बम स्क्वॉयड मौके पर पहुंच गया है। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें धमाका होता दिख रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल लाए गए 7 घायलों में से 2 युवक को मृत घोषित कर दिया गया। उसकी अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। सीएमओ के अनुसार एक गंभीर रूप से घायल युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। इसके अलावा दो बच्चों को भी बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है।

# बड़े भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य हो

## 100 वर्ग मीटर से बड़े सभी भवनों के लिए सीएम योगी ने जारी किए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भूजल के स्तर को बनाए रखने के लिए वर्षा जल का संचयन की आवश्यकता जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि सौ वर्ग मीटर क्षेत्रफल से बड़े सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम अनिवाए किया जाना चाहिए।

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में योगी ने कहा कि जल संकट आज हमारी सामूहिक चिता का विषय बन चुका है। चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप वर्षा जल को रोककर धीरे-धीरे उसे भूमि में समाहित होने देते हैं। यह केवल स्थानीय प्राथमिकता नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता है। चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप केवल पानी रोकने की व्यवस्था नहीं बल्कि समेकित जल



प्रबन्धन है, जो बड़े बांधों की तुलना में यह काफी किफायती है। उन्होंने निर्देशित किया कि 'एक पेड़ मां के नाम' की तर्ज पर जनांदोलन बनाते हुए चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश विभिन्न भागों स्थानीय/बरसाती नदी/ नालों में विभाग द्वारा अद्यतन 6,448 चेकडैमों का निर्माण किया जा चुका है। प्रत्एक चेकडैम से औसतन 20 हेक्टेयर अतिरिक्त सिचन क्षमता विकसित होती है। इस प्रकार निर्मित चेकडैमों से कुल 1,28,960 हेक्टेयर अतिरिक्त सिचन क्षमता सृजित हुई है और हर साल 10 हजार हेक्टेयर मीटर से अधिक भूजल रिचार्ज हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से अन्नदाता किसान वर्ष में दो से तीन फसल लेने में सक्षम हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन और ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग की दिशा में प्रदेश सरकार लगातार कदम उठा रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से अब तक 1,002 चेकडैमों की डी-सिल्टिग और मरम्मत कर उनकी क्षमता में वृद्धि की गई है। इसी तरह प्रदेश के 1 से 5 हेक्टेयर के 16,610 तालाबों में से 1,343 का पुनर्विकास और जीर्णोद्धार किया गया है, वहीं वर्ष 2017-2025 तक 6192 ब्लास्टकूप के माध्यम से 18576 हेक्टेयर सिचन क्षमता सृजित हुई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बरसात से पहले यानी 1 अप्रैल से 15 जून तक कुम्हारों को तालाब से मुफ्त मिट्टी निकालने की छूट दी जाए, ताकि तालाब रिचार्ज के लिए तैयार हो सकें।

## मौलाना के करीबी नफीस के बारात घर पर चला बुलडोजर

# बरेली में रजा पैलेस को तहस-नहस किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली हिंसा मामले में पुलिस-प्रशासन की मौलाना तौकीर रजा के गुर्गों और रिश्तेदारों पर कार्रवाई हो रही है। इसी के तहत शनिवार को मौलाना के गुर्गे नफीस के 'रजा पैलेस' नाम के बारात घर पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही। इससे पहले बीते मंगलवार को बीडीए (बरेली विकास प्राधिकरण) ने सपा पार्षद व तौकीर रजा के रिश्तेदार उमान रजा के गैराज को ध्वस्त कर दिया था। साथ ही उसकी दो नवनिर्मित दुकानें भी सील कर दी थीं।

शहर के जखीरा मोहल्ले में स्थित रजा पैलेस डा. नफीस का है। नफीस को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आरोप है कि यह मौलाना का सबसे



**■ पुलिस हिंसा में 83 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी**

करीबी है और हिंसा का मुख्य आरोपी है। इसी ने लोगों को भड़ाकाया था, जिसके बाद काफी संख्या में लोग जमा हो गए थे।

जब पुलिस 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर हटाने गई थी, तब नफीस ने एक इंस्पेक्टर से कहा था कि पुलिस के हाथ काट लूंगा, पोस्टर को हाथ भी मत लगाना। नफीस के साथ-साथ पुलिस ने उसके बेटे को भी जेल भेजा है। एक्शन को लेकर बरेली की डिप्टी एसपी सोनाली मिश्रा ने बताया कि यह अभियान बरेली जिला प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा है और हम सुरक्षा प्रदान करने के लिए यहां मौजूद हैं। पर्याप्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। अभी तक पुलिस हिंसा में 83 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मौलाना तौकीर रजा फतेहगढ़ सेंट्रल जेल में बंद है। एसपी अनुराग आर्य ने पत्रकारों को बताया था कि हिंसा वाले दिन मस्जिदों में नमाज का वक्त जानबूझकर बदला गया था।

### बरेली में सपा नेताओं के प्रवेश पर रोक नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद नजरबंद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बरेली के लिए निकलने से पहले शनिवार को समाजवादी पार्टी के नेताओं को नजरबंद कर लिया गया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने आरोप लगाया कि वो बरेली जा रहे थे, लेकिन जिलाधिकारी के आदेश पर उन्हें रोक दिया गया है। उनके घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की दलील है कि सपा नेताओं के जाने से माहौल खराब होगा, लेकिन सच्चाई ये है कि प्रशासन अपनी कमियों को छिपाने की कोशिश कर रहा है।

### अपनी नाकामी छिपाने का प्रयास कर रहा प्रशासन: माता प्रसाद पांडेय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को शनिवार को बरेली जाने से पहले ही लखनऊ में पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया है। इस बीच पांडेय ने प्रशासन पर अपनी नाकामी छिपाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाक़ात कर आगे की रणनीति तय करेंगे। पांडेय ने कहा कि मैं आज बरेली के लिए निकल रहा था उसी समय पुलिस ने मुझे रोककर हाउस अरेस्ट कर लिया। मुझे बताया गया कि बरेली में निषेधाज्ञा लागू है। आपके वहां जाने से माहौल बिगड़ सकता है।

# बरेली में माहौल बिगाड़ना चाहते हैं विपक्षी नेता: राठौर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ यूपी के राज्यमंत्री राठौर ने लगाया आरोप**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों के नेता बरेली में माहौल खराब करने की साजिश कर रहे है, मगर सरकार किसी को भी अमन चैन बिगाड़ने की अनुमति नहीं देगी। राठौर ने कहा कि बरेली में अब पूरी तरह अमन और चैन है।

पुलिस ने समय से कार्रवाई कर उपद्रव फैलाने की हर साजिश को विफल कर दिया, जो भी विपक्षी सांसद या नेता बरेली जाने की बात कर रहे हैं, वे सिर्फ माहौल खराब करने की साजिश के तहत ऐसा कर रहे हैं। सरकार किसी को भी बरेली का अमन चैन बिगाड़ने की इजाजत नहीं देगी। सपा के सांसद और नेता अब बरेली जाकर उन्हीं उपद्रवियों के लिए आंसू बहाने की तैयारी में हैं, जिन्होंने पुलिस और निर्दोष लोगों की जान लेने की कोशिश की। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि वे किसके लिए बरेली जा रहे हैं, उन लोगों के लिए जिन्होंने कानून तोड़ा, पत्थर फेंके और पुलिस पर हमला किया। किसी निर्दोष को नुकसान नहीं हुआ, केवल कानून तोड़ने वालों को जेल भेजा गया है। राठौर ने कहा कि विपक्षी दलों को लगा था कि बरेली आग में झुलसेगा और उन्हें राजनीतिक फायदा मिलेगा, लेकिन प्रशासन की सख्त कार्रवाई ने उनकी मंशा पर पानी फेर दिया। जो लोग दूसरों की लाशों पर राजनीतिक रोटियां सेंकते हैं, अब जनता उन्हें अच्छी तरह पहचान चुकी है। जो पहले संविधान की दुहाई देते थे, वही आज संविधान तोड़ने और हिसा फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार की नीति साफ है, कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और शांति भंग करने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70

सोना रु. 116000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 137467
प्रति किलो



# पीएम मित्र पार्क में अब तक मिले पांच हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ और हरदोई जिले में विकसित हो रहे पीएम मित्र पार्क में निवेश को लेकर उत्साह लगातार बढ़ रहा है। अब तक पांच हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार हैंडलूम एवं टेक्सटाइल विभाग की ओर से अब तक 95 औद्योगिक इकाइयों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किए जा चुके हैं। इनमें देश-विदेश की कई बड़ी कंपनियां शामिल हैं, जो उत्तर प्रदेश को टेक्सटाइल उद्योग का नया केंद्र बनाने की दिशा में काम करेंगी।

आदित्य बिरला ग्रुप ने 30 एकड़ भूमि में स्पिनिग और वीविग यूनिट स्थापित करने की इच्छा जताई है। वहीं जीईएसएल स्पिनर्स 20 एकड़ में



टेक्निकल टेक्सटाइल यार्न यूनिट लगाने की योजना बना रहा है। इसके अलावा अजूल डेनिमकार्ट 15 एकड़ में डेनिम फैब्रिक यूनिट, एसएवीएम इंक डी 25 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग, जियोसिस इंडिया 25 एकड़ में जियोग्रिड टेक्निकल टेक्सटाइल्स और टीटी लिमिटेड 5 एकड़ में गारमेंट यूनिट लगाने जा रही हैं। इतना ही नहीं, आरजीआई मेडिटेक 2.5 एकड़ में सैनिटरी नैपकिन्स और डायपर्स यूनिट, वीडी ग्रुप 10 एकड़ में पॉलीप्रोपिलीन फैब्रिक यूनिट, माराल ओवरसीज 5 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग और ओखला गारमेंट एंड टेक्सटाइल क्लस्टर 125 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिग हब स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना कुल 1000 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही है, जिसमें 730 एकड़ लखनऊ जनपद और 270 एकड़ हरदोई जनपद में शामिल हैं। पार्क के निर्माण के बाद 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक निवेश आकर्षित होने की संभावना है, जिससे एक लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। पार्क के संचालन एवं प्रबंधन के लिए 'पीएम मित्र पार्क उत्तर प्रदेश लिमिटेड' नाम से एक एसपीवी का गठन किया गया है। इसमें 51 प्रतिशत हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश सरकार की और 49 प्रतिशत भारत सरकार की होगी।

## आसमान छूती कीमतों से घटी सोने की मांग

**नई दिल्ली।** इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार इस दशहरे पर सोने की मांग में भारी गिरावट देखी गई और पिछले साल इसी त्योहार के दौरान 24 टन की तुलना में बिक्री 25 प्रतिशत घटकर 18 टन रह गई। यानी कहा जा सकता है कि इस दशहरा पर लोगों का मोह सोने से भंग हो गया। मांग में आई गिरावट की मुख्य वजह सोने की आसमान छूती कीमतें भी रहीं। इतना ही नहीं दिवाली के मौके पर इसकी कीमतों में और भी इजाफा हो सकता है। मार्केट एक्सपर्ट का कहना है कि यह तेजी अभी खत्म नहीं हुई है और दिवाली से पहले ही सोने की कीमत 1.22 लाख रुपये तक पहुंच सकती है। अगर दामों के हिसाब से देखा जाए तो गोल्ड की बिक्री में लगभग 30-35 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह कीमतों में हुए इजाफे को दर्शाती है। गुरुवार को मनाए गए दशहरे पर सोने की कीमत 1.16 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम थी। विश्लेषकों का अनुमान है कि दिवाली तक सोना 1,22,000 और चांदी 1,50,000 तक पहुंच जाएगी। केंद्रीय बैंक की नरम नीतियों, भू-राजनीतिक चिंताओं और बढ़ती मांग से इस तेजी को बल मिल रहा है।

# चावल-चीनी नरम, खाद्य तेल-दालों के दाम भी घटे, गेहूं में रहा टिकाव

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव टूट गए, जबकि गेहूं की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा। खाद्य तेलों और दालों के दाम फिसल गए। चीनी में भी नरमी रही।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 30 रुपए घटकर 3,811.35 रुपए प्रति क्विंटल हो गयी। गेहूं के भाव 2,865.60 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहे। आटे की कीमत सात रुपए बढ़ी और यह 3,318.28 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में नरमी रही। सरसों तेल की औसत कीमत 16 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। सूरजमुखी तेल 48 रुपए और मूंगफली तेल 343 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया



तेल की कीमत 20 रुपए और वनस्पति के दाम 49 रुपए प्रति क्विंटल टूटे। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 39 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। मूंग दाल की कीमत 41 रुपए और उड़द दाल की 29 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 122 रुपए और मसूर दाल 17 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़. चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 25 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी का भाव भी 18 रुपए प्रति क्विंटल घटा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7875.40 रुपए, मसूर काली 8131.11 रुपए, मूंग दाल 10069.16 रुपए, उड़द दाल 10371.83 रुपए, अरहर दाल 10419.85 रुपए प्रति क्विंटल।

अनाज : गेहूं दड़ा 2865.60 रुपए और चावल 3811.35 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4306.93 रुपए और गुड़ 4993.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17873.98 रुपए, मूंगफली तेल 17513.74 रुपए, सूरजमुखी तेल 15487.58 रुपए, सोया रिफाइंड 13746.94 रुपए, पाम ऑयल 12467.83 रुपए और वनस्पति 14453.45 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मप्र के....** को हुई थी। इसके बाद 15 दिन में किडनी फेल होने से एक-एक कर 6 बच्चों की मौत हो गई। एमपी स्टेट फूड एंड ड्रग कंट्रोलर दिनेश कुमार मौर्य ने शनिवार को बताया कि कोल्ड्रिफ सिरप में डायएथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया, इसकी मात्रा तय मात्रा से ज्यादा थी। इसी कारण यह सिरप विषैला पाया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत की खबरों के बाद छह राज्यों में कफ सिरप और एंटीबायोटिक दवाएं बनाने वाली 19 कंपनियों के प्लांट में 3 अक्टूबर से निरीक्षण शुरू किया है। इसका उद्देश्य उन खामियों की पहचान करना है जिनके कारण दवा की क्वालिटी में कमी आई है। राजस्थान में कप सिरप पीने से भरतपुर और सीकर में एक-एक मौतें सामने आई हैं। शुरुआती जांच में डीट्रोमेथार्फन हाइड्रोब्रोमाइड सिरप आईपी का नाम सामने आया। यह दवाई एक निजी फार्मा कंपनी केसंस फार्मा तैयार करती है। यहां भी बच्चों की मौत की वजह किडनी फेल होने की बात बताई गई। इसके बाद शनिवार को सरकार एक्शन में आई। राजस्थान सरकार ने केसंस फार्मा की सभी 19 प्रकार की दवाइयों पर रोक लगा दी है। राज्य के ड्रग कंट्रोलर राजाराम शर्मा को निलंबित कर दिया। इससे पहले, शर्मा ने कंपनी को जांच में क्लीन चिट दी थी। एमपी के ड्रग कंट्रोलर दिनेश मौर्या ने बताया था कि स्वास्थ्य विभाग ने दोनों कफ सिरप का प्रोडक्शन रुकवाने के लिए तमिलनाडु और हिमाचल को पत्र लिखा है। तमिलनाडु सरकार ने मप्र की ओर से पत्र मिलते ही 24 घंटे के भीतर कोल्ड्रिफ सिरप (बैच नंबर एसआर-13) का सैंपल लेकर जांच कराई। इसमें डाइएथिलीन ग्लाइकॉल(डीईजी) 48.6 फीसदी मिला, जो एक विषैला पदार्थ है। इसके तुरंत बाद पूरे तमिलनाडु में इसके उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को हेल्थ एडवाइजरी जारी करके कहा कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप न दी जाएं। सरकार ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप से 11 बच्चों की मौत की खबरों के बाद एडवाइजरी जारी की है। इससे बड़े बच्चों को यदि कफ सिरप दिया जाए, तो उनका इस्तेमाल सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए। यानी जिस बच्चे को दवा दी जा रही है, उसे कड़ी निगरानी में रखा जाए। उसे उचित खुराक दी जाए। कम से कम समय के लिए दवा दी जाए। कई दवाओं के साथ कफ सिरप नहीं दिया जाए। डीजीएचएस की डा. सुनीता शर्मा ने यह एडवाइजरी जारी की है।

**पत्नी की बेवफाई...** भी यमुना नदी पर पहुंचकर घटना की जानकारी हासिल की। शाम तक प्राइवेट व पीएसी के करीब दर्जनभर गोताखोर दो मोटरबोट से युवक व बच्चों की तलाश में यमुना नदी में सर्च अभियान चलाए हुए थे, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। वहीं, एएसपी ने बताया कि कैराना निवासी सलमान नामक युवक के अपने चार बच्चों के साथ में यमुना नदी में कूदने की सूचना पुलिस-प्रशासन को मिली है। हालांकि युवक के बच्चों समेत नदी के कूदने की अभी तक कोई पुष्टि नही हो सकी है। युवक की तलाश में यमुना नदी ने सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

**भारत छह...**

मिनट करीब 3,000 राउंड फायर कर सकता है और इसकी मारक क्षमता 4 किलोमीटर तक है। इसे एक ट्रेलर पर लगाया जाएगा,जिसे हाई-मोबिलिटी वाहन से खींचा जाएगा। यह सिस्टम ड्रोन, रॉकेट, आर्टिलरी और मोर्टार जैसे हवाई हमलों को रोकने में सक्षम होगा। इसमें ऑल-वेदर इलेक्ट्रो- ऑप्टिकल फायर कंट्रोल सिस्टम भी होगा, जो किसी भी मौसम में लक्ष्य की पहचान कर सकता है। भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ) के बनाए स्वदेशी इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम (आईएडी) का पहला टेस्ट कामयाब रहा था। यह टेस्ट 24 अगस्त को ओडिशा के तट पर किया गया था। आईएडी एक मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम है। ये दुश्मन के हवाई हमले नाकाम करेगा। इसमें सभी स्वदेशी क्विक एक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल, एडवांस्ड वैरी शार्ट एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइलें और हाई पावर लेजर बेस्ड डायरेक्टेड एनर्जी वेपन शामिल हैं। पंजाब के आदमपुर एयरबेस से 13 मई को पीएम मोदी ने जिस एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ की थी, वह भारत का आकाशतीर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसकी मदद से ही पाकिस्तान की ओर से आ रहे सैकड़ों ड्रोन, मिसाइल और राकेट को हवा में ही मार गिराया गया था। इसे भारत का आयरन डोम कहा गया है।

# चुनाव आयोग भाजपा की बी-टीम: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने मतदाता सूची पुनरीक्षण को बेवजह की कवायद बताते हुए कहा है कि चुनाव आयोग ने यह पूरा खेल भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर किया है और आरोप लगाया है कि इस अभियान का मकसद सिर्फ भाजपा और उसके सहयोगी दलों को चुनावी फायदा पहुंचाना है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) का पूरा खेल ही भाजपा के इशारे पर रचा है। अंतिम एसआईआर में निर्वाचन आयोग के सुधार के दावे भी गलत साबित हो रहे हैं। बिहार के सभी इलाकों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जो इस बात की पुष्टि करती हैं कि पूरी प्रक्रिया का मकसद भाजपा तथा उसके मित्र दलों को राजनीतिक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद अंतिम सूची में भी तमाम गड़बड़ियों के मामले बताते हैं कि चुनाव आयोग को उच्चतम न्यायालय के स्पष्ट आदेशों की भी कोई परवाह नहीं है। भाजपा की बी टीम के रूप में काम कर रहा चुनाव आयोग पूरी तरह से अनैतिक काम करने पर उतर चुका है। उन्होंने सवाल किया कि क्या मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इसका जवाब देंगे कि एक घर में 247 मतदाता कैसे पाए गए और एक व्यक्ति का नाम एक ही बूथ पर तीन-तीन जगह क्यों है। अंतिम मतदाता सूची में इतनी बड़ी गड़बड़ियां कैसे सामने आ रही हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें।

# हाईटेंशन लाइन का तार चोरी

## विद्युतापूर्ति बाधित होने से परेशानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** नगर में बीती रात अज्ञात चोरों ने नहर किनारे होकर झालू से रावणपुर तक जाने वाली विद्युत हाई टेंशन लाइन को निशाना बना डाला। चोरों ने करीब 1500 मीटर लंबा तार काटकर चोरी कर लिया, जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।



घटना की जानकारी मिलते ही विद्युत उपखंड अधिकारी अरविंद कुमार बिंद टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि तार चोरी की घटना को लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। विभाग द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चोरों ने नहर के किनारे करीब 500 मीटर दूरी में बिछी तीनों वायरों के तार चोरी कर लिए हैं। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं और किसानों से सहयोग और संयम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि विभाग जल्द ही लाइन को दुरुस्त कर बिजली आपूर्ति बहाल कर देगा।

### हाईटेंशन लाइन चोरी मामले में होगी कड़ी कार्रवाई: अजय कैम



**बिजनौर।** नहर किनारे लगी विद्युत हाईटेंशन लाइन के लगभग 500 मीटर तार चोरी होने के मामले में विभाग हरकत में आ गया है। इस संबंध में जब अधिशासी अभियंता अजय कुमार कैम से बातचीत की गई, तो उन्होंने बताया कि घटना का संज्ञान लेते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच पूर्ण होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जल्द ही नया ईस्टीमेट तैयार कराकर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू किया जाएगा।

# चोरी की घटनाओं को लेकर थाना प्रभारी एक्शन मोड में

## रात्रि गश्त बढ़ाई, होटल जल्दी बंद करने की चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** पांच दिन पूर्व चोरी को लेकर नवागत थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार एक्शन में आये। उन्होंने रात्रि में गश्त बढ़ाने के साथ-साथ कुछ स्थानों पर देर रात्रि तक चाय के होटलों पर बेवजह युवाओं की भीड़ को देखते हुए होटल जल्द बंद करने की चेतावनी दी है।

मालूम हो कि एक अक्टूबर की रात्रि को नगर के मौहल्ला हकीमान स्थित एक बंद पड़े मकान में लाखों रुपये की चोरी होने के बाद नवागत थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने नगर व आस-पास के क्षेत्र मे पुलिस गश्त बढ़ा दी है। उन्होंने मौहल्लों के चौराहों व चाय के होटलों पर बेवजह बैठे युवाओं द्वारा भीड़ इकट्ठा होने को देखते हुए होटल स्वामियों को समय पर होटल बंद करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि समय पर होटल बंद नहीं किये तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने रात्रि मे ड्यूटी पर लगे पुलिसकर्मियों को सख्त हिदायत दी है कि यदि कोई भी पुलिसकर्मी ड्यूटी पर लापरवाही करता पाया गया तो उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।



### थाना प्रभारी ने जनता से मांगा सहयोग

**शेरकोट।** नवागत थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने जनता से प्रशासन की मदद करने का सहयोग मांगते हुए कहा कि यदि किसी भी तरह का कोई मामला हो तो वह सीधा मुझसे आकर अपनी समस्या रख सकता है। कानून सभी के लिए बराबर है, किसी भी व्यक्ति के साथ कोई अन्याय नहीं होगा। यदि कोई कानून का पालन नहीं करता है या शांति भंग करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी है।

## आईटीआई में कौशल दीक्षांत समारोह



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** भारत सरकार के निर्देशानुसार आज राजकीय आईटीआई में प्रधानाचार्य मंजुल मयंक की अध्यक्षता एवं प्रधान सहायक राकेश शर्मा के संचालन में 'कौशल दीक्षांत समारोह' आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि बिजनौर सांसद प्रतिनिधि विजय सिंह चौहान द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि आज इस कार्यक्रम में चंदन सिंह चौहान को स्वयं उपस्थित होना था। किंतु वह नहीं आ पाए। उन्होंने सांसद का संदेश देते हुए बताया कि सभी छात्र-छात्राएं अपना प्रशिक्षण मेहनत से पूरा कर अपने कार्य में दक्ष हों। उन्हें उनके संस्थान में ही प्रतिष्ठित कंपनियों को बुलाकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ विजय सिंह चौहान द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया मुख्य अतिथि द्वारा वर्ष 2025 में आईटीआई में अपनी ट्रेड में टॉपर रहे चिरायु तोमर, प्रिंस कुमार, प्रमोद कुमार, हर्मेन्द्र कुमार, आयुष कुमार, अभिषेक कुमार, आदित्य कुमार, रोहित कुमार, पूजा, सुमित कुमार, मौहम्मद अदीब, पूनम सैनी, इशू कुमार, विकुल कुमार शर्मा, शगुन चौहान, प्रिया एवं प्रियंका को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2025 में आईटीआई कर चुके सौतम कुमार, आदित्य कुमार, गजेंद्र अक्षय, राधेश्याम, अविनाश कुमार, विशाल कुमार, निपेंद्र सैनी, रविकांत, तपस्या, सुधांशु कुमार, शिवम एवं तुषार शर्मा सहित सभी छात्र-छात्राओं को समेत नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान सहायक राकेश शर्मा, फोरमैन दीपक कुमार गुप्ता, प्रहलाद सिंह, परितोष चंदेल, सत्येंद्र कुमार, दिवाकर चौधरी, कमलवीर सिंह, सुशील कुमार, मनोज चौहान, योगेश कुमार, नीरज चौधरी, अनुज यादव, राहुल सिंह, आशीष कुमार सक्सेना, आशीष कुमार, प्रेम सिंह, संजीव चौधरी, वी के वर्मा, विजयपाल सिंह, अशोक कुमार, कुलदीप जख्मोला, नीरज कुमार शर्मा, प्रकाश सिंह, अबरार हुसैन, बृजेश कुमार खरवार, श्रवण कुमार गुप्ता, सुनील डडियाल, शशि भूषण शर्मा समेत समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रात: 9:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित हुए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समस्त छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा देखा गया।

# सपा का स्थापना दिवस मनाया

## संगठन को मजबूत करने का संकल्प

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि पार्टी के 33 वर्ष सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे की लड़ाई के प्रतीक हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का आह्वान किया।

शनिवार को जिला कार्यालय बिजनौर पर आयोजित मासिक बैठक में अध्यक्षता शेख जाकिर हुसैन ने तथा संचालन जिला महासचिव धनंजय सिंह यादव ने किया। इस अवसर पर पार्टी के 33वें स्थापना दिवस पर उपस्थित सभी नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बधाई दी गई। बैठक में नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद और नूरपुर विधायक राम अवतार सैनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी को कम से कम दस पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) कार्यक्रम आयोजित करने होंगे, जिनकी तस्वीरें और विवरण जिला कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। उन्होंने विधानसभा, नगर और प्रकोष्ठ अध्यक्षों को शीघ्र अपनी कमेटियां गठित कर जमा करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम पंचायत मतदाता सूची पंजीकरण एवं सत्यापन अभियान में सक्रिय भागीदारी पर भी जोर दिया। बैठक में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति तथा बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन में शिक्षकों के वोटर फॉर्म भरने की रणनीति पर भी विस्तृत चर्चा हुई।




हाजी तसलीम अहमद ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही सच्चे अर्थों में गरीब, किसान, मजदूर और नौजवानों की आवाज उठाने वाली पार्टी है। हमें नेताजी मुलायम सिंह यादव और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बताए रास्ते पर चलते हुए समाजवादी विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना है।

राम अवतार सैनी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को सम्मान दिया है। कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर जनता से जुड़ना होगा और अखिलेश यादव की नीतियों को बताना होगा। उन्होंने कहा कि आने वाला समय समाजवादियों का होगा। बैठक में संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से यशवीर सिंह पूर्व सांसद, पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन, जमील अंसारी, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल यादव, डॉ. रहमान, अमित चौहान, शिवकुमार गोस्वामी, दिनेश चौधरी, प्रभा चौधरी, शमशाद अंसारी, अखलाक पप्पू, मौहम्मद कस्सार, सतपाल सिंह, बी.के. कश्यप, मौहम्मद काशिफ खान, मास्टर लईक अहमद, कृपा रानी प्रजापति, रामचंद्र, मदन लाल सैनी, महमूद कस्सार, नसीम अहमद, अयूब अंसारी, कमलेश भुईयार, नवाब मंसूरी, शहजाद अंसारी, मेहताबुद्दीन, वीरेंद्र कुमार, सिकंदर, मनोज राजपूत, नईम मकरानी, राजेश गोयल, डॉ. नितिन यादव, नमन प्रधान, अमित कुमार, अफजल चौधरी, डॉ. योगेंद्र सिंह, पंकज अग्रवाल, नसीम राणा, मुदित त्यागी, हिलाल बेग, सलीम अहमद, नबील अहमद, नवनीत राणा, आलोक चौधरी, कसीम कुरैशी, संजय पाल, डॉ. योगेंद्र चौधरी, इकबाल कुरैशी, रूपराज चौहान, कैसर अली, देवानंद, डॉ. शाहिद जॉनी, डॉ. अकबर अली, मौहम्मद आबिद, ओम प्रकाश सिंह, गजेंद्र भंडारी, विमलेश चौधरी, शादाब हैदर, फुरकान एड., सुहेल इकबाल, हाजी मौहम्मद खादिम, जुल्फिकार कुरैशी, सरफराज सिद्दीकी, शाहनवाज खां, सुधीर कुमार, वसीक अहमद, शमशाद रशीद, अफजल उल हक, एम.आर. पाशा, अब्दुल वहाब, लाल सिंह कश्यप, जोगिंदर चौधरी, शुभाष विश्वकर्मा व अहमद खिजर खान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बुखार से बच्ची की मौत

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम आरंगपुर बसंता उर्फ कांठपुर में बुखार से पीड़ित एक वर्षीय बच्ची इकरा की मौत हो गई। शौकीन की बेटी इकरा करीब एक सप्ताह से बुखार से पीड़ित थी। बताया जाता है कि ग्राम में बुखार पैर पसार रहा है। करीब 30 लोग बुखार से पीड़ित है। चिकित्सकों के यहां जगह न मिलने पर ग्रामीण अपने घरों में ड्रिप लगवाकर अपना इलाज करा रहे है।

### व्यापारी नेता शाहिद सिद्दीकी सम्मानित

**नजीबाबाद।** विजयदशमी पर्व के शुभ अवसर पर किरतपुर के ग्राम शाहपुर सुक्खा में रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष नजीबाबाद शाहिद सिद्दीकी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक अरोड़ा, जिला महासचिव सुबोध सिंघल आदि मौजूद रहे।

### भूमाफियाओं की सीएम से शिकायत

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम हर्षवाड़ा निवासी रिजवान अहमद पुत्र रईस अहमद ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर उसकी भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा करने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि रिजवान, उसका छोटा भाई जीशान व उसकी माता वरीसा की एक जमीन है। इस जमीन का कुछ लोगों ने रास्ता बंद करते हुए जमीन खुद लेने की बात कही। उन्होंने इस संबंध में थाना दिवस व थाने पर शिकायती पत्र दिया। मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने उनकी जमीन तक जाने की व्यवस्था करने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की है।

### जनता बाल निकेतन में जयंती मनाई

**नजीबाबाद।** जनता बाल निकेतन जूनियर हाईस्कूल मौहल्ला जाब्तागंज में गांधी व शास्त्री जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। वक्ताओं ने कहा कि देश की आजादी में अपनी भूमिका निभाने वाले महात्मा गांधी महान नायक थे। लाल बहादुर शास्त्री देश के दूसरे प्रधानमंत्री थे। स्कूल के अध्यक्ष हाजी शमीम व ओनर आदिल अतहर ने झण्डा फहराया। हाजी शमीम ने बच्चों को गांधी व शास्त्री जयंती के बारे में जानकारी देने के साथ बच्चों से पढ़ाई पर ध्यान देने की बात कही। इस्लामी फण्ड के मैनेजर नफीस खान ने बच्चों को बताया कि हमें गांधी व शास्त्री जी के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने दोनों महान नेताओं की खूबियां बताई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या श्रीमती किश्वर जहां ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### रोशनपुर में मिशन शक्ति कार्यक्रम

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम रोशनपुर प्रताप में पुलिस द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 1930,1098, 112, 1076, एंबुलेंस नंबर 102, 108 एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि की जानकारी दी। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल चित्रा भास्कर, महिला कांस्टेबल कुसुम रानी, हेड का. नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### झालू पेट्रोल पम्प पर बोतलों में बिक्री



**झालू।** नगर के एक पेट्रोल पंप पर सुरक्षा मानकों और सरकारी दिशा-निर्देशों को दरकिनार कर खुलेआम बोतलों में पेट्रोल बेचा जा रहा है। जबकि नियमानुसार पेट्रोल की बिक्री केवल मानक टैंक या वाहन में ही की जा सकती है, बोतलों या खुले बर्तनों में पेट्रोल देना कानूनन प्रतिबंधित है। इस तरह की लापरवाही किसी भी समय आगजनी या गंभीर हादसे को जन्म दे सकती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पेट्रोल पंप पर लंबे समय से इस तरह का नियम उल्लंघन चल रहा है। शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद संबंधित विभागों की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे संचालकों के हौसले बुलंद हैं और वे बिना किसी भय के खुलेआम पेट्रोल बेच रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसी खतरनाक गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे जन-धन की भारी हानि संभव है। नगर वासियों ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता, तो वे इस लापरवाही के खिलाफ सड़क पर उतरने को विवश होंगे।

### महिलाओं को किया जागरूक



**रेहड़।** क्षेत्र के ग्राम अमान नगर उर्फ हर्रावाला में मिशन शक्ति फेज 05 के अंतर्गत सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार ने चौपाल आयोजित करके महिलाओं को सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया। ग्राम के पंचायत घर पर आयोजित चौपाल कार्यक्रम में मौजूद सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार ने महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान आदि कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए महिलाओं व बालिकाओं को उनकी सुरक्षा व सम्मान के प्रति जागरूक किया। सीओ आलोक कुमार ने महिलाओं, ग्रामीणों और बालिकाओं से अपील की कि छेड़छाड़, उत्पीड़न या किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में पीड़ित तुरंत पुलिस से संपर्क करें और बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत दर्ज कराएं। आपका नाम पता गोपनीय रखा जाएगा। यदि कोई अप्रिय घटना घटित होने की संभावना हो, तो सहायता के लिए तुरंत शासन से जारी हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना दें ताकि अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। इस दौरान महिला आरक्षी अनुष्का व पूजा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों के पंपलेट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मिशन शक्ति के सहसंयोजक उप निरीक्षक राघवेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान सरवन सिंह, महिला आरक्षी अनुष्का, पूजा सहित मिशन शक्ति की पूरी टीम मौजूद रहीं।

# गंगा एक्सप्रेस-वे को लेकर जनप्रतिनिधि मौन

## जनपद के विकास के मुद्दों पर नहीं उठाते आवाज


समीउल्लाह

**बिजनौर।** इसे जनपद के नागरिकों का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि विकास के मुद्दों को लेकर आवाज नहीं उठाते है। वर्तमान में जागरूक नागरिक गंगा एक्सप्रेस वे का मुद्दा सोशल मीडिया के माध्यम से उठा रहे है, मगर जनप्रतिनिधि रहस्यमय ढंग से मौन धारण किए हुए है। गंभीर बात तो यह है कि विपक्ष के नेता भी सरकार को जगाने का काम कर अपनी भूमिका ईमानदारी के साथ नहीं निभा पा रहे है।

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार के द्वारा गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण प्रस्तावित है। लेकिन इसका जो प्रारूप सामने आया था, उसमें बिजनौर जनपद को महरूम रखा गया है। इसका नाम तो गंगा एक्सप्रेस वे रखा गया है, लेकिन जनपद से गंगा नदी गुजरने के बावजूद इसको यहां से नहीं निकाला जा रहा है। जनपद बिजनौर धार्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण होने के बावजूद गंगा एक्सप्रेस वे भाजपा सरकार के द्वारा यहां से न निकाले जाने के कारण जागरूक नागरिकों को अखर रहा है। जागरूक नागरिकों एवं किसान नेताओं ने जब इसके लिए आवाज उठानी शुरू की, तो भाजपा सरकार की जबरदस्त किरकिरी होने के साथ इसकी आलोचना का दौर शुरू हो गया। सोशल मीडिया के माध्यम से इसे लेकर आवाज उठाई जाने लगी। आंदोलन करने का भी सुझाव दिया गया। इस बीच भाजपा सरकार की जनपद में खराब होती छवि को बचाने के लिए कुछ नेताओं ने यह भी दावा किया कि गंगा एक्सप्रेस वे बिजनौर जनपद से निकाले जाने का आश्वासन सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिया है। यह बात सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर चलाई जा रही मुहिम ठंडी पड़ गई। आवाज उठा रहे जागरूक नागरिकों ने अपने नेताओं को इसका क्षेय देना शुरू कर दिया। हालांकि इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई थी और गुब्बारे की हवा जल्दी ही निकल गई।

एक बार फिर गंगा एक्सप्रेस वे को जनपद से निकाले जाने की आवाज उठने लगी है। फिलहाल यह आवाज उस तरह से नहीं उठ रही है, जैसी उठनी चाहिए। जागरूक नागरिकों के द्वारा भाजपा के जनप्रतिनिधियों को जगाने का काम नहीं किया जा रहा है। जनपद में भाजपा के चार विधायक एवं सहयोगी संगठन राष्ट्रीय लोकदल का एक सांसद है। रालोद सांसद की अपनी सियासी मजबूरियां है। इसलिए वह इस मुद्दे पर खुलकर बिजनौर जनपदवासियों का साथ नहीं दे सकते है। वह प्रेस नोट जारी करने तक ही सीमित रहे है। मगर भाजपा के चारों विधायक मुखर होकर आवाज उठा सकते है। भाजपा सरकार उनकी मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर सकती है और जनपद को इसका फायदा पहुंचा सकती है। मगर जागरूक नागरिक भाजपा के इन जनप्रतिनिधियों एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं पर दबाव नहीं बना पा रहे है। जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल मुजफ्फरनगर जनपद के निवासी है। वह दौरे पर जनपद में कई बार आ चुके है। मगर जागरूक नागरिकों एवं किसाना नेताओं ने उन्हें जोरदार ढंग से अपनी मांग की गंभीरता का अहसास नहीं कराया है। सूत्र तो यहां तक बताते है कि मुजफ्फरनगर एवं मेरठ के नेता यह नहीं चाहते है कि गंगा एक्सप्रेस व बिजनौर जनपद से होकर गुजरे। उनका दबाव व दखल भाजपा सरकार पर ज्यादा है। उनके सामने जनपद के नेता बौने साबित हो रहे है।

इधर जनपद में सपा के भी चार विधायक है। नगीना के आजाद समाज पार्टी के है। यह एक ऐसा जनहित का मुद्दा था, जिसके माध्यम से विपक्ष के द्वारा भाजपा सरकार पर दबाव बनाकर उसे गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण के लिए मजबूर किया जा सकता था। सन् 2027 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। अगर विपक्ष के द्वारा इसे लेकर आंदोलन किया जाता, तो इसका फायदा उसे जरूर मिलता। लेकिन सपा के चारों विधायक एवं नगीना के आसपा सांसद भी मौन धारण किए हुए है। वह जनहित के इस प्रमुख मुद्दे को लेकर मुंह खौलने को भी तैयार नहीं है। जिसका फायदा मुजफ्फरनगर व मेरठ के नेता उठा रहे है। गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण को लेकर फिलहाल पक्ष व विपक्ष के द्वारा जिस तरह से मौन धारण किया गया है, उसे देख कर नहीं लगता है कि यह मांग आसानी के साथ पूरी हो पाएगी। वैसे भी जनपद में जो निर्माण कार्य चल रहे है, उनकी गति इतनी धीमी है कि इन्हें पूरा होने में बरसों लग जाएंगे। न तो देहरादून हाइवे का काम कई साल गुजर जाने के बावजूद पूरा हो पा रहा है और न ही मेरठ हाइवे का काम पूरा हुआ है। अभी तो गंगा नदी पर पुल का निर्माण भी नहीं हुआ है। मेरठ मार्ग की हालत इतनी ज्यादा खस्ता है कि एक घंटे की दूरी को पूरा करने में ज्यादा वक्त लग जाता है। खस्ता हाल मार्गों की वजह से हादसे भी हो रहे है। बैराज की हालत भी किसी से छिपी हुई नहीं है।




### न जाने कब मिलेगी रेलवे ट्रैक की सौगात

**बिजनौर।** मोदी सरकार विकास के नाम पर इतने लम्बे चौड़े दावें करती है कि उसकी असलियत देख कर कभी हंसी आती है और कभी जनपद की किस्मत पर पछतावा होता है। मोदी सरकार बिजनौर को हस्तिनापुर होते हुए मेरठ से रेल मार्ग से जोड़ने के प्रस्ताव पर पिछले कई साल से काम कर रही है। रेल मंत्री कहते है कि सर्वे चल रहा है। सर्वे की बात तो पिछले कई सालों से चल रही है। न जाने यह सर्वे आखिरकार कब पूरा होगा। लोकसभा में यह मांग कई बार उठ चुकी है। मगर इसे पूरा करने के लिए मोदी सरकार कतई गंभीर नहीं है। अगर सरकार गंभीर होती, तो न जाने यह मांग कब की पूरी हो गई होती और नए रेलवे ट्रैक पर ट्रेने दौड़ रही होती। महात्मा विदुर की धरती के साथ न जाने किस वजह से नाइंसाफी हो रही है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
को जनपद में प्रत्येक स्टेशन पर सहयोगी संवाददाताओं व विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक सम्पर्क करें।
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### ई-रिक्शा पलटने से चालक की मौत

**धामपुर।** थाना क्षेत्र के गुलमोहर रेस्टोरेंट के समीप शनिवार को ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान आसिफ (38 वर्ष) पुत्र शमशाद निवासी मझेडां सकरु, थाना नगीना के रूप में हुई है। आसिफ धामपुर से ई-रिक्शा चलाकर अपने ग्राम लौट रहा था। तभी गुलमोहर रेस्टोरेंट के पास वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने शव को बिना किसी कार्रवाई के अपने साथ ग्राम ले लिया। घटना से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है।

### दूसरी मंजिल से गिरकर बच्चे की मौत



**कासमपुर गढ़ी।** दूसरी मंजिल की छत पर गुब्बारा उड़ा रहे छह वर्षीय बालक की पैर फिसलने से गिर कर मृत्यु हो गई। जिससे घर में कोहराम मच गया। ग्राम मानियावाला निवासी अरहान पुत्र वकील अहमद उम्र छह वर्ष सर सैयद अहमद एकेडमी मानियावाला में यूकेजी का छात्र था । गत शाम लगभग चार बजे वह ग्राम मानियावाला में ही अपनी ननीहाल के मकान की दूसरी मंजिल की छत पर गुब्बारा उड़ा कर खेल रहा था कि अचानक पैर फिसलने से नीचे गिर कर वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे धामपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृत्यु की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया । वह दो बहनों का अकेला भाई था। आज सर सैयद अहमद एकेडमी में भी उसकी मृत्यु से गहरा शोक रहा और अवकाश घोषित कर दिया गया।

### झालू की टीम ने मायापुरी को हराया



**नांगल सोती।** ग्राम मायापुरी में बजरंग क्लब की ओर से आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट में झालू की टीम ने मायापुरी को हराया। कबड्डी टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच झालू और मायापुरी की टीम के बीच खेला गया। झालू की टीम ने मायापुरी को 25-20, 25-18 से हराकर मैच जीता। इससे पूर्व टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक हाजी तसलीम अहमद ने फीता काट कर किया। इस मौके पर कुलवीर सिंह, नीटू चौधरी, अनुज कुमार, शिवान्त, उज्जवल, रवि, विशाल, आशीष आदि मौजूद रहे।

### तकनीकी खराबी से रूकी ट्रेन



**हल्दौर।** नगर स्थित रेलवे स्टेशन पर शनिवार की सुबह लखनऊ-चंडीगढ़ इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन तकनीकी खराबी के कारण करीब ढाई घंटे तक प्लेटफार्म पर खड़ी रही। ट्रेन के वातानुकूलित थ्री एसी कोच (बी-2) के एक्सल में आई गड़बड़ी से यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और तकनीकी दल मौके पर पहुंच गया। विशेषज्ञ कर्मचारियों ने कोच की जांच कर मरम्मत कार्य शुरू किया। इस दौरान यात्रियों को असुविधा न हो, इसके लिए प्रभावित कोच के यात्रियों को अन्य बोगियों में स्थानांतरित किया गया। स्टेशन मास्टर भरत शर्मा ने बताया कि सुबह लगभग साढ़े आठ बजे निर्धारित समय पर लखनऊ से चंडीगढ़ जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची थी। इसी दौरान बी-2 कोच के एक्सल में तकनीकी समस्या आने पर ट्रेन को तत्काल रोकना पड़ा। तकनीकी मरम्मत पूरी होने और यात्रियों को सुरक्षित स्थानांतरित किए जाने के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया।

### मंडावर में वाहन चैकिंग अभियान



**मंडावर।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्ती बरतते हुए शनिवार को कस्बे में विशेष चैकिंग अभियान चलाया। थाना अध्यक्ष सुमित राठी के नेतृत्व में मिशन शक्ति प्रभारी महिला दरोगा प्रेरणा यादव ने कस्बे के प्रमुख चौराहों और सड़कों पर नाकाबंदी कराई। अभियान के दौरान पुलिस ने मॉडिफाई साइलेंसर लगी बुलेट बाइक को तत्काल सीज कर लिया, क्योंकि यह अवैध संशोधन के कारण पर्यावरण और शोर प्रदूषण नियमों का स्पष्ट उल्लंघन था। इसी तरह, एक स्प्लेंडर बाइक पर लगे मॉडिफाई साइलेंसर के चलते 11 हजार रुपये का चालान जारी किया गया। दरोगा प्रेरणा यादव ने बताया कि यह कार्रवाई मोटर वाहन अधिनियम के तहत की गई है, जिसमें अवैध संशोधन पर कड़ी सजा का प्रावधान है। पुलिस ने अन्य उल्लंघनों जैसे बिना हेलमेट चलाने, ओवरलोडिंग और ड्राइविंग लाइसेंस न दिखाने पर भी कई बाइकों के चालान काटे। अभियान में कई दर्जनों वाहनों को चैकिंग की गई और कई चालकों को मौके पर ही नसीहत दी गई। थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने कहा, यह अभियान नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से चलाया जाएगा। बाइक सवार युवाओं को चेतावनी दी जाती है कि अवैध मॉडिफिकेशन से बचें, वरना सीज और चालान की कार्रवाई होगी। पुलिस की इस सख्ती से कस्बे के बाइक सवारों में हड़कंप मच गया है। कई युवा अब अपनी बाइकों की जांच करा रहे हैं, जबकि सोशल मीडिया पर इस कार्रवाई की चर्चा जोरों पर है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की है, यह अभियान मंडावर में यातायात सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले दिनों में ऐसी कार्रवाईयां और तेज होंगी, ताकि सड़कें सुरक्षित रहें।

### महिला मंगल दलों को खेल किट वितरित

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में आज युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, जनपद बिजनौर द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत महिलाओं और किशोरियों के सशक्तिकरण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों द्वारा महिला मंगल दलों को खेल सामग्री (किट) वितरित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में महिला मंगल दल की सदस्याओं ने भी भाग लिया और मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।

# झोलाछाप के मेडिकल स्टोर पर छापा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर चला रहे एक झोलाछाप चिकित्सक की दुकान पर छापा मारकर ड्रग इंस्पेक्टर ने हजारों रुपयों की दवाई सील कर दी। ड्रग इंस्पेक्टर की इस कार्यवाही से अनाधिकृत रूप से मेडिकल स्टोर का संचालन कर रहे लोगों में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को ड्रग इंस्पेक्टर उमेश भारती ने नगर के मौहल्ला इमामबाड़ा में एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। दुकान स्वामी से जब ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोर के सम्बंधित लाइसेंस मांगा तो वह नहीं दिखा सका। ड्रग इंस्पेक्टर ने कार्यवाही करते हुए हजारों रुपये की दवाइयां सील कर विधिक कार्यवाही हेतु अपने साथ ले गए।

बताया जाता है कि आरोपी अनाधिकृत मेडिकल स्टोर के अलावा बिना किसी वैध डिग्री के मरीजों का भी उपचार कर रहा था। ड्रग इंस्पेक्टर उमेश भारती ने बताया कि अनाधिकृत मेडिकल स्टोर चलाने के सम्बंध में आरोपी के विरुद्ध विभागीय स्तर से मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। जबकि अनाधिकृत रूप से मरीजों का उपचार करने का सम्बंध सीएमओ स्तर का है।

#### नगर में बिना लाईसेंस के चल रहे मेडिकल स्टोर

**शेरकोट।** नगर व क्षेत्र मे कई अवैध रुप से मेडिकल स्टोर चल रहे है। यदि अधिकारी ईमानदारी के साथ जांच करे तो काफी मेडिकल स्टोर बिना लाईसेंस के चलते पकड़ मे आ सकते है। नगर में कई मेडिकल स्वामी हैं जो मेडिकल की आड़ में खुलेआम मरीजों का इलाज कर उनकी जान के साथ खिलवाड़ कर रहे है। ऐसा नहीं कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जानकारी न हो, लेकिन जानकारी होने के बावजूद भी अंजान बने रहना कई सवालिया निशान खड़े करता है।

## पीजीटी एवं प्रवक्ता की परीक्षा का आयोग द्वारा स्थगित करना खेदजनक: चंद्रहास



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ऑल टीचर्स एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक सेवा चयन बोर्ड द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षकों की पूर्ति के लिए वर्ष 2022 में प्रवक्ता एवं स्नातक वेतन क्रम का विज्ञापन जारी किया था, जिसकी परीक्षा करने के संदर्भ में आयोग द्वारा 11 व 12 अप्रैल 2025, 20 व 21 जून 2025, 18 व 19 जून 2025 एवं 15 व 16 अक्टूबर 2025 चार बार तिथि तय की गई, लेकिन प्रत्येक बार परीक्षा को निरस्त कर प्रदेश के बेरा. `जगार युवाओं के साथ के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का कार्य किया जा रहा है।

योग्य और अनुभवी उम्मीदवार, जो अच्छी नौकरी की तलाश में होते हैं, उन्हें इस देरी से निराशा होती है और उनके करियर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

आज विद्यालयों में अनेक शिक्षकों के पद खाली हैं, साथ ही छात्रों को शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट आएगी। इसका दुष्परिणाम यह होता है कि शिक्षण कार्य प्रभावित होता है, योग्य उम्मीदवारों को अवसर नहीं मिलते और शिक्षा व्यवस्था में अस्थिरता आती है।

## सड़क हादसे में होमगार्ड की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** बिजनौर-नहटौर हाईवे पर शुक्रवार की देर शाम हुए सड़क हादसे में पुलिस लाइन में तैनात एक होमगार्ड की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह ड्यूटी से घर लौट रहे थे। किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान मेरठ में उनकी मौत हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना नहटौर क्षेत्र के ग्राम हरपुर निवासी 50 वर्षीय गजराज सिंह पुत्र हरचरन सिंह बिजनौर पुलिस लाइन में होमगार्ड के पद पर तैनात थे। देर शाम वह अपनी बाइक से ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहे थे। जैसे ही वह कस्बा झालू स्थित नगर पंचायत कार्यालय के पास पहुंचे, तो किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायल गजराज सिंह को बिजनौर जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें मेरठ के एक निजी अस्पताल रैफर कर दिया। शनिवार की सुबह उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई गणेश सिंह ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्राम में शोक की लहर दौड़ गई।

### पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए

# ढाई करोड़ की धनराशि के साथ राहत सामग्री वाहन रवाना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज कलक्ट्रेट परिसर एवं नुमाइश ग्राउंड चौराहे से अफजलगढ़ क्षेत्र के स्वयंसेवकों द्वारा एकत्र पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए सहायता उपलब्ध कराने के लिए लगभग ढाई करोड़ रुपए की नकद धनराशि के साथ राहत सेवा सामग्री वाहनों को रवाना किया गया।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने कहा कि इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं पीड़ितों साथ हैं। प्राकृतिक आपदाएं हमारे नियंत्रण से बाहर होती हैं, लेकिन हमारा साथ और सहयोग हमेशा आपके लिए है। इस विपरीत परिस्थिति में भी हम सब साथ हैं। धैर्य और सामूहिक प्रयास से हम इस चुनौती का सामना करेंगे और पुन: समृद्धि की ओर बढ़ेंगे।

प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित लोगों की नि:स्वार्थ सहायता करना मानवीय मूल्यों को बलवती बनाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्य मानवीय संवेदना, मानवीय प्रेम व समानता, मानवीय करूणा, दया एवं सहयोग का प्रतिबिंब होती हैं, जो समाज के जीवित, संवेदनशील एवं मानवता के प्रति कर्तव्य परायणता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने राहत कार्यों के अंतर्गत स्थानीय समुदाय और सामाजिक संगठनों के सहयोग से जमा नकद लगभग 2.5 करोड़ रुपए की धनराशि तथा दवाइयों आदि पर आधारित राहत सामग्री भेजने के कार्य की सराहना की।

इस अवसर पर भाई धर्म सिंह वंशज, बाबा गुरप्रीत सिंह हस्तिनापुर, मलकीत सिंह अध्यक्ष अफजलगढ़, गन्ना समिति सुरेंद्र सिंह प्रधान सुखदेव सिंह, हरप्रीत सिंह, गुरमुख सिंह, बाबा गुरप्रीत सिंह, गुलजार सिंह, अजमेर सिंह, गुरविंदर सिंह पूर्व चेयरमैन, भजन सिंह, बलवंत कंबोज आदि उपस्थित थे।

# कृष्णा में अंतरमहाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज ऑफ लॉ में गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के तत्वाधान में अंतरमहाविद्यालय कबढी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न जिलों के 09 महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खेल अधिकारी बिजनौर राज. कुमार सिंह, विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक जयदीप शर्मा, कृष्णा कालेज संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कालेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान, साइंस कालेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, निदेशक योजना एवं विकास अधिकारी डा. एससी जैन द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

इस दौरान चेयरमैन मनोज कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हें प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रतिभा और दक्षता का आंकलन ऐसे ही शारीरिक खेलों द्वारा ही किया जाता है। प्रत्येक युवा के अंदर खेल का जज्बा होता है जिससे वे दिन रात मेहनत कर देश के लिए प्रतिनिधित्व करते हैं।

लॉ कालेज के प्राचार्य डा. परवेज अहमद ने कहा कि खेलों को अपनाकर हम खिलाड़ियों के अच्छे चरित्र और अनुशासन का निर्माण कर सकते हैं, अच्छा चरित्रवान खिलाड़ी एक अच्छे राष्ट्र और सभ्य समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता है।

कबड्डी प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालय के कुल आठ मैच हुए जिनका पहला सेमीफाइनल वर्धामान कालेज बिजनौर और मॉडल पब्लिक एजुकेशन कालेज चंदोसी के मध्य तथा दूसरा सेमीफाइनल कृष्णा कालेज बिजनौर और कृष्णा इंस्टीट्यूट बिजनौर के मध्य हुआ।

इस अंतरमहाविद्यालय के फाइनल में माडल पब्लिक एजुकेशन कालेज चंदोसी और कृष्णा इंस्टीट्यूट बिजनौर की टीम पहुंचीं। जिसमें से मॉडल पब्लिक एजुकेशन कालेज चंदोसी विजेता रही। विजेता और उपविजेता टीमों को अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत बिजनौर, विकास मिश्रा एवं कॉलेज प्रबंधक द्वारा ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आज के कार्यक्रम के क्रीड़ा सचिव विशाल विक्रम सिंह, क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार, डा. एम.ए. खान, डा. शालिनी शर्मा, डा. पायल राठी, डा. शोमा, सुनील कुमार, गोपाल स्वरूप, पूजा ठाकुर, दीपिका, मीनू कोठारी, मंदीप चिकारा, अरमान एवं समस्त शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नवनिर्वाचित सभासद प्रशांत गर्ग ने ली शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर पालिका परिषद वार्ड 16 के हुए उप चुनाव में विजयश्री प्राप्त प्रशांत कुमार गर्ग को आज नगर पालिका परिषद सभागार कक्ष में पद और गोपनियता की शपथ दिलाई गई।

नगर पालिका परिषद सभागार कक्ष में चेयरपर्सन श्रीमती जीनत परवीन ने शपथ दिलाई। इस मौके पर चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान, मौहम्मद आदिल, सभासदगणों में सभासद पति शेख रईस, सभासद शारिक हाशमी सहित कई अन्य सभासद एवं पालिका कर्मियों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

गौरतलब है कि वार्ड 16 मौहल्ला साहूवान/कायस्थान के सभासद रमेश चंद गर्ग के निधन के बाद वार्ड सभासद पद पर उपचुनाव हुआ था। जिसमें स्वर्गीय रमेश चंद के पुत्र प्रशांत कुमार गर्ग और जितेंद्र कुमार शर्मा उर्फ जीतू के बीच कांटे की टक्कर हुई थी। इस उप चुनाव में स्व. रमेश चंद्र गर्ग के पुत्र प्रशांत गर्ग को विजयीश्री प्राप्त हुई थी। आज उन्हें नगर पालिका परिषद सभागार कक्ष में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

## एक नजर

### युवक की पिटाई का वीडियो वायरल

**हीमपुर दीपा।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होते ही हड़कंप मच गया है। जहां युवक के साथ कुछ गुंडा प्रवृत्ति के लोग मारपीट कर रहे हैं। साथ ही पीटते हुए बाप कहलवाकर, पैर पकड़वाकर उसकी जान बख्श रहे है। वायरल वीडियो में पिटता युवक ग्राम सब्दलपुर, थाना हीमपुर दीपा का निवासी है, जो बीती 22 अगस्त को बिजनौर नुमाइश देखने गया था। बताया जाता है कि नुमाइश जाते समय युवक की गंज निवासी कुछ युवकों से कहासुनी हो गई थी। नुमाइश से लौटते समय कुछ लोगों ने उसे शाहपुर गंज चौकी के आसपास घेर लिया और उसे बाग में ले जाकर जमकर पीटा। साथी उससे पैर पकड़वाये गए। इतना ही नहीं स्वयं को बाप भी कहलवाया गया, तब कहीं जाकर युवक की जान बख्शी गई। उधर इतना प्रकरण होने के बाद युवक ने गंज चौकी प्रभारी, बिजनौर थाना प्रभारी सहित हीमपुर दीपा थाने को भी उक्त घटना से अवगत कराया, परंतु किसी ने भी पीड़ितों की एक नहीं सुनी और थाने से भगा दिया था। इसके बाद अब करीब डेढ़ महीने बाद दबंगों ने युवक की मारपीट कर बनाई गई वीडियो वायरल कर दी। जहां वीडियो वायरल होते ही शर्म के मारे युवक घर से कहीं भाग गया। वहीं पीड़ित परिजन न केवल युवक की तलाश कर रहे हैं, बल्कि पुलिस को भी आइना दिखा रहे हैं कि वह वास्तव में पीड़ित थे। उधर पीड़ित नौजवान के बुजुर्ग वालिद ने पुलिस पर दबंगों से हमसाज होने का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुलिस मोटा पैसा लेकर गंज निवासी दबंगों से हमसाज हो गई थी और उन्हें थाने से इसी कारण भगा दिया गया था।

### पालकी अमन में मिशन शक्ति कार्यक्रम



शेरकोट। ग्राम पालकी अमन में आयोजित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं को महिला हेल्प लाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना के साथ-साथ घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने और अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया । इसके अलावा, मोबाइल और सोशल मीडिया के माध्यम से परेशान करने और अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जानकारी भी दी गई। महिलाओं को साइबर अपराध संबंधी जानकारी भी दी गई । उन्हें साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक गौरव कुमार, हेड कांस्टेबल विजय पाल, महिला कांस्टेबल रीनू, महिला,कांस्टेबल अमृता ने महिलाओं को जागरूक किया। शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अन्तर्गत नवगत थाना अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में नगर के विभिन्न स्कूलों व ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं व महिलाओं को जानकारी दे रहे है। उन्होंने जब से चार्ज संभाला है, तब से मिशन शक्ति अभियान में चार चांद लगा दिए है। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार की हर जगह प्रशंसा हो रही है।

## सीओ देश दीपक ने सरस्वती विद्या मंदिर में चलाया मिशन शक्ति अभियान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चांदपुर।** क्षेत्र में पुलिस ने महिला सुरक्षा को लेकर एक विशेष अभियान चलाया।

क्षेत्राधिकार देश दीपक वर्मा के आदेश पर पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक करने का अभियान चलाया। यह अभियान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नूरपुर में चलाया गया। अभियान में छात्राओं को सुरक्षा संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

अभियान के दौरान महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सुरक्षा सेवाओं के बारे में बताया गया। इसमें 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 सीएम हेल्पलाइन, डायल 112, 102 महिला शिशु सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 फायर सेवा और 1930 साइबर हेल्पलाइन, जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं सम्मिलित की गई। इसके अतिरिक्त सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि, प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और नशा मुक्त भारत अभियान की भी जानकारी दी।

महिलाओं और सुरक्षाओं को साइबर अपराध, सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने के उपाय ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। इसमें साइबर धमकियां उत्पीड़न की स्थिति में शिकायत दर्ज करने और सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन व ऑनलाइन पोर्टल्स की जानकारी भी प्रदान की गई। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार की कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष वन स्टाफ केंद्र योजना और महिला शक्ति केंद्र योजना जैसी विभिन्न योजनाओं से भी अवगत कराया गया।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**
अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147
(2) यू.पी.म्यू. एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्रीमती रूबीना सैफी पत्नी श्री मौ. शौकीन मौहल्ला जाब्तागंज** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधि अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री संदीप सिंघल पुत्र श्री बाल किशन सिंघल** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये दानपत्र व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो, तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: जाब्तागंज नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**
अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147
(2) यू.पी.म्यू. एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्रीमती पूनम वर्मा पुत्री श्री बाबूराम मौहल्ला वाहिदनगर** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधि अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री बाबूराम पुत्र श्री घासीराम** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये दानपत्र व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो, तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 625 वाहिदनगर नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

**अधिशासी अधिकारी**

# 11.39 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

## विकसित भारत संकल्पना को साकार करने में पूरी निष्ठा से कार्य करें: अशोक राणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** खंड विकास कार्यालय परिसर में आयोजित क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों की संयुक्त विशाल आमसभा में भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें।

इस अवसर पर विधायक अशोक राणा ने 11 करोड़ 39 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। लोकार्पण में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख कार्यालय, आगंतुक कक्ष, बाल विकास परियोजना कार्यालय का जीर्णोद्धार, 33 पंचायत घर, 26 साम.ुदायिक शौचालय, 50 आरबीसी सेंटर और क्षेत्र के अन्य निर्माण कार्य शामिल रहे।



विधायक ने ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान के निर्देशन में किए गए विकास कार्यों की सराहना की और कहा कि उनके प्रयासों से यह ब्लॉक जिले में एक ऐतिहासिक और गौरवशाली उदाहरण बन गया है।

उन्होंने 11 अक्टूबर को अपने ग्राम ठाठजट में दीपावली मिलन समारोह आयोजित करने की भी घोषणा की। यह आयोजन इस माह इसलिए किया जा रहा है, ताकि शुगर मिलों के पेराई सत्र शुरू होने से पहले अधिक से अधिक लोग इसमें भाग ले सकें। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान, खंड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद, ब्लॉक प्रतिनिधि ठाकुर नीरज प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान संघ की ब्लॉक अध्यक्ष संध्या सिंह सिसोदिया, अन्य महिला प्रधान, अधिकारी और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सक्रिय भागीदारी की।

विधायक अशोक कुमार राणा को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की मूर्ति भेंट करके सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन ग्राम विकास अधिकारी हिमांशु चौहान ने किया।

## गंगा एक्सप्रेस-वे बिजनौर से ही निकालने की मांग

**चांदपुर।** सीनियर बार एसोसियेशन एक बैठक अध्यक्ष सतीशचंद्र त्यागी एडवोकेट की अध्यक्षता एवं महासचिव महेन्द्रपाल सिंह तोमर एडवोकेट के संचालन में आयोजित की गई। बैठक मे गंगा एक्सप्रेस-वे के जिला बिजनौर से होकर गुजरने को लेकर विचार किया गया। सभी अधिवक्ताओं ने इस विषय पर अपने अपने विचार व्यक्त किये तथा सभी ने इस सम्बंध में शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह के द्वारा किये जा रहे संघर्ष को अपना पूर्ण समर्थन देने का एलान करते हुए प्रदेश सरकार से गंगा एक्सप्रेस-वे को मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में की गयी घोषणा के अनुसार गंगा एक्सप्रेस-वे को बिजनौर के रास्ते बनाये जाने की मांग को दोहराया गया। बैठक मे सोमपाल सिंह आर्य एड., नीरज कुमार शर्मा एड., कमल सिंह एड., अवनीश कुमार एड., मौहम्मद आसिम एड. सहित समस्त अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### एक नजर

## चौपाल में महिलाओं को दी जानकारी



**नांगल सोती।** ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा में पुलिस ने गांव की महिलाओं के संग चौपाल लगाकर, मिशन शक्ति अभियान की जानकारी साझा की। इस दौरान सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश का नारा लगाते हुए महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के बारे में विस्तार से बताया। मिशन शक्ति प्रभारी दरोगा उपेंद्र सिंह महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट, महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र, मिशन शक्ति कक्ष, एंटी रोमियो स्क्वाड, महिला साइबर सेल के बारे में जानकारी साझा की। महिला आरक्षी पूनम शर्मा, ललिता सिंह और प्रवीण चौहान ने 1090, 1098, 1930 आदि हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग और उनके फायदे के बारे में महिलाओं और छात्राओं को विस्तार से बताया। इसके साथ सरकार द्वारा महिला उत्थान के लिए जा रही योजनाओं के लाभ बताए और चौपाल में महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक किया। इस दौरान गांव की काफी महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे।

## आशाओं व संगिनी को प्रशिक्षण



**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शनिवार को आशा और संगिनी कार्यकर्ताओं को दस्तक अभियान 11 से 31 अक्टूबर एवं विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 5 से 31 अक्टूबर का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता अधीक्षक डॉ बी.के स्नेही ने की। डा. स्नेही ने बताया कि अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर बुखार, टीबी, कुपोषित बच्चों, कालाजार और कुष्ठ रोगियों की सूची तैयार करेंगी तथा पोर्टल पर अपलोड करेंगी। इसके साथ ही घर-घर जाकर आभा आईडी बनाएंगी। उल्टी-दस्त से बचाव की जानकारी देंगी और ओआरएस व जिंक का वितरण करेंगी। उन्होंने कहा कि गांव और मौहल्लों में नियमित साफ-सफाई, कचरा निस्तारण फॉगिंग व एंटी-लार्वा छिड़काव कराया जाए। मौहल्ला निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार व अन्य वेक्टर जल जनित रोगों की रोकथाम पर जागरूकता फैलाई जाएगी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य मच्छर जनित वेक्टर जनित व जल जनित बीमारियों की रोकथाम करना है। उन्होंने लोगों से मच्छरदानी के उपयोग गमलों व बर्तनों का पानी खाली करने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नोडल अधिकारी राजेश कुमार, एनएमए शीशराम, बीपीएम शालिनी विश्नोई, बीसीपीएम राजेश कुमार, डीओ राशि, अनम सहित आशा व संगिनी मौजूद रहे।

## कलश यात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत



**नांगल सोती।** ग्राम महमसापुर में आयोजित भागवत कथा में श्री वृंदावन से आए महाराज पंडित ज्ञानेश तिवारी कथावाचक रहे। मुख्य यजमान ब्रह्मानंद शर्मा व सुशीला देवी रहे। इससे पूर्व गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शिव मंदिर से शुरू होकर कथा स्थल पर संपन्न हुई, जिसका श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भागवत कथा का शुभारंभ ग्राम प्रधान विवेक कुमार की उपस्थिति में किसान नेता चौधरी दिगंबर सिंह, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह ने किया। आयोजक संदीप शर्मा ने बताया कि भागवत कथा का आयोजन 10 अक्टूबर तक दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक किया जाएगा। 11 अक्टूबर को भंडारे का आयोजन होगा। कलश यात्रा में लोकेश देवी, आदेश देवी, अनीता देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, शिमला देवी, भगवती देवी आदि मौजूद रहे।

## राम-भरत मिलाप जुलूस निकाला



**बढ़ापुर।** श्रीबड़ा शिव मंदिर रामलीला कमेटी की ओर से राम-भारत मिलाप का जुलूस देर शाम श्री फकीर चंद आर्य इंटर कॉलेज से शुरू हुआ। जुलूस में एक रथ पर श्री राम-लक्ष्मण, सीता व बजरंगबली हनुमान और दूसरे रथ पर भरत-शत्रुघ्न, माताएं व गुरु वशिष्ठ विराजमान रहे। जुलूस सब्जी मंडी चौराहे पर पहुंचने पर राम-भारत मिलाप का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जुलूस में शामिल बजरंग बली अखाड़े में कलाकारों ने तरह तरह के कर्तब दिखाए। जुलूस देर शाम श्रीबड़ा शिव मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। वहां पर भगवान श्री रामचंद्र जी का राजतिलक कर आरती की गई और लवकुश कांड दिखाया गया। वहीं दूसरी ओर आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से चल रहे रामलीला मंचन में देर शाम राम-भारत मिलाप का मंचन कर श्री रामचंद्र जी का राजतिलक किया गया। इस दौरान ओमेंद्र गुप्ता, महेश प्रजापति, मुकेश कुमार आर्य, मिक्की गुप्ता, अंकित गुप्ता, अनुज गोयल, योगेंद्र प्रजापति, ओमप्रकाश प्रजापति, ब्रह्म गोयल, बंटी प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## वर्धमान में हर्षोल्लास से मनाई जयंती

**बिजनौर।** वर्धमान महाविद्यालय में गांधी जी व शास्त्री जी की जयंती को अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता के अमृत काल में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के अंतर्गत इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. प्रीति खन्ना द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। महाविद्यालय के होनहार छात्र तरूण सैनी एवं इल्म शरीफ ने राम धुन और मौलिक कविता द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रोफेसर एस.के. जोशी द्वारा गांधी जी के व्यक्तित्व और उनके दर्शन का विशद वर्णन किया गया। लेफ्टिनेंट प्रो. जे.के. विश्वकर्मा ने भारत देश की आत्मा तथा प्रत्येक भारतवासी के गौरव के प्रतीक भारतीय संविधान पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कला संकायाध्यक्ष प्रोफेसर एस.के. अग्रवाल ने गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन के संस्मरणों को बताया। अपने वक्तव्य में उन्होंने गांधी जी के विभिन्न सिंद्धांतों को बताया। विज्ञान संकाय अध्यक्ष प्रो. टी.एन.सूर्या ने अस्पृश्यता सिद्धांत की मूल अवधारणा तथा वर्तमान में इसके स्वरूप पर विचार प्रस्तुत किया। डा. मौहम्मद साबिर द्वारा स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाते हुए परिवार और समाज को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की दृष्टि से प्रत्येक युवा को आत्मय नियंत्रण रखने की प्रेरणा के उद्देश्य से तंबाकू मुक्त समाज एवं परिसर की शपथ दिलाई गई।

### एक नजर

## थानाध्यक्ष का रामलीला कमेटी ने किया स्वागत



**शेरकोट।** मौहल्ला समनासराय रामलीला मैदान में चल रहे रामलीला मंचन आयोजन में पहुंचे थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह को उनकी कर्मठता, जुझारूपन और कर्तव्यनिष्ठ कार्यशैली के लिए जाना जाता है। अपने पूर्व कार्यकाल में उन्होंने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ अपराध और असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की थी। जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनना और त्वरित समाधान करना उनकी कार्यप्रणाली की विशेषता रही है। इन्हीं गुणों के चलते नगरवासी भी उनके कार्यकाल से काफी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। रामलीला मैदान में पहुंचकर उन्होंने पुलिस बल के साथ सुरक्षा घेरा देखा। भीड़ को नियंत्रित करने की तैयारियों और अग्नि सुरक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पुलिस हर समय तत्पर रहेगी। गन्ना सोसाइटी के डायरेक्टर रणजीत सिंह दारा ने मंच पर पहुंचकर थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। सम्मान पाकर उन्होंने कहा कि रामलीला जैसे धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं और समाज को एकजुट करने का माध्यम भी। इन आयोजनों की सुरक्षा और सफलता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों और नगरवासियों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ सहयोग करेगा, ताकि श्रद्धालु शांति और सुरक्षा के बीच आयोजन का आनंद ले सकें।

## छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



**धामपुर।** मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत पुलिस ने छात्र-छात्राओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। आरएसएम इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों ने छात्रों और शिक्षकों को सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। एसडीएम स्मृति मिश्रा ने छात्रों को सोशल मीडिया पर सतर्क रहने का आह्वान करते हुए बताया कि मोबाइल के माध्यम से मिलने वाले अश्लील संदेश, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा और साइबर अपराध कई बार गंभीर परेशानियों का कारण बन सकते हैं। उन्होंने सभी को आवश्यक सावधानी बरतने और ऐसे मामलों में तुरंत पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी। कार्यक्रम में सीओ अभय पांडेय ने भरोसा दिलाया कि पुलिस हमेशा लोगों की सेवा में तत्पर है। महिला हेड कांस्टेबल ने छात्रों और उपस्थित महिलाओं को गुड टच-बेड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सुरक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझाया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला महिला कल्याण अधिकारी रविता राठी, थानाध्यक्ष राजेश चौहान, उपनिरीक्षक देवेंद्र राठी, चौकी इंचार्ज ब्रजकिशोर शर्मा, हेड कांस्टेबल धर्मराज सिंह, मांगेराम और महिला कांस्टेबल शिखा उपस्थित रहे।

# अखाड़ा शोभायात्रा में गूंजे जयकारे

## राम-भरत मिलन का दृश्य देख भावुक हुए लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बड़ी मंडी स्थित श्री रामलीला समिति की ओर से शुक्रवार देर शाम पारंपरिक भरत मिलाप अखाड़ा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में अखाड़ा प्रेमियों ने करतबों का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसे देखकर नगरवासी मंत्रमुग्ध हो गए।

चवन्नी वालों के चौराहे पर राम-भरत मिलन की लीला का मंचन हुआ। जब भरत ने राम की खड़ाऊं अपने सिर पर रखीं, तो उपस्थित



दर्शकों की आंखें छलक पड़ीं। भाइयों का त्याग और प्रेम देखकर हर कोई भावुक हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथियों में डॉ. एन.पी. सिंह, दिनेश चंद्र अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, मंडल महामंत्री नागेश्वर दयाल गहलोत, वरिष्ठ भाजपा नेता उदित जैन, सीओ अभय पांडे, कोतवाली प्रभारी राजेश चौहान, सभासद व कई गणमान्य शामिल रहे। समिति की ओर से अध्यक्ष अजय मित्तल, महामंत्री सुमित माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष नवनीत धनोरिया और अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत बैज और पटका पहनाकर किया। मंच पर राम-लक्ष्मण-भरत-शत्रुघ्न और सीता स्वरूपों का तिलक कर आरती उतारी गई।

अखाड़ा प्रेमियों ने गुरु विवेक कुमार कात्यायन और खलीफा मनोज अग्रवाल को पगड़ी पहनाकर परंपरा निभाई।

इस दौरान गणेश अखाड़ा के संत विजय कुमार जैन और गुरु अंकुश सिंघल ने भी सहभागिता की। जयकारा 'वीर बजरंगी', 'हर-हर महादेव'और 'जय श्रीराम' से पूरा वातावरण गूंज उठा। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत हुआ और निर्धारित मार्गों से होकर बड़ी मंडी में सम्पन्न हुई।

## भाकियू ने 20 अक्टूबर तक शुगर मिलें शुरू करने की रखी मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की मासिक पंचायत तहसील परिसर में हुई। पंचायत की अध्यक्षता में किसानों ने अपनी कई समस्याओं को विस्तार से रखा और समाधान की मांग करते हुए उपजिलाधिकारी धामपुर को ज्ञापन सौंपा।

पंचायत में सबसे प्रमुख मांग रही कि क्षेत्र की शुगर मिलें 20 अक्टूबर तक हर हाल में पेराई सत्र शुरू करें, ताकि किसानों को गन्ने की फसल लेकर भटकना न पड़े। साथ ही ग्राम शेखपुरा पीठ में ग्रामीण गुलदार की दहशत के साये में जी रहे हैं। किसानों ने कहा कि वन विभाग तत्काल पिंजरा लगवाकर गुलदार को पकड़ने की कार्रवाई करे। इसके अलावा तहसील धामपुर के सभी बिजली घरों की जर्जर लाइनों को बदलने, किसानों के अंश निर्धारण में हुई गड़बड़ी को सुधारने तथा धान क्रय केंद्रों को समय से और सुचारु ढंग से संचालित कराने की भी मांग की गई।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत सिंह राणा, तहसीलदार दर्शन सिंह फौजी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत, जिला सचिव लोकेन्द्र सिंह, तहसील महासचिव सुनील प्रधान समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## भाजपा की नीतियों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे अमित शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** भाजपा सरकार द्वारा समय-समय पर नगर एवं क्षेत्र की अहम जिम्मेदारियां बांटी जाती हैं, जिससे उन लोगों को चिन्हित किया जा सके जो पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं और समाजहित के लिए सक्रिय रहते हैं।

इसी क्रम में नगर में अमित शर्मा का नाम प्रमुखता से उभरकर सामने आ रहा है। अमित शर्मा न केवल भाजपा सरकार की योजनाओं और नीतियों को जनता तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि हर वर्ग के सम्मान और समाज में सौहार्द स्थापित करने में भी उनका योगदान सराहनीय माना जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच भी उनकी मेहनत और लगन की चर्चा रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अमित शर्मा ने समय-समय पर सामाजिक और राजनीतिक गति. विधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई है। नगर में भाजपा की मजबूती और संगठन विस्तार में भी वे लगातार अपनी अहम भूमिका अदा कर रहे हैं।



भाजपा कार्यकर्ताओं का मानना है कि पार्टी की छवि को मजबूत करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने में अमित शर्मा जैसे समर्पित कार्यकर्ता ही असली ताकत हैं। यही कारण है कि नगर में आज अमित शर्मा युवाओं के लिए प्रेरणा और भाजपा के लिए मजबूत स्तंभ बनकर उभर रहे हैं। जनता का कहना है कि अमित शर्मा हमेशा सीधे लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनते हैं और उनके समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। यही जमीनी जुड़ाव उन्हें आम कार्यकर्ता से अलग और खास बनाता है।

## सुलोचना सती लीला को देख दर्शक हुए भावुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** नांगल सोती क्षेत्र के ग्राम सोफतपुर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वाधान में आयोजित मंचन के कार्यक्रम में शुक्रवार की रात्रि कलाकारों ने सुलोचना सती का सुंदर मंचन और अहिरावण वध की लीला का भी मंचन किया। सभी लीलाओं का सुंदर मंचन डायरेक्टर अर्जुन सिंह के निर्देशन मे किया। कलाकारों में रावण का अभिनय अनुज कश्यप, कुंभकर्ण



का अभिनय कपिल, मेघनाथ का अभिनय मिथुन, विभीषण का अभिनय विकुल प्रजापति, राम का अभिनय मोहित, लक्ष्मण का अभिनय विपिन सैनी, सीता का अभिनय मांगे सिंह, सुलोचना का अभिनय ईश्वर सिंह, अंगद का अभिनय रवि शर्मा, हनुमान जी का अभिनय दिनेश कुमार ने किया। इस दौरान अरुण कुमार, कपिल राणा, वीरेन्द्र, अंकित देशवाल, महिपाल सिंह, मांगे, मोहित, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी जनसमस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम जसजीत कौर ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर कई शिकायतों का निराकरण किया। इस दौरान डीएम ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

संपूर्ण समाधान दिवस में तहसील क्षेत्र से कुल 153 फरियादी पहुंचे। इनमें से 7 शिकायतों का डीएम की अध्यक्षता में मौके पर ही निराकरण किया गया। सबसे अधिक 73 शिकायतें राजस्व विभाग से और 34 शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित थीं। डीएम ने लंबित शिकायतों पर भी अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि

### मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण

किसी भी स्तर पर शिकायत का लंबित रहना उचित नहीं है।

इस अवसर पर डीएम ने मिशन शक्ति के फेस 5.1 के तहत विरासत दर्ज कराने वाली दो महिलाओं को निःशुल्क खतौनी वितरित की। उन्होंने लापरवाह अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। कार्यक्रम में एसडीएम स्मृति मिश्रा, सीओ अभय पांडे, कोतवाल राजेश चौहान, तहस.ीलदार धनराज सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा निकाली

## आकर्षण का केंद्र रही सुंदर झांकियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आयोजित दो दिवसीय इस महोत्सव में पंचायती मंदिर में यज्ञ हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की। शोभायात्रा में कई झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

प्राप्त समाचार के अनुसार पंचायती मंदिर में अग्रवाल समाज के लोग एकत्रित हुए। वहां पूजा अर्चना करके अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही शोभायात्रा के लिए समाज के लोगों ने बोली के कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें रथ के अलावा अन्य बोली ली। इसके उपरांत शोभायात्रा प्रारंभ हुई शोभायात्रा में मां काली, 18 गोत्र वाली झांकी, खाटू श्याम की झांकी, वैष्णो देवी माता की झांकी, डांडिया, शिव शंकर पार्वती, महाराजा अग्रसेन जी का रथ, अघोरी की झांकी आदि झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। महाराजा अग्रसेन का रथ आकर्षण का केंद्र था। शोभायात्रा



का नगर में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया तथा बैंड बाजे धार्मिक गाने बजाते चल रहे थे। शोभायात्रा पंचायती मंदिर, होली चौक, सराय जोखा, धर्मशाला, होलियान, चौधरियान, आर्य समाज मंदि,र सब्जी मंडी, हलवाईयान, कालू की आढत, ऐंजसी चौराहा, थाना कोतवाली से होती हुई पूर्व माध्यमिक विद्यालय में जाकर संपन्न हुई।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, सुशांत गोयल, नवीन अग्रवाल, रमन अग्रवाल, सुधीर कुमार अग्रवाल, रामेंद्र अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सुधीर सिंघल, विवेक अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, आदेश अग्रवाल, बालेश अग्रवाल, अनुज गोयल, विनीत गोयल, पीयूष गोयल आदि समाज के लोग शोभायात्रा में शामिल रहे। स्कूल परिसर में रथ में सवार महाराज अग्रसेन की आरती की गई तथा शोभायात्रा में सबसे आगे घुड़सवार अगवानी करते चल रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाल धीरज नागर मय फोर्स के शामिल रहे। इस अवसर पर जगह जगह स्थानों पर अग्रसेन महाराज की आरती की गई।



सम्भल- दीपा सराय स्थित सपा सांसद जियाउर्रहमान को रोकते पुलिस कर्मी।

# सपा सांसद किए गए हाउस अरेस्ट

- सुबह तक सांसद के दीपा सराय स्थित निवास पर रहा पहरा
- सायं से ही शुरू कर दी गई थी निगरानी
- पुलिस की मौजूदगी से बरेली नहीं जा सके सांसद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बरेली हिंसा के तथ्यों की पता लगाने और पीड़ितों से मिलने के लिए सपा के प्रतिनिधि मंडल में शामिल सपा सांसद को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। देर सांय से घर के चारों ओर पुलिस को तैनात कर सुबह तक निगरानी की गई।

बरेली में हिंसा के बाद से हो रही गिरफ्तारियां और अन्य कार्यवाही पर समाजवादी पाटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर उनकों बरेली जाकर हिंसार के कारणों की जांच करना तथा पीड़ितों से मुलाकात कर रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष को सोंपी जानी थी। प्रतिनिधि मंडल में सम्भल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क भी शनिवार की सुबह(आज) जाना था। बरेली जाने की सूचना मिलते ही थाना नखासा और रायसत्ती थाने के अलावा अन्य थानों की पुलिस को सांसद के आवास के बाहर तैनात कर दिया गया। देर सांय से ही पुलिस ने उनके निवास के आसपास और बाहर की निगरानी शुरू कर दी थी। सुबह होते ही पुलिस को ओर बढ़ा दिया। मुख्य गेट के साथ अन्य रास्तों पर भी पुलिस का निगरानी बढ़ा दी गई अपने आवास से नीचे आते ही पुलिस कर्मी उनके आसपास मंडराने लगे। भारी पुलिस बल की मौजूदगी रहने से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क बरेली नहीं जा सके। मुख्य गेट के बाहर तो पुलिस कर्मियों की संख्या ओर भी बढ़ गयी थी।

### बनवास से अयोध्या पहुंचने पर भगवान राम का हुआ भव्य स्वागत

# 14 वर्ष बाद भगवान राम के लौटने पर मनी दिवाली

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** पहले युद्ध और फिर असत्य के प्रतीक रावण के वध का मंचन राम भक्तों एवं श्रद्धालुओं के लिए रोमांचकारी रहा तो दोनों भाईयों मर्यादा पुरूषोत्तम राम और उनके भ्राताश्री भरत का मिलन देखकर भाव-विभोर हो उठे।

मंगलवार की शाम नगर में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी भरत मिलाप यात्रा का आयोजन हुआ। यात्रा परम्परागत मार्गो से होते हुए राम भक्तों ने दोनों भाईयों के मिलाप के मंचन पर जमकर जय श्रीराम के नारे लगाए। भाईयों का मिलन देख मौजूद हर आंख से खुशी के आंसू छलक गए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने यात्रा में हर्षोल्लास के साथ भाग ही नही लिया बल्कि उनके थिरकते कदमों पर उनकी प्रसन्नता ब्यां कर रहे थे। यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के लिए जगह-जगह द्वार बनाए गए। विभिन्न स्थानों पर भगवान राम और उनके भ्राताश्री का फूल-मालाएं पहनाकर भारी स्वागत किया गया। यात्रा में महिला श्रद्धालुओं ने भी भारी संख्या में भाग लिया। जबकि बच्चे भी यात्रा की शोभा बढ़ाने में पीछे नही रहे। चाक-चौबंद व्यवस्था के लिए पुलिस-प्रशासन के आला अफसर कोतवाली में कैंप किए रहे। जबकि भारी संख्या में पुलिस-पीएसी के जवान शांति व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे। जुलूस देर शाम से शुरू होकर देर रात तक अपने गंतव्य तक पहुंचा। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनता के साथ ही दूर-दराज से आए ग्रामीणों ने भी मुख्य रूप से यात्रा में भाग लिया। अध्यक्ष अनंत अग्रवाल एड., प्रबंधक वैभव गुप्ता,, पिंकू त्यागी, अभिनंदन शर्मा, अनुराग गुप्ता, उमेश शर्मा, शोभित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मौहब्बत पर आईपीसी व बीएनएसएस की कौन सी धारा: सांसद जियाउर्रहमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बरेली जाने पर पुलिस की निगरानी पर सपा सांसद ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्रतिनिधि मंडल बरेली जाकर हिंसा के कारणों का पता लगाता, लेकिन पुलिस न जाने क्यों हिंसा की असलियत सामने नहीं आने देना चाहती है। उन्होने पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों और हाफ एनकाउंटर करने पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस अफसरों का कहना है कि उन पर पथराव किया और गालियां चलायीं गयी थीं, लेकिन अभी तक कोई भी ऐंसा वीडियो जारी नहीं किया गया हे जिससे यह साबित हो चुके कि पुलिस पर पथराव किया और गोलियां चलायीं। उन्होने कहा कि एक समुदाय को निशाने पर रखकर जिस तरह से कार्रवाई की जा रही है वह निंदनीय है। सपा का प्रतिनिधि मंडल इसीलिए बरेली जाकर पता लगाता लेकिन असलियत सामने आती इसलिए पुलिस ने उन्हे रोका। उन्होने आई लव मौहम्मद पर पूछे गए सवाल पर सवाल दागते हुए कहा कि मौहब्बत करने पर आईपीसी या बीएनएसएस की कौन सी धारा है उन्हे बताया जाये।



सम्भल। सपा सांसद के घर के बाहर जमा पुलिस कर्मी निगरानी करते।

# सोते पति का पत्नी ने ब्लेड से गुप्तांग काटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** पत्नी ने पति का सोते समय ब्लेड से गुप्तांग काट दिया। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सनसनीखेज घटना सम्भल के गुन्नौर क्षेत्र की है। दोनों को एक-दूसरे पर प्रेम संबंधों का शक है। युवक को गुन्नौर अस्पताल में लाया गया जहाँ से हायर सेंटर भेज दिया। जहाँ इलाज जारी है।

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव दौलतपुर में शुक्रवार रात पत्नी ने प्रेम संबंधों के शक में पति का सोते समय ब्लेड से गुप्तांग काट दिया। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में लहूलुहान हालत में युवक को इलाज के लिए गुन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद चिकित्सकों ने उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि मारपीट के बाद में पति सो गया, लेकिन इसी दौरान गुस्से में आग बबूला पत्नी ने ब्लेड से हमला कर उसके गुप्तांग को काट डाला। हमले के बाद युवक की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और लहूलुहान हालत में उसे अस्पताल ले गए। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामला पति-पत्नी के बीच विवाद का है। युवक को मेडिकल कालेज अलीगढ़ रेफर किया गया है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह सनसनीखेज घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। गांव में लोग घटना को लेकर हैरान हैं। पुलिस ने मामले में मिली जानकारी के अनुसार बताया कि गांव दौलतपुर निवासी राजू पुत्र महीपाल की शादी पांच माह पूर्व बदायूं जिले के थाना सहसवान के गांव मिर्जापुर निवासी युवती से हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों के बीच आपसी मतभेद की स्थिति बनी हुई थी। दोनों पति और पत्नी एक दूसरे पर प्रेम संबंधों के आरोप लगा रहे थे। शुक्रवार रात पति-पत्नी के बीच प्रेम संबंधों के शक में झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों में मारपीट भी हुई।

# अधिवक्ताओं पर दर्ज किए जा रहे फर्जी मुकदमों की निष्पक्षता से हो जांच

- गुन्नौर बाल वेल्फेयर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर के अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को सम्बोधित चार सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

शनिवार को उपजिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश वर्मा को सौंपे गए ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने शासनादेश अनुसार वर्तमान रियल खतौनी में प्रत्येक खाते के खातेदारों के अंशो का निर्धारण करते समय अधिकतम खातों पर अंश गलत दर्ज किये गये है। जिस कारण खातेदारों की अत्याधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जिस कारण विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इसलिये सही एवं शुद्ध स्थिति उत्पन्न हो रही है। इसलिये सही एंव शुद्ध अंशो का निर्धारण किया जाना आवश्यक है। प्रत्येक खातों का अंश सही कराया जाये। धारा 24 उ. प्र. रा. संहिता 2006 का वाद के न्यायालय में वाद दर्ज करने के उपरान्त पत्रावली क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक के पास कच्चे ठिये सीमांकन के लिये जाती है। जिसे क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक समय सीमा के अन्दर के न्यायालय में दाखिल नहीं करते। समय अवधि में पत्रावली न्यायालय में जमा करायी जावे। बंधक वाली नामान्तण पत्रावलियों में विक्रेता से शपथ पत्र लेकर अगर उसके पास शेष भूमि रह जाती है। तो ऐसी नामान्तरण पत्रावली की दाखिल खारिज करायी जाये। अधिवक्ताओं पर दर्ज किये जा रहे फर्जी मुकदमों को रोका जाये तथा दर्ज मुकदमों की निस्पक्षता के साथ जांच कराकर खत्म किया जाये। जिससे अधिवक्ता समाज में रोष व्याप्त है। उपरोक्त बिन्दुओं को आवश्यक के लिये कार्यवाही की निर्देशित करें। अन्यथा बार वैलफेयर गुन्नौर आन्दोलन के लिये वाध्य होगी जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।इस दौरान बार अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, महासचिव सुरेश यादव, चन्द्रभान सिंह, पुष्पेंद्र, राजीव,भगत सिंह, विशाल, अजय, घनेन्द्र आदि मौजूद रहे।



बबराला- उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सोंपते गुन्नौर बार वेल्फेयर के अधिवक्ता।

## पीएम ने विकसित भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारत के अमृत काल में प्रधानमंत्री ने विकसित भारत/2047 की परिकल्पना प्रस्तुत की। यह परिकल्पना केवल एक लक्ष्य नहीं बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र की सामूहिक यात्रा है।

## भगवान श्रीराम का हुआ राजतिलक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**बबराला।** नगर में रामलीला कमेटी ने राजगद्दी समारोह आयोजित किया। नगर के रामलीला मैदान में बने भव्य मंच पर मंत्रोच्चार, पुष्पवर्षा व जयकारों के बीच प्रभु श्रीराम को अयोध्या का राज सौंपते हुए भव्य सिंहासन पर आसीन किया। मौजूद भक्तों ने श्रीराम का तिलक व जय श्रीराम का गगनचुंबी जयकारा लगाकर पुष्पवर्षा करके खुशी व्यक्त की। वृंदावन से आए कलाकारों ने सुरीले भजन, फूलों की होली व नृत्य की प्रस्तुति करके माहौल को भक्तिमय बना दिया। सर्वप्रथम अरुण कांत वार्ष्णेय,ने मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्रीराम का पूजन करके आरती उतारी। अरुण कांत वार्ष्णेय ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का व्यक्तित्व हर व्यक्ति के लिए अनुकरणीय है। श्रीराम के दिखाए मार्ग पर चलकर ही सर्वसमाज का हित किया जा सकता है। रामलीला कमेटी ने फूलों की होली खेली जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो गए। इस दौरान सुधा गौतम, संगीता शर्मा, संजीव सोनी, प्रशान्त वार्ष्णेय, डिम्पल वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता, नितिन आइडिया, आकाश, अरविंद, मनकित, विवेक, सचिन यादव आदि रहे।

# शादी में डीजे बजाया तो नहीं पढ़ाएंगे निकाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र गांव धीमर खेड़ी में मस्जिद कमेटी के सदस्य व हाफिज इदरीस ने इस्लाम के नियम अनुसार शादी में डीजे ढोल ताशे बजने वाले लोगों को समझा कर कहा कि आपने अगर शादी में डीजे ढोल ताशे बजाए तो पूरी मस्जिद कमेटी के लोग उस व्यक्ति के यहां पर खाना खाने नहीं जाएंगे और मैं भी उस व्यद्रि का निकाह नहीं पढ़ाऊंगा। उन्होने कहा कि जिस शादी में डीजे ढोल ताशे का कोई प्रोग्राम तो वह उस शादी में निकाह नहीं पढ़ायेंगे। साथ ही कहा कि जो हाफिज भी उस शादी का निकाह पढ़ने आएगा तो उस्से इस्लाम के कानून के हिसाब से पूछा जाएगा कि क्या शादी मे डीजे ढोल ताशे बजना जायज है जो आप निकाह पढ़ा सकते हैं। इस्लामी कानून के हिसाब से लिखा दिखाएं। कोई भी शादी मे बारात आती है तो यहां पर डीजे ढोल ताशे का कोई भी प्रोग्राम नहीं किया जाएगा। अगर किया जाता है तो गांव के मस्जिद कमेटी के लोग वहां पर खाना खाने नहीं जाएंगे और नही मस्जिद के इमाम हाफिज इदरीस खाना खाने जाएंगे इस बात को लगभग 6 महीने से लोगों तक पहुंचा जा रहा था और गांव के लोगों ने इस पर अमल भी किया है।

## एक नज़र इधर भी

### काउंसलरों ने मिलाए पांच रूठे परिवार

**सम्भल।** पुलिस अधीक्षक के के बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग सेल प्रभारी डा रूकम पाल सिंह व उपनिरीक्षक महेश गंगवार की देखरेख में पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई। बैठक में पति-पत्नी के मध्य आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर काउंसलरों ने निस्तारित करने का प्रयास किया। बैठक में 121 मामलों में 10 का निस्तारण कर दिया गया जबकि 5 परिवारों को मिलाया गया। 5 मामले न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की सस्तुति की गई। इस अवसर पर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट, पूनम अरोरा, श्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा, सीमा आर्य, कां. शहजाद मलिक, रश्मि गहलोत, ज्योति आदि मौजूद रहे।



बबराला- सरस्वती कन्या उ. मा. विद्यालय में नाटक पेश करती छात्राएं।

### गुड टच और बैड टच को किया जागरूक

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबराला में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा,सम्मान,स्वाबलंबन के अभियान शमिशन शक्ति 5.0 हेतु प्रेरित करने और महिलाओं,बालिकाओं और समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से आज की गतिविधियां महिला सुरक्षाश और श्लैंगिक समानता पर आधारित नाटक एवं स्मार्ट क्लास के माध्यम से लघु फिल्म का प्रदर्शन कर छात्राओं को जागरूक किया गया। महिला सुरक्षा की जानकारी छात्राओं को कक्षाध्यापिकाओं ने गुड टच और बैड टच को स्मार्ट क्लास में लघु फिल्म के माध्यम से दिखाया। तत्पश्चात् शिक्षिका अंजलि और गरिमा ने छात्राओं के सम्मुख परिभाषित कर समझाया। समाज में लैंगिक समानता लाने और इस विचार का प्रसार करने के लिए छात्रएं नंदिनी, मोहिनी, ईशा और निशा ने मैं भी पढ़ूंगी-लिखूंगी नामक एक नाटक प्रस्तुत किया। नाटक को प्रस्तुत करने में शिक्षिका मीनाक्षी, पुष्पा ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। समस्त शिक्षिका और स्टाफ उपस्थित रहा।

### सशक्तिकरण पर प्रतियोगिता आयोजित

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** एम.जी.एम.(पी.जी.)कॉलेज, में एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।महिला सशक्तिकरण पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह जी ने कहा कि वे इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लें ताकि आपका मनोबल बढे और आप आगे भी इस तरह की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार रहें। उन्होंने छात्राओं से सजग रहने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वे मिशन शक्ति का उद्देश्य समझे। उनके सशक्तिकरण के लिए ही इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।कार्यक्रम की संयोजिका डा. प्रीति सिंह ने छात्र- छात्राओं के बनाए पोस्टर चेक किए और प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर कौन से छात्र छात्राओं के परिणाम घोषित किये। प्रतियोगिता में 19 छात्राओं व 01 छात्र ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान पर फारेहा अंजार, द्वितीय स्थान पर यश भारती तृतीय स्थान पर तपस्या व सांत्वना पुरस्कार पर आतिया जहरा रहीं। इसमें प्रो. डा. निरंकार सिंह व अन्य कालेज के शिक्षक उपस्थित रहे। डा. रीतू भटनागर ने संचालन किया।

# घायल महिला ने दम तोड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना नखासा क्षेत्रान्तर्गत बैंक से रुपए निकाल कर बाइक से घर लौट रहे पति पत्नी को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में पति पत्नी घायल हो गए थे। इनमें गम्भीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसका उपचार चल रहा था। शनिवार की सुबह लगभग 7 बजे उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव का पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

नखासा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ठिलूपुरा निवासी कमलेश (45) पत्नी कमल सिंह ग्राम खग्गुपुरा स्थित बैंक में खाते से 24 सितंबर की दोपहर दो बजे रुपए निकाल कर बाइक से अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वह सम्भल हसनपुर रोड बायपास तिराहे पर पहुंचे ही थे तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें में बाइक पर बैठे पति-पत्नी दोनों घायल हो गए। हादसे से वहां काफी भीड़ लग गयी थी। जबकि मौका पाकर बाइक चालक फरार हो गया था। घटना की सूचना घायलों के परिजनों को मिलते ही मौके पर पहुंच गए थे और उन्हे निजी वाहन से जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया था। हादसे में पति कमलसिंह को हल्की-हल्की गुम चोट आई। जबकि पत्नी गम्भीर रूप से घायल थी। जिसका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा था। शनिवार की सुबह लगभग 7 बजे कमलेश की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया जबकि सूचना मिलने पर पुलिस वहां आ गयी। उप निरीक्षक सोमपाल सिंह ने लाश को अपने कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक के पति ने तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

## कार की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। उसको एम्बुलेंस से गुन्नौर अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ उसकी मौत हो गयी। शनिवार को बबराला अनूपशहर मार्ग पर गांव भगतानगला के नजदीक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे बाइक लेकर खड़े बाइक सवार पप्पू पुत्र दुर्जन निवासी बसंतपुर डंडा थाना बबराला को टक्कर मार दी। हादसे में वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को 108 एंबुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। लेकिन चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र सचिन कुमार ने थाना बबराला में तहरीर में कहा है कि वह पिता पप्पू के साथ बाइक से लाहा लेने आया था। वापस गांव जा रहे थे। बाइक खड़ी करके उसको गुटखा लेने दुकान पर भेज दिया।

# समबद्ध और गुणवत्तापूर्ण करें शिकायतों का निस्तारण

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुना और उनके गुणवत्तापूर्क्क निस्तारण करने के निर्देश दिए।

तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायत कर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का समय से निस्तारण किया जाए ताकि शिकायतकर्ता बार बार शिकायत लेकर सरकारी कार्यालयों में ना आये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शिकायतकर्ता की शिकायत को गम्भीरता से सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण शीघ्र एवं निचले स्तर पर कर दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक भाटी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज विश्नोई,तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### पत्नी से विवाद में पति ने खाया जहरीला पदार्थ

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर के युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। शनिवार को सुमित निवासी बबराला की अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गयी। जिसके बाद उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लेकर आए जहां डक्टर ने उपचार देकर परिजनों के साथ घर भेज दिया।

### बदायूं सांसद आज करेंगे साइकिल यात्रा

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** समाजवादी पार्टी के बदायूँ लोकसभा क्षेत्र से सांसद आदित्य यादव आज 05 अक्टूबर 2025 को अपने संसदीय क्षेत्र बदायूँ के गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में प्रात: 10 बजे विधानसभा क्षेत्र गुन्नौर मे आयोजित पीडीए साइकिल यात्र जो बबराला चौराहे से पेंठ बाजार रजपुरा तक जायेगी उसमें मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात क्षेत्र का भ्रमण करेगें तथा आयोजित विभिन्न राजनैतिक व निजी कार्यक्रमों में सम्मिलित होगें।यह जानकारी उनके सचिव अनिल गोस्वामी ने दी है।

# बालिकाओं को किया जागरूक

- साइबर अपराध से बचने के दिए टिप्स

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कैलादेवी थाना क्षेत्र में लगातार मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। नवरात्रि कैला देवी हो रही रामलीला मंच से महिला उप निरीक्षक तथा कैलादेवी थाना प्रभारी द्वारा महिलाओं तथा बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत जागरूक किया गया तो वहीं शनिवार को सौंधन में लगने वाले मेले में महिलाओं तथा बालिकाओं को महिला उप निरीक्षक आंचल सिद्धू द्वारा जागरूक किया गया।

शुक्रवार रात्रि कैला देवी रामलीला मंच पर महिला उप निरीक्षक तथा मिशन शक्ति प्रभारी आंचल सिद्धू और थाना प्रभारी सौरभ त्यागी द्वारा रामलीला मैदान में उपस्थित महिलाओं तथा बालिकाओं को उनके प्रति हो रहे अपराधों से सजग कराया तथा उनका सामना करने के लिए प्रेरित किया तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस को सूचित करने के लिए प्रेरित किया। रामलीला मंच से विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके उपयोग के बारे में बताया गया। इसके अलावा शनिवार को सौंधन मैं लगने वाले मेले में महिलाओं तथा बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक आंचल सिद्धू ,महिला कांस्टेबल ममता और कांस्टेबल रजत द्वारा जानकारी देते हुए अपराधों के प्रति सचेत किया तथा साइबर अपराधा की जानकारी देते हुए उनसे बचने के उपाय बताए।

# बिना अनुमति संचालित आरओ प्लांट किए सील

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जींस और मेडिकल और अपंजीकृत चिकित्सालयों के बाद प्रशासन की नजर अवैध रूप से संचालित आरओ प्लांट पर पड़ गयी। नगर मजिस्ट्रेट ने छापमारी कर मानक के विपरत चलाये जा रहे आरओ प्लांट को सील करा दिया।

नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बरेली सराय साइं मंदिर के निकट स्थित इमरान पुत्र मौ. हुसैन के आरओ प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्लांट से 100 वाटर कूलर प्रतिदिन बेचे जाने की जानकारी मिली जबकि आरओ पलांट संचालित करने को सक्षम विभागों उद्योग, फूड, भूगर्भ जल, प्रदूषण आदि विभागों के कोई अनापत्ति अभिलेख नहीं मिले। नगर मजिस्ट्रेट ने अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने तक आरओ प्लांट को सीज करा दिया। जबकि मौहल्ला चमन सराय एजेंटी तिराहा के निकट शबाब अहमद व शमशुल पुत्रगण अहमद हुसैन उर्फ चॉद के आरओ प्लांट के निरीक्षण में भी उक्त प्लांट के संचालन को किसी सक्षम विभागों के अभिलेख नहीं मिले। नगर मजिस्ट्रेट ने उक्त प्लांट को भी बंद कराकर ीज करा दिया। जबकि बिजली कनैक्शन को भी प्रथक करा दिया गया।

# अदालत के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव में घर में घुसकर मारपीट करने तथा फायरिंग करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर 7 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना क्षेत्र के कमालपुर खानुपुरा गांव निवासी बालकिशन की गांव के ही जयवीर के साथ पारिवारिक कहा सुनी हो गई थी। बीते 7 सितंबर को बालकिशन अपने घर बैठा हुआ था तभी आरोप है कि जयवीर पुत्र खुशीराम, कपिल पुत्र जयवीर, यशवीर पुत्र खुशीराम, रिंकू पुत्र यशवीर,श्याम बाबू पुत्र ज्ञानी तथा सरवन पुत्र भवूती, महिपाल पुत्र जयपाल ने घर आकर लाठी डंडों तथा अवैध तमंचे के साथ मारपीट शुरू कर दी। बालकिशन की पत्नी अमरवती को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। जान से मारने की नीयत से आरोपी कपिल ने अवैध तमंचे से उसकी पत्नी पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। बालकिशन की जेब में रखे 2 हजार रुपए भी निकाल लिए। शोर मचाने पर सभी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। जहां पीड़ित कैला देवी थाने पहुंचा तो पुलिस ने मेडिकल के लिए भेज दिया। मेडिकल को अस्पताल जाते समय आरोपियों ने फिर रास्ते में कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी दी। कैला देवी थाना पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी तो आरोपी ने डाक द्वारा एसपी को शिकायती पत्र भेजा। उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई तो उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर उपरोक्त सातों आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# सेवा कार्य के क्रेडिट को लेकर संस्थाओं के पदाधिकारी आए आमने-सामने

## पंजाब की वृद्ध महिला के मामले को लेकर सामाजिक संस्थाओं ने सीएमएस से की मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद में आजकल सामाजिक संस्थाएं सेवा कार्य के क्रेडिट को लेकर आमने सामने आ गयी हैं। सामाजिक संस्थाओं ने मिलकर शहर की एक संस्था के पदाधिकारी पर क्रेडिट लेने का आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल पहुंचकर सीएमएस से मुलाकात कर इस मामले में जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। दरअसल जिला अस्पताल में एक वृद्ध महिला को भर्ती कराया गया था जो पंजाब से पिछले 6 महीने से लापता थी। महिला को श्रीजी फाउंडेशन के नीरज के द्वारा भर्ती कराया गया था, इसके बाद अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के पदाधिकारीयों ने महिला के परिजनों से वृद्ध महिला को मिलवाने का दावा किया गया था।जैसे ही यह खबर फैली तो शहर की सामाजिक संस्थाएं सड़क पर आ खड़ी हुई। आज म जिला अस्पताल पहुंचकर दर्जन भर से ज्यादा संस्थाओं के पदाधिकारी ने सीएमएस से मुलाकात की और आरोप लगाते हुए कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना के द्वारा जो दावा किया जा रहा है वह गलत है,इस मुद्दे को लेकर जिला अस्पताल में करीब 3 घंटे तक गहमा गहमी रही। उनका कहना था कि सेवा कार्य किसी ने किया और क्रेडिट कोई और ले गया, इससे दुख होता है इसलिए आज सभी संस्थाएं एकत्रित होकर जिला अस्पताल के स्टाफ और अधिकारियों से मिलने पहुंची।वहीं इस मामले पर जब सीएमएस संगीता गुप्ता से जानकारी ली गयी तो उनका कहना है कि नीरज के द्वारा महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, उस वक्त महिला की हालत गंभीर थी, लेकिन अस्पताल के डॉक्टर्स और स्टाफ ने मिलकर मेहनत की और महिला को 4 दिन के अंदर ही 50 प्रतिशत ठीक कर लिया था। जिसमे सामाजिक संस्थाओं और अस्पताल स्टाफ ने मिलकर महिला के परिजनों को ढूंढने का प्रयास किया, जिसमें कामयाबी मिली और अब उस महिला को उसके परिजन अपने साथ घर ले गए हैं। वहीं अब इस पूरे मामले पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना का कहना है कि सभी संस्थाएं सेवा कार्य करती हैं, मैंने भी सेवा का कार्य ही किया है। यदि कोई भी मेरे इस सेवा कार्य से आहत हुआ है तो मैं इसका क्रेडिट उन्ही को देता हूँ जिन्हें ये क्रेडिट चाहिये।



# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की मीटिंग में परिवारों का कराया समझौता



**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक संभल के.के. बिश्नोई के निर्देशन में पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की मीटिंग शनिवार को पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई। मीटिंग का संचालन सेल प्रभारी डॉ. रकमपाल सिंह और उपनिरीक्षक महेश गंगवार की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर काउंसलरों द्वारा पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों का सुलह समझौते के आधार पर समाधान करने का प्रयास किया गया। कुल 121 पत्रावली सुनवाई के लिए प्रस्तुत की गई, जिनमें से 10 का निस्तारण किया गया। वहीं, 5 परिवारों को मिलाया गया और 5 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने या आवे. दक की अनिच्छा के कारण बंद करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, विधिक परामर्शदाता लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट, पूनम अरा. रा, श्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा, सीमा आर्य, कांस्टेबल शहजाद मलिक, रश्मि गहला. त, ज्योति सहित अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। मीटिंग का उद्देश्य पारिवारिक विवादों को कानूनी मार्गदर्शन और सुलह समझौते के माध्यम से निपटाना था, ताकि परिवारों में शांति और सौहार्द बना रहे।

## एक नजर

# दियौरा खास में दो घरों में चोरी सोना-चांदी और नकदी ले उड़े चोर



**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव दियौरा खास में शुक्रवार की रात्रि चोरों ने रोहित पुत्र बुद्धि सिंह तथा राहुल पुत्र गुलफाम सिंह के दो घरों में चोरी करके सोने चांदी के जेबर सहित अस्सी हजार रुपए चोरी कर ले गए और परिजन सोते रहे। सूचना पर थाना पुलिस व क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह ने गांव पहुंच जानकारी ली। शुक्रवार की रात्रि राहुल पुत्र गुलफाम सिंह के घर में दीबार के सहारे छत के रास्ते से घुसकर चोरों ने कमरा खोल कर संदूक में रखे सोने के चार व चांदी का एक आभूषण एवं नौ हजार रुपए निकाल कर ले गए। रात्रि तीन बजे छत पर सो रहा राहुल को ठंड महसूस होने पर नीचे चादर लेने को आया तो कमरा व मैन गेट खुला देख हो होश उड़ गए और घर में सो रहे परि. जनों को उठाया। कमरे में सामान बिखरा पड़ा देख संदूक से जेबर व रुपए न देख चोरी होने का पता चलते ही पुलिस को सूचना दी। वहीं गांव में दूसरी ओर रोड़ किनारे रोहित पुत्र बुद्धि सिंह के घर भी चोरों ने छत के रास्ते घर में घुसकर आलमारी का लाक तोड़कर रखें सत्तर हजार रुपए तथा सोने का मंगलसूत्र और चांदी की पाजेब निकाल कर ले गए। चोरों के भागने पर आलमारी की आहट होने पर घर में सो रहे दम्पति वीनेश व रोहित की नींद खुल गई और शोर मचाया।

# अखिल भारतीय विश्नोई रेल कर्मचारी संघ के सम्मेलन में होंगे एसपी संभल मुख्य मेहमान



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** अखिल भारतीय बिश्नोई रेल कर्मचारी संघ के द्वारा 12 और 13 अक्टूबर को होने वाले तृतीय वार्षिक सम्मेलन में मुख्य मेहमान बनने के लिए एसपी संभल कृष्ण कुमार बिश्नोई को निमंत्रण दिया गया है।

उक्त जानकारी संघ के उपाध्यक्ष राहुल बिश्नोई ने दी उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में समाज के विधायक समाजसेवी एवं प्रशासनिक अधिकारी हिस्सा लेते हैं जिसमें संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई को भी निमंत्रण दिया गया है। सम्मेलन 12 अक्टूबर को राजस्थान के जम्बोलाब फलोदी में आयोजित होगा। जिसमें पहले दिन 9 से 12 पहला सत्र और द्वितीय सत्र 2.30 से 6:30 बजे तक चलेगा रात्रि को जागरण होगा इसी तरह 13 अक्टूबर को तृतीय सत्र 9 से 12 बजे और समापन सत्र ढाई से 6:30 बजे तक चलेगा उन्होंने संघ से जुड़े सभी लोगों से इस कार्यक्रम में उपलब्ध रहने का आवाह्न भी किया है।

# दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज में हुआ शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** शनिवार को ब्रह्मलीन स्वामी राजेंद्रानंद जी महाराज एवं स्वर्गीय दीपक बिश्नोई स्मृति में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कांठ में तहसील स्तरीय दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। वॉलीबॉल टूर्नामेंट के पहले दिन पहला मैच का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि सेंट पॉल इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक जितेंद्र बिश्नोई एवं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉक्टर अनुज चौधरी ( धनवंतरी अस्पताल) ने दीप प्रज्जवलन कर किया। टूर्नामेंट में नगर कांठ, रसूलपुर गुर्जर, अहमदपुर नीगू नगला, खलील. पुर, महमूदपुर माफी, अलीपुरा, पहाड़मऊ, संदलीपुर, भैंडीफरीदपुर, छजलेट, भीकनपुर, नवादा, सादकपुर खिचड़ी, रायपुर सहित क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट का पहला मैच पहाड़मऊ और अलीपुरा के बीच खेला गया। जितेंद्र विश्नोई ने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेल खेलना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।

खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना आवश्यक है। इस अवसर पर मोहल्ला पट्टीवाला कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# स्नेहलता स्कूल में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

**चन्दौसी।** रोटरी क्लब चन्दौसी रॉयल्स व पार्थ हॉस्पिटल द्वारा संयुक्त रुप से स्नेहलता स्कूल चन्दौसी में शनिवार को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शि. विर का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों की आंखों की जांच कर उन्हें दृष्टि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। शिविर का उद्घाटन पार्थ हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. वीरेश सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में नेत्र स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों में आंखों की समस्याएं समय रहते पहचान ली जाएं तो उन्हें आसानी से ठीक किया जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों को मोबाइल, टीवी और अन्य डिजिटल उपकरणों के अत्यधिक उपयोग से बचाएं। शिविर में विद्यालय के कुल 135 विद्यार्थियों की नेत्र जांच की गई। इस अवसर पर वंदना अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, रो. आदित्य वार्ष्णेय, पारस गुप्ता, भुवनेश वार्ष्णेय, सौरभ अग्रवाल, विनय अग्रवाल, आदित्य वार्ष्णेय, पारस गुप्ता, प्रियंका चौधरी, शिप्रा गेरा आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य रघुपति देव को किया गया सम्मानित



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह के अवसर पर शिक्षा एवं शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने हेतु चाणक्य आईएएस क्लासेस के चीफ मेंटॉर सेवानिवृत आईएएस दिलीप कुमार गुप्ता के द्वारा रघुपति देव प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट्ट, बिलारी को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# संचारी रोग अभियान के अन्तर्गत तहसील टॉस्क फोर्स समिति की हुई बैठक



**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता। )** संचारी रोग अभियान के अंतर्गत उप जिला अधिकारी बिलारी द्वारा तहसील टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की बैठक में समस्त विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं सभी विभागों को उप जिलाधिकारी बिलारी द्वारा 5 अक्टूबर से संचालित होने वाले संचारी रोग अभियान के अंतर्गत कार्य करने के निर्देश दिए समस्त नाले नालियों की साफ सफाई झाड़ियां की कटाई एवं जन जागरूकता अभियान का कार्यक्रम करने ग्राम प्रधानों खंड विकास अधिकारी शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग आईसीडीएस विभाग को निर्देशित किया कि सभी अपने-अपने माइक्रो प्लान के अनुसार संचारी रोग अभियान में आयोजित होने वाली गतिविधियों को आयोजित करेंगे तथा जन जागरूकता का कार्य भी करेंगे जिस पर सभी अधिकारियों द्वारा अपने-अपने माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य करने के माइक्रो प्लान को दर्शाया गये।

# पुरानी रंजिश के चलते दिव्यांग को पीटा, मामला दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने दिव्यांग के साथ मारपीट कर ली शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थाना छजलैट के गांव मलपुर खैया निवासी होराम पुत्र स्वरूप सिंह का कहना है कि वह दोनों पैर एवं एक हाथ से दिव्यांग है पहली अक्टूबर की रात को करीब 9:00 बजे वह अपने रिक्शे से गांव से घर को आ रहा था रास्ते में आनंदपाल जगत सिंह और लेखराज मिल गए जिन्होंने पुरानी बातों को लेकर गली-गलत करनी शुरू कर दी इसका विरोध किया तो तीनों ने मारना पीटना शुरू कर दिया शोर मचाने पर गांव वाले आ गए तब वह लोग जान से मारने की धमकी देकर चले गए। मारपीट में उसके सर व शरीर पर चोटे आई होराम की शिकायत पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मिशन शक्ति अभियान फेज ख 5.0 के अंतर्गत निवासी मोहल्ला ठाकुरान बिलारी में महिलाओं व बालिकाओं के साथ चौपाल लगाकर महिला पुलिस टीम द्वारा गोष्ठी की गई।

मिशन शक्ति केंद्र के थाना बिलारी पुलिस टीम उपनिरीक्षक छाया सिंह और महिला आरक्षी प्रीति द्वारा मिशन शक्ति अभियान द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गोष्ठी में दी गई जैसे-विधवा पेंशन योजना,वृध्दावस्था पेंशन योजना ,सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराते हुए एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे-वूमेन पावर लाइन- 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकालीन सेवा -112,स्वास्थ्य सेवा- 102,108,मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076, चाइल्ड लाइन 1098 साइबर क्राइम 1930, आदि के बारे में जागरूक किया गया तथा साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरण किए गये।



# भारतीय किसान यूनियन ने बिजली-नगर के पानी का उठाया डीएम के सामने मुद्दा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भारतीय किसान यूनियन के नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह का प्रतिनिधि मंडल आज तहसील कांठ में आए जिला अधिकारी से मिला और उन्होंने बिजली और टाउन के पानी निकासी का मुद्दा उठाया उन्होंने बताया कि बड़ी लाइन में खराबी आने के कारण बार-बार ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है जिसके कारण नगर वासियों को न ही बिजली मिलती है और ना ही ट्यूबेल का लाभ किसान उठा पाते हैं। उन्होंने एसडीओ से इस बारे में जानकारी ली तो बताया गया कि ट्रांसमिशन की समस्या के चलते यह दिक्कत बार-बार आती है क्योंकि कांठ बिजली घर को मिलने वाली सप्लाई की लाइन लंबी है और रास्ते में पेड़ों की भरमार है उन्होंने 132 के एक बिजली घर के निर्माण कराए जाने की बात कही जिस पर जिलाधिकारी ने प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। इसके अलावा भाकियू ने कांठ टाउन से निकलने वाले पानी की समस्या जिला अधिकारी के सामने रखी उन्होंने बताया कि नगर में तो नाला निर्माण है लेकिन उसके बाद सारा पानी खेतों में चला जाता है जिसकी वजह से किसानों की फसलों में भारी नुकसान होता है। उन्होंने इस समस्या का समाधान कराते हुए सुंदरी नदी तक नाला बनवाए जाने की मांग उठाई। जिलाधिकारी ने इस समस्या का भी समाधान कराने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह बिश्नोई हरदीप सिंह राम कलां सिंह सहित दर्जन भर भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आईं 55 शिकायतें, मौके पर आठ का हुआ निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में तहसील कांठ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न विभागों से संबंधित 55 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 08 का मौके पर निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी ने जन सुनवाई के दौरान सभी अधिकारियों को अपने विभाग से जुड़ी आमजन की शिकायतों के समाधान में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि जमीनी विवादों से जुड़े मामलों में राजस्व टीम मौके पर जाकर नियमानुसार विवाद का समाधान कराएं। जिलाधिकारी ने तहसील क्षेत्र के ग्राम खलीलपुर में नाले के विवाद से जुड़े प्रकरण में एसडीएम और पीडब्ल्यूडी की टीम को मौके पर पहुंचकर समाधान कराने के लिए निर्देशित किया। ग्राम पंचायतों में साफ सफाई को बेहतर तरीके से लागू कराने के लिए भी जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए, कहा कि पात्र लाभार्थी को योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करने में कोई लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर जिला अधिकारी के साथ-साथ जिला स्तर व तहसील स्तर के सभी अधिकारी मौजूद रहे।



# अमृत योजना के तहत चन्दौसी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प अधर में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्य एक साल बीतने के बाद भी अधर में लटका हुआ है। एक साल में प्रस्तावित कोई भी काम पूरा नहीं हो पाया है। कार्यदायी संस्था के पास पर्याप्त मजदूर न होने की वजह से समस्या बनी हुई है।

जिम्मेदार भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। शनिवार को अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल में नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के अगुवाई में स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से मंडल प्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने बताया कि चंदौसी रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत कायाकल्प हो रहा है। जिसमें संयुक्त प्रतीक्षालय, शौचालय, बैठने के लिए लॉज, फुट ओवरब्रिज, स्टेशन के फ्रंट का विकास व सौंदर्यीकरण, लिफ्ट व स्वचालित सीढ़ी, प्लेटफॉर्म का उच्चीकरण आदि शामिल है। करीब 18 करोड़ रुपये इस पूरे काम में खर्च होंगे। कार्यदायी संस्था ने नवंबर में स्टेशन का कायाकल्प शुरू किया। करीब एक साल हो चुका है, लेकिन कोई भी प्रस्तावित काम पूरा नहीं हो पाया है। मात्र स्टेशन पर 30 प्रतिशत ही कार्य पूरा हो पाया है। प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाना, स्वचालित सीढिय्यां, वेटिंग रूम, स्टेशन के फ्रंट और परिसर के सौंदर्यीकरण का काम अधर में लटका है। शुरुआत से ही कार्य को गति नहीं मिली। सालभर में कई बार काम बंद हुआ। कभी मजदूर तो कभी निर्माण सामग्री कार्य में बाधा बनी है। डीआरएम ने भी कई बार अपने निरीक्षण में जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। ठेकेदार को फटकार भी लगाई, लेकिन काम की स्थिति ऐसी बनी रही।

ऐसे में कायाकल्प के लिए की गई टूट फूट से यहां, एक ओर यात्रियों को परेशानी होती है। वहीं स्टेशन पर कार्यरत कर्मचारी और अधिकारी भी परेशान हैं। अधिकारी भी सिर्फ औपचारिकता पूरी कर चले जाते है जब तक कार्यकारी संस्था के खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं होती है तव तक कार्यकारी संस्था अपना कार्य में तेजी नहीं लाएगी। इस दौरान नवल सैनी, रितिक वार्ष्णेय, निशांत शर्मा, शाहआलम मंसूरी, विशेष कुमार, शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब ( आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान लघुवाद न्यायाधीश, जनपद मुरादाबदा।**
**नम्बर मुकदमा :-** 972 सन् 2023
**तारीख पेशी:** 18.10.2025
1. प्रदीप पाल पुत्र स्व. हरस्वरूप, 2. जर्जर हुसैन पुत्र शमशाद हुसैन निवासी गण कटघर उड़पुरा, मुरादाबाद-**मुद्दई**
**बनाम**
1. श्रीमती रमा सिंह पत्नी लक्ष्मीराज सिंह निवासी कटघर उड़पुरा, मुरादाबाद 2. रियाज हुसैन पुत्र इम्तियाज हुसैन, 3. मोहम्मद नवाब पुत्र मौ. हनीफ निवासी गण मौहल्ला मकबरा द्वितीय थाना कटघर, मुरादाबाद-**विपक्षीगण।**
हरगाह **वादीगण** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत पी.आई के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 18 माह 10 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 30 के माह 09 सन् 2025 को जारी किया है।
**प्रबंधक/वाद लिपिक**
**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश**
**जनपद-मुरादाबाद।**

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या:** 124 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 07.11.2025
कपिल सिंह आयु लगभग 33 वर्ष पुत्र वीरेन्द्र सिंह नि. मौहल्ला बरवालान शिव शक्ति मंदिर के पास, कटघर शहर व जिला मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
जुगेन्द्र उर्फ जुगेन्द्र सिह आयु लगभग 40 वर्ष पुत्र सुन्दर लाल निवासी मोहल्ला सिंहमन हजारी शिव शक्ति मंदिर के पास, मुरादाबाद हाल निवासी गोपाल धर्मशाला वाली गली निकट ज्यारत पीतल बस्ती, थान कटघर, तह. व जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादी।**
चूंकि उपर्रिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 07.11.2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 03.10. 2025 दिवस को निकाली गयी।
**मुन्सरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ) जनपद-मुरादाबाद।**

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) फार्स्ट ट्रैक कोर्ट, महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या:** 1231 सन् 2023
**तारीख पेशी:** 10.10.2025
**लक्ष्मी देवी बनाम भीमसैन**
श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी बब्लू आयु 35 वर्ष निवासी ग्राम सेहल पोस्ट भोजपुर तहसील व जिला मुरादाबाद- ..........**वादनी।**
**बनाम**
भीमसैन पुत्र श्री छिद्दा आयु 45 वर्ष निवासी दुर्गेश नगर डबल फाटक तह. व जिला मुरादाबाद, वर्तमान निवासी जयन्तीपुर डबल फाटक तह. व जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादी।**
चूंकि उपर्रिनामांकित वादनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि स्थाई निषेधाज्ञा हेतू अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 10.10. 2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 04.10. 2025 दिवस को निकाली गयी।
**प्रबन्धक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ) फार्स्ट ट्रैक कोर्ट जनपद-मुरादाबाद।**

# वन्यजीव संरक्षण के प्रति बच्चों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आज ठाकुरद्वारा रेंज के अंतर्गत ग्राम फैजुल्लागंज स्थित वेटलैंड में वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अविनाश पांडेय, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी मुरादाबाद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में वन्यजीवों के महत्व एवं उनके संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पिछले पचास वर्षों में मानव गतिविधियों के कारण वन्यजीवों की संख्या में भारी कमी आई है, जिसे रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के कोऑर्डिनेटर डा. मोहम्मद आलम ने अपने उद्बोधन में जलीय जीवों जैसे घड़ियाल, डॉलफिन और कछुओं के संरक्षण पर विशेष रूप से चर्चा की और इनके पारिस्थितिक महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता, बर्ड वॉचिंग, वेटलैंड हेल्थ असेसमेंट तथा विद्यार्थियों के बीच भाषण प्रतियोगिता जैसी कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामगंगा मित्र श्री नेपाल सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रवि कुमार गंगवार, क्षेत्रीय वनाधिकारी , अनिरुद्ध चौहान (प्रबंधक, सरोज अकैडमी ऑफ इंटेलिजेंस), शिवेंद्र गुप्ता, छाया देवी (ग्राम प्रधान, फैजुल्लागंज) सहित स्थानीय ग्रामीण, छात्र-छात्राएं एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। सरोज अकैडमी ऑफ इंटेलिजेंस से प्रथम पुरस्कार दृ कु. सुहानी, द्वितीय दृ सोफिया परवीन, तृतीय शगुन सिंह। शिव सेंट जोसेफ इंटरमीडिएट कॉलेज से प्रथम पुरस्कार , रितिका सिंह, द्वितीय सुप्रिया चौहान, तृतीय सिमरन माथुर। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों ने फैजुल्लागंज वेटलैंड का निरीक्षण कर इसके संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।



# संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शनिवार को तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी और क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सहित अन्य राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरू हुआ और फरियादी अपनी-अपनी समस्याओं के साथ पहुँचे। ग्राम धर्मपुर रत्ता की एक महिला ने अपने सगे देवर पर खेत की मेड़ काटने की शिकायत की। वहीं, ग्राम चाटन निवासी वीरेंद्र सिंह ने विरासत दर्ज कराने की फरियाद की। मोहल्ला मोती चन्दौसी निवासी वेदप्रकाश शर्मा ने अपील संख्या 5092468 का हवाला देते हुए जनसूचना अवलोकन का अनुरोध किया। उन्होंने राज्य सूचना आयुक्त, लखनऊ के आद.ेश दिनांक 25.09.2016 के अनुपालन में प्रतिवादी से पाँच हजार रुपये क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की मांग भी की। इसी प्रकार, शक्तिनगर निवासी विनय अग्रवाल और प्रशांत अग्रवाल ने महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब होने की शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा, वर्ष 2024 में आंगनवाड़ी कार्यकत्री के लिए आमंत्रित आवेदनों में अनियमितता की शिकायत भी सामने आई। फरियादी ने बताया कि उसकी पत्नी ने आवेदन किया था, किंतु ग्राम नेहटा निवासी नूर आसमा पत्नी नईम ने फर्जी तरीके से नियुक्ति प्राप्त कर ली, जिसकी जांच की मांग की गई। दोपहर दो बजे तक चले समाधान दिवस में कुल 55 शिकायतें दर्ज हुईं जिसमें राजस्व विभाग की 18, पुलिस विभाग की 10, चकबन्दी विभाग की 05, विकास विभाग की 04, खाद्य एवं रसद विभाग की 02, समाज कल्याण विभाग की 01 व अन्य विभाग की 15 शिकायत रहीं तथा 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम व सीओ के साथ तहसीलदार रवि सोनकर, कानूनगो सुशील कुमार, अतुल पाठक, गोपाल सिंह, दानवीर सिंह, अनिल भदौरिया, लेखपाल संजीव कुमार, थाना कुढ़फतेहगढ़ से एसआई, समाज कल्याण अधिकारी और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



# गांधी पार्क में बैठे शिक्षकों के कारण छात्रों की पढ़ाई हो रही बाधित

**■ स्थानांतरण के लिए सीएम योगी के पास पहुंच चुकी है फाइल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ऑफलाइन स्थानांतरण को लेकर शिक्षक लगातार गांधी पार्क में धरना दे रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि वे केवल स्थानांतरण सूची आने का इंतजार कर रहे हैं और सूची जारी होते ही खुशी-खुशी धरना स्थल से उठ जाएंगे। लगभग दस दिनों से यह आंदोलन जारी है। इस बीच कॉलेज प्रशासन ने शिक्षक शुभेन्द्र तिवारी को निलंबित भी कर दिया है। धरने पर बैठे शिक्षकों का कहना है कि ऑफलाइन स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी करने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। जिस कॉलेज में वे कार्यरत हैं और जिस कॉलेज में जाना चाहते हैं, दोनों से एनओसी प्राप्त करने के लिए काफी भागदौड़ करनी पड़ी। अब जबकि सारी औपचारिकताएँ पूरी हो चुकी हैं, फिर भी स्थानांतरण सूची जारी नहीं हो रही है। इस मामले में माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने बताया कि शिक्षकों की फाइलें मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुँच चुकी हैं और पूरा मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बहुत दयालु हैं और पहले ही आश्वासन दे चुके हैं कि बीच सत्र में एनओसी दोबारा लेने की जरूरत नहीं होगी। राज्यमंत्री ने शिक्षकों पर विपक्ष से प्रभावित होकर आंदोलन करने का आरोप भी लगाया।

उनका कहना था कि आश्वा.सन दिए जाने के बावजूद भी शिक्षक धरने पर बैठे हैं और नेतागर्दी कर रहे हैं। राज्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सूची जारी होने की कोई निश्चित तिथि तय नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों ओर से स्थानांतरण चाहने वाले शिक्षकों ने एनओसी तो ले ली है, लेकिन वे स्वयं जानते हैं कि वह किस प्रकार प्राप्त की गई। गुलाब देवी ने कहा कि शिक्षकों को बच्चों को पढ़ाने की बजाय बगैर अवकाश लिए गांधी पार्क में बैठना ठीक नहीं है। पूरा मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में है और आगे का निर्णय वही लेंगे।



# महिला सुरक्षा टीम ने करनावाला खालसा में गोष्ठी कर महिलाओं को किया जागरूक



**ठाकुरद्वारा।** महिला सुरक्षा टीम द्वारा शनिवार को ग्राम करनावाला खालसा में महिलाओं के साथ एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को साइबर क्राइम से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए महिलाएं किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही अपनी निजी जानकारी साझा करें। इसके अलावा गोष्ठी में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसेकृ वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, मातृ वंदना योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी दी गई। साथ ही आपातकालीन सेवाओं के हेल्पलाइन नंबरकृ 108 एम्बुलेंस, 112 पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वूमन पावर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा 1930 साइबर हेल्पलाइन के उपयोग की जानकारी भी साझा की गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं में पंपलेट वितरित किए गए और उन्हें बताया गया कि संकट की स्थिति में तुरंत इन हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें।

ग्रामीण महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूकता मिलती है। इस दौरान उपनिरीक्षक ललित कुमार ,महिला हेड कॉन्स्टेबल पूनम ,नीशू, कॉन्स्टेबल गौरव कुमार,अर्जुन मौर्य आदि मौजूद रहे।

# दो दिन के नवाचार प्रदर्शनी मेले में मंजू रानी ने किया प्रथम स्थान प्राप्त



**मूंढापांडे।** प्राचार्य बुद्ध प्रिय सिंह के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में तीन अक्टूबर से 4 अक्टूबर तक डायट मुरादाबाद में नवाचार एवं बेस्ट प्रैक्टिस मेले का आयोजन किया गया। मेले में प्रत्येक ब्लॉक से 10-10 शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। 2 दिन चले मेले में टीएलएम प्रदर्शनी व नवाचार का प्रस्तुतीकरण किया गया। नवाचार मेले में प्राथमिक स्तर, उच्च प्राथमिक स्तर व माध्यमिक स्तर के शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें मंजू रानी कंपोजिट विद्यालय मातीपुर उर्फ मैनी विकास क्षेत्र मूंढापांडे जनपद मुरादाबाद ने उच्चप्राथमिक स्तर में पूरे जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की आयोजिका डायट प्रवक्ता टीना वर्मा रही।

## सफाई कर्मचारियों का कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**भगतपुर।** विकास खण्ड भगतपुर टांडा में तैनात सभी सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर धर्मपुर में दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर विकास खण्ड में तैनात सभी सफाईकर्मीयो का शुगर,डेंगू, मलेरिया बी पी आदि का चौकअप कराया गया। इस दौरान जांच प्रभारी चिकित्साधिकारी डा अशरफ अली,मनोज कुमार सिंह सहायक विक.ासधिकारी पंचायत भगतपुर टांडा उपस्थित रहे।



# विश्वविद्यालय ने एसएम कॉलेज में परास्नातक के कई विषयों पर लगाई रोक

**चन्दौसी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** एस.एम. कॉलेज चन्दौसी में प्रबंधन तंत्र और आयोग से चयनित प्राचार्य प्रो. डॉ. दानवीर यादव के बीच विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। कॉलेज प्रबंधन द्वारा गंभीर आरोप लगाते हुए प्राचार्य, एक पुरुष एवं एक महिला प्रोफेसर के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है। वहीं, प्राचार्य के खिलाफ महिला संबंधी आरोपों का उल्लेख करते हुए कॉलेज के दोनों गेटों पर बोर्ड लगा दिया गया है। हालांकि अब तक न्यायालय द्वारा डॉ. दानवीर यादव को दोष सिद्ध नहीं किया गया है। इस विवाद के बीच कॉलेज में बीएड और विधि प्रवेश प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद द्वारा लगातार कॉलेज प्रबंध समिति से शिकायतों के समाधान हेतु पत्राचार किया जा रहा है। शुक्रवार को प्राचार्य द्वारा भेजे गए शिकायती पत्र को संज्ञान में लेते हुए विश्वविद्यालय ने पत्रांक ए-1/2025/1852, 03 अक्टूबर 2025 को आदेश जारी किया है। विश्वविद्यालय के अनुसार महाविद्यालय में संचालित स्ववित्तपोषित एवं अनुदानित पाठ्यक्रमों के भवनों का स्पष्ट विभाजन न होना, वित्तीय अनियमितताएँ और शिकायतों का निस्तारण न करना गंभीर मामला है। इससे पहले भी विश्वविद्यालय ने पत्रांक गु.ज.वि.वि/प्रशासन/ए-1/2025/1409, 27 जून 2025 के माध्यम से जांच समिति का गठन किया था। समिति की रिपोर्ट में कहा गया कि महाविद्यालय की जांच में कोई सहयोग नहीं किया गया और समिति को प्रवेश से रोका गया। लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों और सुनवाई के दौरान प्रबंधन सचिव की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. गिरीश कुमार द्विवेदी ने आदेश जारी किया है कि महाविद्यालय में संचालित परास्नातक स्तर के स्ववित्तपोषित विषयों जैसे एम.ए. समाजशास्त्र, एम.ए. अंग्रेजी, एम.एस.सी. जंतु विज्ञान, एम.एस.सी. वनस्पति विज्ञान और एम.एस.सी. भौतिक विज्ञान में छात्र-छात्राओं के प्रवेश को अस्थायी रूप से स्थगित किया जाए।

कुलपति ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जब तक महाविद्यालय विश्वविद्यालय की जांच समिति को सभी दस्तावेज, भूमि संबंधी अभिलेख और वित्तीय प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराता, तब तक प्रवेश प्रक्रिया पर रोक जारी रहेगी।

# कुन्दरकी में धूमधाम से हुआ रावण दहन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** कस्बे में विजयादशमी के अवसर पर बड़े ही उत्साह और परंपरागत तरीके से रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामवीर सिंह पहुंचे। उनके साथ उपजिलाधिकारी विनय सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। हजारों की संख्या में लोगों ने मैदान में पहुंचकर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों के दहन का नजारा देखा। आतिशबाजी और जय श्री राम के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा विधायक रामवीर सिंह ने इस अवसर पर लोगों विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है और हमें इससे प्रेरणा लेनी चाहिए कि समाज में अच्छाई और सत्य की हमेशा जीत होती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय प्रशासन, पुलिस बल और आयोजक समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह, क्षेत्राधिकार बिलारी एसडीम बिलारी इंस्पेक्टर सोनकपुर इंस्पेक्टर राजीव कुमार शर्मा चौकी इंचार्ज संजय त्यागी, अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार नफीसुल हसन फौजी अध्यक्ष पद प्रत्याशी हशमत राजाप्रवीन भूषण अध्यक्ष प्रेमपाल महामंत्री स्टेट प्रबंधक देव सिंह सैनी राजीव शर्मा रमन भूषण दिवेश भूषण पप्पू राजपूत प्रदीप वाल्मीकि अरुण अग्रवाल राजेश सागर अवनीश शर्मा मनोज सागर संजय दुबे बहोरन पाल सोनू शर्मा स्वराज सागर को शालू वर्मा कल शिवकुमार वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।







## राजगद्दी शोभायात्रा का व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के तत्वधान में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी के नेतृत्व में व्यापारियों ने बर्तन बाजार में भव्य पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, व्यापारियों ने सभी झांकियों का भव्य रूप से स्वागत किया। इस दौरान व्यापारियों ने कहा कि हम व्यापारी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राजगद्दी शोभा यात्रा का स्वागत कर रहे हैं और निरंतर जो भी यात्राएं निकलती है हम उन सभी का स्वागत करते हैं। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी, प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ,अक्षय अग्रवाल ,दिव्यांश अग्रवाल, सार्थक आहूजा ,राजेश शर्मा आदि व्यापारी शामिल रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 20 फरियादियों ने दर्ज कराई शिकायतें

**ठाकुरद्वारा।** सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें 20 फरियादियों ने पहुच कर के अपनी समस्याओं से अगवत कराते हुए निस्तारण की मांग की है। जिसमें मौके पर कोई भी शिकायत का निस्तारण नही किया गया।

शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में एसडीएम प्रीति सिंह की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। इसमें 20 फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं से अगवत कराते हुए समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की जिसमें मौके पर कोई भी शिकायत का निस्तारण नही किया गया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कोतवाली प्रभारी संजय पांचाल सिंह,अन्य विभाग्य अधिकारी मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर नगर में हर्षोल्लास के साथ निकाली गई विशाल शोभायात्रा

**ठाकुरद्वारा।** नगर में महाराजा अग्रसेन की जयंती के अवसर पर नगर के मुख्य मार्गों से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। नगर में वार्षिक परंपरा के अनुसार, इस वर्ष भी वार्ड नंबर 23 स्थित माता मंदिर से महाराज अग्रसेन की शोभा यात्रा आयोजन किया गया । जिसमें यात्रा का दीप प्रज्वलन कर यात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा बाजार गंज लाला हरी राम वाली गली से होते हुए बाजार गंज कुरैशियान चौराहा, शगुन चौराहा, बुधबाजार होते हुए कोतवाली के सामने जाकर अग्रवाल सभा में संपन्न हुई। यात्रा में राम-लक्ष्मण, महाराजा अग्रसेन, भगवान शंकर, भगवान कृष्ण एवं अन्य धार्मिक झांकियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा में सैकड़ों वैश्य समाज के श्रद्धालु, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए और पूरे नगर में उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के संरक्षक संजीव सिंघल, कमलेश कुमार, अनुराग सिंघल, माधव सिंघल, सुनील कुमार, हीरालाल अभिषेक अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, मोहित सिंघल, कुशाग्र सिंघल, आशीष अग्रवाल सहित कई समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**बेदखली सूचना**
हमने अपने तीनों पुत्र अंसार हुसैन, अबरार हुसैन, इसरार हुसैन व तीनो के वारिसेन को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
**खैराती पुत्र जुम्मा व श्रीमती फरीदा पत्नी खैराती निवासीगण निकट बस स्टैंड गांधी मूर्ति चौराहा बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**
मैने अपने पुत्र अमित व पुत्रवधू श्रीमती पम्मी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। आज के बाद अमित व पम्मी के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। मेरा व मेरे पुत्र रोहित व पुत्री कुमारी रश्मि, कुमारी खुशबू, कुमारी सोनिया एवं पत्नी दुलारी देवी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सत्यपाल पुत्र धन सिंह निवासी ग्राम सिरसखेड़ा थाना मूंढापांडे जिला मुरादाबाद।
मोबाईल नम्बर- 9520630937

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुकर-झुण्डी**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**
पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 04.10.2025
**अल्पकालीन निविदा सूचना**
ग्राम पंचायत कुकर-झुण्डी विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता दिनांक: 15.10.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 15.10.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अम्बेडकर पार्क में सीसी टाईल्स कार्य। | सीमेंट, रेता, बजरफुट, रोड़ा, ईंट, टाईल्स आदि। | 15x12 | 173744/- | 500 | 2% | 2 माह |
| 2 | नन्दराम के घर से राजवीर के घर तक नाली टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 45 मी0 | 252442/- | 500 | 2% | 2 माह |
| 3 | राजवीर के घर से हरकिशन के घर तक नाली टाईल्स नि. कार्य। | ,, | 80 मी0 | 447394/- | 500 | 2% | 2 माह |
| 4 | रहीम के घर से शाकिर के घर तक नाली टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 50 मी0 | 248536/- | 500 | 2% | 2 माह |
| 5 | गफ्फार के घर से अहमद हाजी के घर तक नाली टाईल्स कार्य। | ,, | 35 मी0 | 139375/- | 500 | 2% | 2 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।
**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत कुकर-झुण्डी**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रूस्तमपुर तिगरी**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**
पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 04.10.2025
**अल्पकालीन निविदा सूचना**
ग्राम पंचायत रूस्तमपुर तिगरी विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता दिनांक: 10.10.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 10.10.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुमेर सिंह के घर से शीशपाल के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ईट, सीमेंट, रेता, आदि। | 123 मी0 | 302921/- | 500 | 2% | 6 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत में डस्टविन का कार्य। | डस्टविन | 25 | 225000 | 500 | 2% | 6 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।
**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत रूस्तमपुर तिगरी**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# 77 साल का हिसाब चुकता किया ढाई दिन में जीता अहमदाबाद टेस्ट

## ● जडेजा-सिराज का कहर, भारत ने वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से पीटा

**अहमदाबाद, वार्ता।** रवींद्र जडेजा (नाबाद 104 रन/ चार विकेट) और मोहम्मद सिराज (तीन विकेट) के जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन दूसरी पारी में वेस्टइंडीज को 146 रनों के स्कोर पर ढेर कर मुकाबला पारी और140 रनों से जीत लिया। जडेजा को उनके आलराउंड प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

वेस्टइंडीज का एक और आसान समर्पण, जो दोनों पारियों में सिर्फ़ 89.2 ओवर ही खेल पाया - यह दर्शाता है कि टेस्ट क्रिकेट में वे कितने कमज़ोर हैं। भारत ने दिन की शुरुआत 286 रनों की बढ़त के साथ पारी घोषित करके की, और मोहम्मद सिराज को शुरुआती बढ़त बनाने में ज्यादा समय नहीं लगा, जिसमें नीतीश रेड्डी का एक शानदार कैच शामिल था, जिससे तेज नारायण चंद्रपॉल आउट हो गए। इसके बाद, रवींद्र जडेजा ने मोर्चा संभाला और अनिश्चित बल्लेबाज़ी क्रम को अपने घेरे में ले लिया और मेहमान टीम का स्कोर 46/5 कर दिया। अथानाज़े और ग्रीव्स के बीच थोड़ी देर की साझेदारी हुई, लेकिन वाशिंगटन सुंदर ने सिराज के एक ही ओवर में दो विकेट चटकाने से पहले ही पारी को तोड़ दिया। जडेजा और कुलदीप यादव ने पुछल्ले बल्लेबाज़ों को आउट करके एक व्यापक जीत दर्ज की और भारत को सीरीज में 1-0 की बढ़त दिला दी। वेस्ट इंडीज ने भारत में पिछले पांचों टेस्ट हारे हैं जिनमें से चार में उसे पारी की हार और एक में 10 विकेट से पराजय मिली है। इनमें से कोई भी टेस्ट तीन दिन से ज्यादा नहीं जा पाया है। भारत की विडीज के खिलाफ यह आठवीं पारी से जीत है। भारत ने कल के स्कोर पांच विकेट पर 448 के स्कोर पर आज पारी घोषित कर 286 की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी विंडीज को आठवें ओवर में मोहम्मद सिराज ने तेजनारायण चंद्रपॉल (आठ) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसे बाद 11वें ओवर में जडेजा ने जॉन कैंपबेल (14) को अपना शिकार बना लिया। ब्रैंडन किग (पांच) और कप्तान शाई होप (एक) को भी जडेजा ने अपना शिकार बनाया। जमने का प्रयास कर रहे ऐलेक (38) को वॉशिंगटन सुंदर ने अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। जस्टिन ग्रीव्स (25), जोमेल (शून्य) को सिराज ने आउट किया। 42वें ओवर में जडेजा ने जोहान लेन (14) को आउटकर विंडीज को नौवां झटका दिया। 46वें ओवर की पहली गेंद पर कुलदीप ने जेडन (22) को आउटकर 146 रन के स्कोर पर विंडीज की दूसरी पारी का अंत कर दिया।

# मैंने अपनी बैटिंग पर कड़ी मेहनत की: जडेजा



**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत की वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में पारी और 140 रन की शानदार जीत में अपने आलराउंड प्रदर्शन से प्लेयर ऑफ द मैच बने रवींद्र जडेजा ने शनिवार को कहा कि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पर कड़ी मेहनत की। मैच में शतक बनाने और दूसरी पारी में चार विकेट लेने वाले जडेजा ने मैच के बाद कहा कि हां, मैं अपनी बल्लेबाज़ी पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं। हमें दो महीने का

**● मैच में शतक बनाने और दूसरी पारी में चार विकेट लेने वाले रवींद्र जडेजा ने मैच के बाद कहा कि हां मैं अपनी बल्लेबाजी पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं**

ब्रेक मिला था, कोई टेस्ट क्रिकेट या वनडे मैच नहीं था। मैं अपनी फ़िटनेस पर काम कर रहा था और मैं बैंगलोर के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस गया, वहां अपने कौशल और फिटनेस पर काम किया। उन्होंने कहा कि 'कुछ साल पहले मैं आठवें और नौवें नंबर पर बल्लेबाज़ी करता था, लेकिन अब मुझे छठे नंबर पर जगह मिल गई है। मेरे पास खुद को तैयार करने का समय है और मैं अपनी पारी को गति दे सकता हूं। मुझे जल्दबाज़ी करने की जरूरत नहीं है, मुझे बेवजह जल्दबाज़ी करने की जरूरत नहीं है। मैं मैदान पर जा सकता हूं, अपना समय ले सकता हूं और अपनी पारी को गति दे सकता हूं। मुझे लाल मिट्टी की पिचों पर खेलना हमेशा पसंद है। यह मज़ेदार होता है क्योंकि एक स्पिनर के तौर पर आपको ज्यादा टर्न और बाउंस मिलता है। इसलिए, एक स्पिनर के तौर पर आप हमेशा यही चाहते हैं। जडेजा ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं इसका आनंद ले रहा था और जैसे ही मुझे पता चला कि हम लाल मिट्टी पर खेल रहे हैं, मुझे लगा कि यह बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों के लिए ठीक रहेगा। अगर विकेट सपाट है, तो आप रन बना सकते हैं। अगर गेंद टर्न ले रही है, तो आप लाल मिट्टी पर गेंदबाजी का आनंद ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि 'ज़ाहिर है मैं कोच, कप्तान, प्रबंधन और चयनकर्ताओं का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा क्योंकि एक उप-कप्तान होने के नाते आप हमेशा टीम के एक खास सदस्य के रूप में मौजूद रहते हैं और यह सम्मान मुझे हमेशा खुशी देता है।


### संक्षिप्त खेल समाचार

## चोटिल फ्लोरा डेवोनशायर महिला विश्व कप से बाहर

**गुवाहाटी, वार्ता।** न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर हाथ की चोट के कारण भारत और श्रीलंका में चल रहे महिला विश्व कप 2025 से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हन्ना रोवे को टीम में शामिल किया गया है। डेवोनशायर को प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ में चोट लग गई थी और उन्हें ठीक होने में दो से तीन हफ्ते लगने की उम्मीद है। वाली रोवे इससे पहले दो एकदिवसीय विश्व कप खेल चुकी हैं और 60 एकदिवसीय मैचों में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि हम सभी फ्लोरा के लिए दुखी हैं।

# यह हमारे लिए एक परफेक्ट मैच था: गिल

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने वेस्ट इंडीज से पहला टेस्ट शनिवार को पारी और 140 रन से जीतने के बाद इसे परफेक्ट जीत करार दिया। गिल ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि लगातार छह टॉस हार चुका हूं लेकिन जब तक हम मैच जीत रहे हैं तब तक यह अधिक मायने नहीं रखता। यह हमारे लिए एक परफ़ेक्ट मुक़ाबला था, तीन शतकवीर थे और हमने फ़ील्ड में भी अच्छा प्रदर्शन किया और मैं प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। हमें (गिल और जायसवाल) अच्छा स्टार्ट मिला था लेकिन हम इसे भुना नहीं पाए। हमारे पास काफ़ी स्पिन विकल्प हैं और यह विकल्प न होने से बेहतर स्थिति है। मैंने काफ़ी कुछ सीखा है और बीते वर्षों में जिस तरह से हम



कठिन परिस्थितियों से उबरे हैं वह सुखद था। वेस्टइंडीज के कप्तान रॉस्टन चेज ने हार के बाद कहा कि टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी करने के बाद 160 के स्कोर पर सिमट जाना निराशा. जनक था और फिर उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाज़ी की। हमारी ओर से यह एक ऐसा प्रदर्शन था

## गिल बने नए वनडे कप्तान, रोहित-कोहली टीम में

**मुंबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयनित शुभमन गिल की अगुवाई वाले वनडे टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली शामिल हैं। श्रेयस अय्यर को भारतीय वनडे टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। रोहित और कोहली चैंपियंस ट्रॉफ़ी फ़ाइनल के बाद पहली बार भारतीय टीम के लिए खेलते नजर आएंगे। हार्दिक पांड्या स्ट्रेन इंजरी के चलते वनडे और टी-20 टीम से बाहर हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह को वनडे टीम से आराम दिया गया है, हालांकि बुमराह टी-20 टीम में शामिल हैं। मोहम्मद सिराज की वनडे टीम में वापसी हुई है। रवींद्र जडेजा वनडे टीम में शामिल नहीं हैं। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने टीम की घोषणा करते हुए कहा कि तीन अलग-अलग प्रारूपों में कप्तान होना रणनीतिक तौर पर व्यवहा. रिक नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप अभी दो वर्ष दूर है लेकिन इस बीच भारत कितने वनडे खेलेगा यह स्पष्ट नहीं है इसलिए नए कप्तान के पास पर्याप्त समय होना चाहिए। आगरकर ने कहा कि सिर्फ़ चयनकर्ताओं के लिए ही नहीं कोच के लिए तीन अलग-अलग लोगों के साथ काम करना आसान नहीं रहता। जडेजा के वनडे टीम में शामिल नहीं होने पर आगरकर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में अधिक वनडे नहीं खेलने थे इसलिए वहां की परिस्थितियों के लिहाज से टीम में अधिक स्पिनरों की जरूरत नहीं थी। बुमराह और हार्दिक को लेकर आगरकर ने कहा कि उनके वर्कलोड को देखते हुए उन्हें वनडे टीम से आराम दिया गया है। हार्दिक इस समय ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए फ़िट नहीं थे। एक हफ्ते में वह सीओई में जुड़ेंगे और रिकवरी शुरू करेंगे तब हमें उनको लेकर स्पष्टता मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया में भारत को तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी जो कि 19 अक्तूबर से शुरू होगा और 25 अक्तूबर को वनडे सीरीज का अंतिम मैच खेला जाएगा। वहीं पांच मैचों की टी-20 सीरीज का



आग़ाज 29 अक्तूबर को होगा और आठ नवंबर को सीरीज का अंतिम मैच खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत की वनडे टीम गिल (कप्तान), जायसवाल, रोहित, विराट, अय्यर (उपकप्तान), अक्षर, के एल राहुल, नीतीश वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप, हर्षित, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप, प्रसिद्ध, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)

भारत की टी-20 टीम: सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुम. राह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू आदि।

## वरिष्ठ फुटबॉल प्रशासक एन के भाटिया का निधन

**नई दिल्ली, वार्ता।** फुटबॉल दिल्ली (डीएसए) के पूर्व उपाध्यक्ष और पूर्व सचिव एन-के- भाटिया का निधन हो गया है। भाटिया के निधन से डीएसए ने अपने सबसे ईमानदार और जुझारू सेवक को खो दिया है। अर्थात उनके जाने से फुटबाल और मीडिया के बीच का पुल ढह गया है। दिल्ली में फुटबॉल के क्षेत्र में उनका योगदान सचमुच अतुलनीय था। 1970 के दशक से फुटबॉल में सक्रिय, भाटिया ने फुटबॉल एसोसिएशन के मानद सचिव व कोषाध्यक्ष सहित अनेक पदों पर कार्य किया और एआईएफएफ की स्थायी समितियों में विभिन्न पदों पर रहे। उनके नेतृत्व में, दिल्ली ने कई अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं की सफलता पूर्वक मेजबानी की। नरेन्द्र भाटिया, जिन्हें उनके दोस्त 'स्वीटी' नाम से बुलाते थे सचमुच बेहद स्वीट इंसान थे, जिन्हें गुस्सा कभी आता ही नहीं था।

# 'हैंडशेक विवाद' के बीच भारतीय महिला टीम की नजरें पाकिस्तान पर 12वीं जीत पर



**● कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी सीधे बात जोड़ते हुए कहा कि ड्रेसिंगरूम सिर्फ प्रदर्शन की बात करता है प्रोटोकॉल की नहीं**

**कोलंबो, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला कभी भी सिर्फ़ एक मैच नहीं होता, और जब महिला विश्व कप कल यहां आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच मुकाबला होगा, तो दांव रनों और विकेटों से कहीं आगे जाने का वादा करता है। रिकॉर्ड के लिए, भारतीय महिला टीम ने इस प्रतिद्वंद्विता पर एक सुगठित ऑर्केस्ट्रा की तरह कब्ज़ा जमाया है - ग्यारह मैच, ग्यारह जीत, और आखिरी मैच 2022 विश्व कप में 107 रनों से करारी हार।

दीप्ति शर्मा की ऑलराउंड कला और अमनजोत कौर के साहसिक अर्धशतक की बदौलत, अपने पहले मैच में मेजबान श्रीलंका को डकवर्थ लुईस नियम के तहत 59 रनों से हराने के बाद, लय फिर से उनके साथ है। फिर भी, भारत- पाकिस्तान के मामले में हमेशा की तरह, इसका निहितार्थ क्रिकेट जितना ही दिलचस्प है। पुरुष टीम को परेशान करने वाला हाथ मिलाने का विवाद अब महिला टीम पर भी हावी हो गया है। इस बारे में पूछे जाने पर, दीप्ति शर्मा ने एक अनुभवी सलामी बल्लेबाज़ की तरह शांत भाव से इस सवाल का जवाब दिया कि जब मौका आएगा तब देखेंगे। कप्तान ने अपनी सीधी बात जोड़ते हुए कहा कि ड्रेसिंग रूम सिर्फ़ प्रदर्शन की बात करता है, प्रोटोकॉल की नहीं। हालांकि, बीसीसीआई ने संकेत दिया है कि हाथ न मिलाने का यह रुख महिला खिलाड़ियों पर भी लागू हो सकता है। और इसलिए, गेंद फेंके जाने से पहले ही अटकलों का बाज़ार गर्म हो जाता है। मैदान पर, भारत एक पूरी टीम नजर आती है। इस साल 936 रन बनाकर अपने जीवन के सर्वश्रेष्ठ फ़ॉर्म में चल रही स्मृति मंधाना एक बार फिर आकर्षण का केंद्र होंगी। प्रवाह की तलाश में हरमनप्रीत कौर कोलंबो की रात को रोशन करने की क्षमता रखती हैं, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स और हरलीन देओल मध्य क्रम को मजबूती प्रदान करती हैं। दीप्ति और स्नेह राणा की अगुवाई में गें. दबाज़ी, जिसमें युवा क्रांति गौड़ अपना जाल बुनने के लिए तैयार हैं, कप्तान कौर को मजबूती और कुशलता प्रदान करती है। दूसरी ओर, पाक बड़े मंच पर अप्रत्याशित मेहमान बना हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ 129 रनों पर सिमटने से उनकी पुरानी कमज़ोरियां उजागर हो गईं। सिदरा का शानदार प्रदर्शन (इस साल 518 रन) और मुनीबा की निरंत. रता ही उम्मीद जगाती है। अगर पा को भारत के दबदबे को चुनौती देनी है, तो सना, अपने आक्रामक ऑलराउंड खेल और बाएं हाथ की स्पिनर नशरा को क्षमता से कहीं ज्यादा प्रदर्शन करना होगा।

# मनीष-वैष्णवी ने एकल खिताब जीते

**● पुरुष एकल फाइनल में मनीष ने दबाव में अपनी निरंतरता का परिचय देते हुए मुकाबले में सुरेश को 6-4-, 6-2 से हराया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** तमिलनाडु के मनीष सुरेशकुमार और महाराष्ट्र की वैष्णवी अदकर ने शनिवार को नई दिल्ली के डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में 30वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीत लिए। पुरुष एकल फाइनल में, मनीष सुरेशकुमार ने दबाव में अपनी निरंतरता और संयम का परिचय देते हुए दो घंटे तक चले मुकाबले में कीर्तिवासन सुरेश को 6-4, 6-2 से हराया।

दोनों खिलाड़ियों ने आक्रामक शुरुआत की और शुरुआती सर्विस ब्रेक के बाद स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद मनीष ने कीर्तिवासन की सर्विस ब्रेक कर 2-1 की बढ़त बना ली और स्कोर 3-1 कर दिया। कीर्तिवासन ने जोरदार वापसी की और अपनी सर्विस ब्रेक करते हुए 4-3 से बढ़त बना ली। हालांकि, मनीष ने इसके बाद अपने खेल में सुधार किया और अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस फिर से ब्रेक कर पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में भी इसी लय को बरकरार रखते हुए, तमिलनाडु की खिलाड़ी ने सटीक ग्राउंडस्ट्रोक और दमदार रिटर्न के साथ लंबी रैलियां खेलते हुए अपनी लय बरकरार रखी।

उन्होंने 6-2 से सेट जीतकर मैच और पुरुष एकल का खिताब अपने नाम कर लिया। दूसरी ओर, वैष्णवी ने महिला एकल फाइनल की शुरुआत शानदार अंदाज में की और आकांक्षा निट्योर की सर्विस जल्दी ही तोड़कर 2-0 की बढ़त बना ली। हालांकि आकांक्षा ने कुछ देर के लिए वापसी की, लेकिन वैष्णवी ने तुरंत नियंत्रण हासिल कर लिया और सटीक शॉट लगाकर पहला सेट जीत लिया। दूसरे सेट में भी वैष्णवी ने अपनी लय बरकरार रखी। दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआत में अपनी सर्विस बरकरार रखी, लेकिन वैष्णवी ने आकांक्षा की सर्विस दो बार तोड़कर 5-1 से बढ़त बना ली। आकांक्षा ने एक ब्रेक वापस ले लिया, लेकिन वैष्णवी ने अपनी पकड़ बनाए रखी और आत्मविश्वास से सर्विस करते हुए 6-1, 6-2 के अंतिम स्कोर के साथ सेट और खिताब अपने नाम कर लिया। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड द्वारा समर्थित और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) और दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) के तत्वावधान में आयोजित, फेनेस्टा ओपन भारत की सबसे बड़ी घरेलू टेनिस चैंपियनशिप बनी हुई है, जो देश की शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करती है। अंडर-18 वर्ग में, हर्षिनी एन ने तीन घंटे से अधिक समय तक चले कड़े मुकाबले वाले बालिका एकल फाइनल में स्निग्धा कांता को 6-1, 2-6, 6-4 से हराया।

# कियारा ने चौथी बार लंबी कूद में जीता स्वर्ण, भारत की निमिशा को चौथा स्थान

**नई दिल्ली, वार्ता।** कियारा रोड्रिग्ज को शनिवार को यहां इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में अच्छा प्रदर्शन करते हुए लगातार चौथी बार महिलाओं की लंबी कूद टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत की निमिशा चौथे स्थान पर रहीं। आज यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी प्रतियोगिता में कियारा रोड्रिग्ज ने अपने पहले प्रयास में 6.29 मीटर और दूसरे प्रयास में कोई अंक नहीं हासिल करने के बाद चार छलांगें पार कर लीं। उन्होंने डेनमार्क की ब्योर्क नोएरेमार्क को अपने पांचवें प्रयास में 5.84 मीटर की छलांग लगाते हुए रजत पदक हासिल करते हुए देखा। उन्होंने भारत की निमिशा सुरेश चक्कुंगलप रम्बिल को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने तीसरे प्रयास में 5.74 मीटर की छलांग के साथ एशियाई रिकॉर्ड बनाया था। डेनमार्क की खिलाड़ी की बारी थी हंगरी की पेट्रा लुटेरन को लंबी छलांग लगाते देखने की, जो 6.00 मीटर के निशान से सिर्फ़ 2 सेमी कम थी और दूसरे स्थान पर पहुंच गई। निमिषा को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के दो मौके मिले, लेकिन वह फ़ाउल और 5.45 मीटर के प्रयास में हार गईं। दुर्भाग्य से, भारतीय खिलाड़ी पोडियम से बाहर हो गईं क्योंकि वह अपने आखिरी दो प्रयासों में बेहतर छलांग नहीं लगा पाईं। निमिषा, (महिला डिस्कस थ्रो एफ64) और सात पुरुषों - दिलीप महादु (400 मीटर टी47), हैनी (डिस्कस थ्रो एफ37) आदि।

# विश्वास और जीत का 16 साल का सफर भारत में शुरू और भारत में ही हुआ समाप्त: मार्कस रेहम और स्टेफी

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 में जब मार्कस रेम ने 8-43 मीटर की लंबी छलांग लगाई, तो उन्होंने न सिर्फ अपना लगातार आठवां विश्व खिताब जीता, बल्कि पैरा खेल इतिहास की सबसे यादगार साझेदारियों में से एक का समापन भी किया। इस स्वर्ण पदक के पीछे एक गहरी और सशक्त कहानी थी एथलीट और कोच के बीच का 16 साल पुराना रिश्ता, जो भारत में शुरू हुआ और संयोग से भारत में ही समाप्त हुआ।

सोलह साल पहले, एक दुबला-पतला जर्मन लड़का और उनकी नई कोच पहली बार बैंगलोर के एक खचाखच भरे स्टेडियम में साथ उतरे थे। किशोरावस्था का वह खिलाड़ी अनुभवहीन था, लेकिन जुनून से भरा हुआ। 14 साल की उम्र में वेकबोर्डिंग दुर्घटना में अपना दायां पैर खोने के बाद वह खुद को फिर से खोज रहा था। दूसरी ओर, स्टेफी नेरियस पहले से ही विश्व चैम्पियन थीं। एक ऐसी भाला फेंक खिलाड़ी, जिसने दबाव का भार झेला था और जीत का स्वाद चखा था। रेस के बाद भावनाओं के ओतप्रोत रेम याद करते हैं कि वह प्रतियोगिता भारत में ही हमारी शुरुआत थी। वह हमारी पहली विदेशी प्रतियोगिता थी। मैं घबराया हुआ था, खुद को लेकर असमंजस में था। लेकिन स्टेफी ने मुझे विश्वास दिलाया। वहीं से यह शानदार सफर शुरू हुआ। और अब जब यह भारत में खत्म हो रहा है, तो लगता है मानो जीवन ने यह कहानी खुद लिखी हो। जैसे ही जर्मनी का राष्ट्रगान बजा और उनके गले में पदक डाला गया, रेम ने एक बार फिर अपने हेडबैंड को छुआ। यह छोटा सा इशारा था, लेकिन उनके लिए इसका गहरा अर्थ था। वह कहते हैं, ष्स्टेफी अब अपने वीकेंड और परिवार के साथ समय बिताने की हकदार हैं। मैं जो कुछ भी हूं, उसमें उनका बहुत बड़ा योगदान है। रेम के लिए खेल हमेशा पहचान का माध्यम थे। वह याद करते हैं, ष्मैं वही बच्चा था जो तेज दौड़ता था, दूर तक कूदता था, लेकिन हादसे के बाद, एक दिन में ही मैंने सब खो दिया। मानो अपनी पहचान खो दी हो। नेरियस समझती थीं। उनका नजरिया सिर्फ तकनीक या फिटनेस तक सीमित नहीं था। यह उस किशोर की आत्मा को फिर से जगाने के बारे में था, जिसे लगता था कि उसके सपने खत्म हो चुके हैं। प्रशिक्षण सत्रों में उतनी ही बातचीत होती जितनी ड्रिल्स। वह हमेशा उसे याद दिलातीं कि जिस इंसान को वह फिर से पाना चाहता है, वह कहीं गया नहीं है बस उसे दोबारा खो. जने की जरूरत है। नेरियस ने अपने शिष्य के कंधे पर हाथ रखते हुए कहा कि मैंने रेम और इसने मुझे अलग पहचान दिलाई। मेरा काम सिर्फ इसे रास्ता दिखाना था और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा करने में सफल रही। उनकी उपलब्धियों का रिकॉर्ड केवल कहानी का एक हिस्सा है। जब रेम ने शुरुआत की थी, तो कृत्रिम पैर वाले खिलाड़ियों का लंबी कूद विश्व रिकॉर्ड 7 मीटर से भी कम था। नेरियस की कोचिंग में उन्होंने हर दीवार तोड़ दी। पहले 7 मीटर, फिर 7.50, फिर 8 मीटर का जादुई आंकड़ा, और आखिरकार 2023 में 8.72 मीटर की चौंकाने वाली छलांग जो सक्षम खिलाड़ियों को भी चुनौती देती है।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराया और सीरीज भी जीती

**यूजीलैंड, वार्ता।** शॉन ऐबट (तीन विकेट), जॉश हेजलवुड और जेवियर बार्टलेट (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कप्तान मिचेल मार्श (नाबाद 103) के विस्फोटक प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को तीसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 12 गेंदे शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में ट्रैविस हेड (आठ) का विकेट गंवा दिया। उन्होंने जेकब डफी ने आउट किया। इसके बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे मिचेल मार्श को छोड़कर ऑस्ट्रेलिया को कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। हालांकि इस दौरान मिचेल मार्श एक छोर थामे विस्फोटक बल्लेबाजी करते रहे। मैथ्यू शॉर्ट (सात), टिम डेविड (तीन), एलेक्स कैरी (एक) और मार्कस स्टॉयनिस (दो) को जिमी नीशम ने आउट किया। जेवियर बार्टलेट (एक) सातवें विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें जेकब डफी ने आउट किया। मिचेल मार्श (नाबाद 103) की शतकीय पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने 18 ओवर में सात विकेट पर 160 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया। मिचेल मार्श ने 56 गेंदे खेलते हुए अपनी पारी में आठ चौके और सात छक्के लगाये।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन



**ठाकुरद्वारा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में क्षेत्र के डी.एन. शर्मा इण्टर कॉलिज बहेड़ी ब्रह्मनान में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेडिकल ऑफिसर डा.सविता त्यागी एवं डा. सविता राना ने कॉलिज के छात्र छात्राओं के साथ प्रश्नोत्तरी कर तंबाकू के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य, पर्यावरण और आर्थिक नुकसान के बारे में जागरूक किया। इसके उपरान्त तंबाकू नियंत्रण पर आधारित पोस्टर, संकेत, दीवार लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी तादात में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में फैजिया को प्रथम,माहेनूर को द्वितीय, निशान्त कुमार को तृतीय एवं अदीबा नूरी को चतुर्थ स्थान प्राप्त करने पर शील्ड एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान शिक्षाविद पं. राधेश्याम शर्मा, प्रधानाचार्य दाऊद अली, सीताराम कश्यप, अवधेश कुमार, राजेंद्र सिंह, ओमपाल सिंह भोलू सिंह, शकुन्तला देवी, अध्यापकगण एवं शिक्षण कार्मिक आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# अवैध रूप से चल रहे क्लीनिक पर छापा मार कार्रवाई कर किया सील

■ स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** अवैध रूप से चल रहे क्लिनिको पर स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार छापेमार कार्यवाही रही है। बिलारी में अनेको अस्पतालों को छापामारी करके बंद किया गया। ऐसे में शनिवार को मुरादाबाद से स्वास्थ्य विभाग की टीम बिलारी पहुंची। जहां उन्होंने छापामारी करते हुए बस स्टैंड के पीछे स्थित एक अस्पताल को सील कर दिया। अस्पताल में मरीजों का अवैध रूप से इलाज किया जा रहा था, आवश्यक स्वास्थ्य दस्तावेज मांगे गए लेकिन दस्तावेज नहीं दिए गए। क्लीनिक पर सील लगाकर मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। बिलारी के बस स्टैंड के पीछे एक गली में अवैध रूप से मलिक अस्पताल के नाम से अवैध अस्पताल संचालित किया जा रहा था। लिहाजा डिप्टी सीएमओ डॉक्टर संजीव बेलवाल के साथ एसीएमओ आरके शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक बिलारी राजपाल सिंह टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुंचने पर अनेकों मरीज भर्ती मिलेञ्र जिनका इलाज किया जा रहा था। कई मरीजों को ड्रिप चढ़ रही थी।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल संचालक को लेकर आवश्यक दस्तावेज मांगे लेकिन मौके पर स्टाफ कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सका लिहाजा अस्पताल को अवैध मानते हुए उसे सील किया गया। इस मौके पर पुलिस बल भी मौजूद रहा। अस्पताल में मौजूद सभी मरीजों और तीमारदारों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया गया और उनके बयानों को भी दर्ज किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आगे भी छापामार कार्यवाही जारी रहेगी।

# टिमिट के विद्यार्थियों ने मदर डेयरी का किया भ्रमण




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के अंतर्गत टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा एक शैक्षणिक एवं औद्योगिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण इंडस्ट्रियल विजिट का आयोजन मदर डेयरी, नई दिल्ली में किया गया। इस भ्रमण में बी.कॉम प्रथम एवं पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा में सीखे गए सिद्धांतों को वास्तविक औद्योगिक वातावरण में देखने और समझने का अवसर प्रदान करना था। मदर डेयरी भारत की अग्रणी डेयरी कंपनियों में से एक है, जो अपने उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पादों, उन्नत तकनीकी प्रक्रियाओं और मजबूत वितरण प्रणाली के लिए जानी जाती है। इस विजिट के दौरान विद्यार्थियों ने मदर डेयरी के उत्पादन संयंत्र का अवलोकन किया तथा दूध के संग्रहण, परीक्षण, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और वितरण की संपूर्ण प्रक्रिया को निकटता से समझा। कंपनी के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, स्वच्छता मानकों, और उपभोक्ता संतुष्टि से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि मदर डेयरी किस प्रकार आधुनिक तकनीक, स्वचालित मशीन.री और स्थायी विकास के सिद्धांतों को अपने संचालन में अपनाती है। इस दौरान विद्यार्थियों ने कई प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर विशेषज्ञों ने अत्यंत सरल और प्रेरक ढंग से दिया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को यह अनुभव हुआ कि किस प्रकार एक बड़े ब्रांड के पीछे कुशल प्रबंधन, सटीक योजना और समर्पित टीमवर्क की अहम भूमिका होती है।

इस अवसर पर टिमिट डीन प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, व्यावसायिक दृष्टिकोण एवं व्यवहारिक ज्ञान को सुदृढ़ करने में अत्यंत सहायक होते हैं। मदर डेयरी जैसी प्रतिष्ठित संस्था का भ्रमण विद्यार्थियों को उद्योग की वास्तविक चुनौतियों, कार्यसंस्कृति तथा प्रबंधन की बारीकियों को समझने का अवसर प्रदान करता है। यह अनुभव भविष्य में उनके करियर निर्माण में मील का पत्थर सिद्ध होगा। इस प्रकार, मदर डेयरी का यह औद्योगिक भ्रमण टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक अनुभव साबित हुआ, जिसने उनके शैक्षणिक पथ को और अधिक समृद्ध बनाया।

# अग्नि बाण लगते ही धूं-धूं कर जला रावण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** क्षेत्र के चमरपुरादान के रामलीला मैदान में विजयदशमी के पावन अवसर पर रावण का पुतल दहन किया गया, यह आयोजन बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक था, जिसमें कुंदरकी विधायक ठाकुर रामबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, रामलीला के मंच से विधायक ठाकुर रामबीर सिंह ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि विजयदशमी का पर्व हमें अपने अंदर की आतंक, अन्याय, असहिष्णुता, अंधविश्वास और गरीबी जैसी बुराइयों पर विजय पाने का संदेश देता है, उन्होंने समाज में मौजूद श्रावणश प्रवृत्ति के लोगों की बुराइयों का दहन कर सही मायने में विजयदशमी मनाने पर जोर दिया, रामलीला समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भगवान राम द्वारा तीर चलाए जाने के बाद रावण के विशालकाय पुतले धू-धू कर जल उठे, पुतलों के जलते ही पूरा रामल.ीला मैदान श्जय श्री रामश के नारों से गूंज उठा,इस अवसर पर हजारों की संख्या में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं और दर्शकों ने इस ऐतिहा.सिक क्षण को देखा, बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया, और आकर्षक आतिशबाजी ने माहौल को और भी मनमोहक बना दिया, ब्लॉक प्रमुख डाक्टर नवदीप यादल ने पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए लोगों से नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम ने लोगों को सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

## 25 हजार ऑटो चालकों को जल्द मिलेगी बड़ी राहत

**नोएडा।** एक जिला एक परमिट व्यवस्था लागू होने से अभी दो कदम दूर है। गौतमबुद्ध नगर में यह व्यवस्था लागू होगी तो तो प्रदेश का पहला जिला होगा। दिल्ली की तर्ज पर यहां पर ऑटो के लिए एक परमिट होगा।परिवहन आयुक्त से लिखे पत्र पर शासन की अनुमति का इंतजार है। एसटीए (स्टेट ट्रांसपार्ट अथारिटी) की बैठक में इसका अंतिम निर्णय होगा। जिले में इस वक्त 25 हजार से अधिक ऑटो संचालित हैं। सभी आटो को परमिट रूट के हिसाब से जारी किया गया है। निर्धारित रूट से अलग इन आटो का संचालन नहीं हो सकता है। बता दें नोएडा के हर हिस्से में आटो की पहुंच करने की तैयारी की जा रही है। आटो चालकों की यूनियन ने एक जिला एक परमिट की व्यवस्था लागू करने की मांग पूर्व में की गई थी। इसके लिए सबसे पहले उपसंभागीय परिवहन अधिकारी, संभागीय परिवहन अधिकारी और परिवहन आयुक्त ने शासन को पत्र लिखा है।

## भाजपा हार देखकर हताश और बोखलाहट में पीडीए समाज पर बंदिश लगा रही है: जयवीर यादव

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी जिला मुरादाबाद की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय चक्कर की मिलक पर शनिवार को आयोजित की गई जिसमे वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया अपनी हार देखकर यूँ लोगों को नजर बंद करके लोगों को परेशान तो न करे। और कहा सोने के दाम सारे रिकॉर्ड तोड़कर 1 लाख 20 हजार प्रति तोला तक पहुँच रहे हैं। भाजपा राज में सोने के दामों का बेतहाशा बढ़ने का कारण आम जनता के बीच सोने की माँग बढ़ना नहीं है बल्कि इसका कारण महाभ्रष्ट भाजपाइयों की तरल काली कमाई को ठोस में बदलने वाला 'स्वर्णीकरण' है। बैठक मे जिलाध्यक्ष जयवीर यादव, पूर्व विधायक हाजी रिजवान,पूर्व जिलाध्यक्ष अतहर अंसारी,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी लाखन सैनी, महासचिव फुरकान अली, वेदप्रकाश सैनी, वसीम कुरैशी, आश्कार पाशा, धर्मेन्द्र यादव,नौशाद पाशा, आदि मौजूद रहे।

## स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी से बिजली बिल गलत उपभोक्ता परेशान, उच्चाधिकारियों से शिकायत

**ठाकुरद्वारा।** नगर में स्मार्ट मीटर में तकनीकी गड़बड़ी के कारण बिजली बिल अक्सर गलत दिख रहा है। तो माइनस में बिल दिखा रहा है। जिसपर पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से शिकायत कर स्मार्ट मीटर का निरीक्षण कर बिल में सुधार किए जाने की मांग की है। नगर के मोहल्ला बेहड़ावाला वार्ड18 निवासी नन्हें मंसूरी ने उच्चाधिकारियों को शिकायत पत्र देकर कहा कि स्मार्ट मीटर में तकनीकी गड़बड़ी के कारण बिजली बिल अक्सर गलत दिख रहा है। कभी-कभी उनके घर का स्मार्ट मीटर माइनस में बिल दिखा रहा है, वहीं अन्य अवसरों पर बिल की राशि असामान्य रूप से बढ़ जाती है। इस वजह से वे सही बिल का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। और लगातार वित्तीय परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उनके स्मार्ट मीटर का निरीक्षण कर बिल में सुधार किए जाने की मांग करते हुए कहना है स्मार्ट मीटर तकनीक के माध्यम से बिजली उपभोक्ताओं को वास्तविक खपत के अनुसार बिल देने के लिए स्थापित किए जाते हैं, समय-समय पर तकनीकी खराबी या सिस्टम में त्रुटि के कारण उपभोक्ताओं को गलत बिल का सामना करना पड़ सकता है।

## रामगंगा नदी किनारे मिला अज्ञात शव

**भोजपुर (शाह टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के गांव खानपुर रसूलपुर क्षेत्र में रामगंगा नदी के किनारे अज्ञात अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गांव खानपुर निवासी ग्रामीण हरकेश पुत्र भूकन की सूचना पर उप निरीक्षक विपिन कुमार मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त कराने में जुटे हैं। देर शाम तक शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस ने ग्रामीण की तहरीर पर अज्ञात शव मिलने का तसकरा जीडी में दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। **उधरर,** पुलिस ने गांव गजरौला सैद निवासी हासिम पुत्र हामिद हुसैन एवं मुर्तजा पुत्र मुन्नवर अली को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में हिरासत में लेकर चालान कर दिया।

## एक नजर

### पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक का अकबरपुर चैदरी में हुआ आयोजन




**कांठ (शाह टाइम्स)।** पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी की बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर की अध्यक्षता में कांग्रेस नेता अरहद अली के आवास अकबरपुर चैदरी में किया गया। जिसमें आसपास गांव के लोगों ने प्रतिभाग किया बैठक में जिला पंचायत ग्राम प्रधानी और विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर चर्चा की गई।

इस बैठक में सलीम चौधरी मोइनुद्दीन सलमा आगा जहांगीर कुरेशी अब्दुल्ला फिरोज अनवर नाजिम सैफी डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी शरीफ आजाद ठाकुर जयप्रकाश सूफी अमीर अहमद आरिफ कमाल आकाश बिश्नोई अनवर अली राहुल परम सिंह सैनी आदि मौजूद रहे। संचालन डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी द्वारा किया गया।

### उमरी कला में वन स्टॉप की टीम ने महिलाओं को दी अधिकारों की जानकारी

**कांठ (शाह टाइम्स)** जिलाधिकारी के निर्देश पर उमरी कला में वन स्टॉप सेंटर टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत श्पर्सनल सेफ्टी अवेयरनेसश्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मनोसामाजिक परामर्शदाता तनीषा दिवाकर ने कहा कि महिलाओं और बच्चियों को अपने ऊपर हो रहे हिंसा के लिए आवाज उठानी चाहिए।बालिकाओं का बाल विवाह न होने दें, अगर कहीं हो रहा हो तो पुलिस को तुरंत सूचित करें या हेल्पलाइन नंबर का प्रयोग करें।

महिला कल्याण विभाग की समस्त योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, चाइल्ड लाइन 1098, 102, 181, 112, 1090, के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही पंपलेट देकर योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। कार्यक्रम में मनोसामाजिक परामर्शदाता तनीषा दिवाकर, केस वर्कर युक्ति पांडे के साथ ही नगर पंचायत उमरी कला का स्टाफ मौजूद रहा।

### कांठ बिजली घर से जुड़े उपभोक्ताओं को सोमवार को 8:00 बजे से दोपहर 1:00 तक नहीं मिलेगी बिजली

**कांठ (शाह टाइम्स)।** अगवानपुर उपकेंद्र से जुड़े कांठ बिजली घर की लाइन पर आ रहे पेड़ों की छटाई को लेकर सोमबार को 8:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी, जिससे कांठ बिजली घर से जुड़े उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल पाएगी उक्त जानकारी एसडीओ विद्युत ने दी उन्होंने बताया कि लाइन में बार-बार फाल्ट आने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित होती है और इससे 7000 उपभोक्ताओं पर असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि टाउन एवं कृषि फीडर से संबंधित मोहल्ले गांव की विद्युत आपूर्ति इस बीच बंद रहेगी इसके बाद फिर निर्विघ्न रूप से विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

### बेरनी में संघ का पथ संचलन, शताब्दी वर्ष पर संस्कृति और राष्ट्र सेवा का आह्वान

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बनियाखेड़ा खंड के बेरनी मण्डल में पथ संचलन का आयोजन किया गया जिसको बौद्धिक कर्ता के रूप में खंड बौद्धिक प्रमुख भोपाल शास्त्री, कार्यक्रम अध्यक्ष आराम सिंह ने दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अतिथियों ने शस्त्र पूजन भी किया। इसके पश्चात मुख्य वक्ता भोपाल ने संघ की उपलब्धियां गिनाई।

उन्होंने बताया कि संघ शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन को लेकर गांव-गांव देश, धर्म और संस्कृति की अलख जगा रहा हैं। संघ की शाखा में व्यक्ति निर्माण से देश संस्कृति की रक्षा काम निरन्तर जारी है तथा राष्ट्र प्रथम जीवन का मूल्य मंत्र रहा है। एक मात्र हमारा देश भारत है जो देश को भी माता मानता है। उन्होंने अपने वक्तव्य में सेवकों के मन में राष्ट्र सेवा की भावना जगा दी। इसके पश्चात् सेवकों ने पथ संचलन में भाग लिया जो पूरे गांव बेरनी में निकाला गया। पंथ संचलन में 168 से भी अधिक पूर्ण गणवेश में शामिल रहे। पथ संचलन पूर्ण अनुशासनात्मक तरीके से घोष के साथ संचलित हुआ। ग्रामीणों ने पथ संचलन में हर्ष उल्लास से पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया।

कार्यक्रम में खण्ड कार्यवाह थान सिंह, खंड सेवा प्रमुख नीरज, बौद्धिक प्रमुख भोपाल, नगर खंड प्रचारक रौनक मोहित, आयुष, रामवीर, सोमपाल, प्रवीण, आराम सिंह, चंद्रपाल, अमित, वेदप्रकाश, अभिषेक, पृथ्वी पाल, विजेंद्र आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन में जाने की बनी योजना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आर्य प्रतिनिधि सभा जनपद मुरादाबाद की बैठक आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान अजब सिंह आर्य ने की व संचालन मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर सभा के संरक्षक ज्ञानेंद्र गांधी, रमेश चन्द्र आर्य और डॉ अभय श्रोत्रिय अतिथि के रुप में आमंत्रित हुए।

बैठक में तहसील ठाकुरद्वारा,कांठ, मुरादाबाद और बिलारी तथा ग्रामीण आर्य समाजों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जनपद की समाजो ने साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग करने की अपनी अपनी आख्याएं प्रस्तुत की। 12अक्टुबर को कुंदरकी आर्य समाज के बार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में निकलने वाली शोभायात्रा को सफल बनाने की योजना बनी। वहीं दिल्ली में 30अक्टुबर से २नबम्वर तक होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक संख्या महासम्मेलन में ले जाने की तैयारियां की गयी। समस्त जनपद में महासम्मेलन के प्रचार हेतु तहसील स्तर पर बैठक आयोजित करके गांव- गांव दिल्ली चलने का आव्हान किया जायेगा। महासम्मेलन के आकर्षक होंगें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, योगी आदित्यनाथ और योगगुरु स्वामी रामदेव जिला मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने बैठक में जानकारी दी की महासम्मेलन का उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू करेंगी। विश्व में सर्वाधिक लोक.प्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और योगगुरु स्वामी रामदेव आदि राष्ट्रीय मनीषि महासम्मेलन की शोभा बनेंगे। लगभग विश्व के ४०देशो के आर्यजनो महासम्मेलन में सम्मिलित होंगें। महासम्मेलन की सफलता के लिये कल से ही जनपद में तहसील,ब्लाक और गांव स्तर पर प्रचार प्रसार करने की योजना बनी।

बैठक में राजवर्धन आर्य, निर्मल आर्य आचार्य महावीर सिंह, पंडित करनसिंह आर्य, ठाकुरद्वारा मंत्री संजीव सिंहल, कुंदरकी प्रधान राजपाल सिंह आर्य, अवधेश कुमार, जितेंद्र आर्य, पूनम शास्त्री,लालकिशौर शास्त्री, सुदेश आर्य अनिल कुमार चौहान, मुकेश कुमार आर्य, लोकेश आर्य प्रदीप विश्नोई, उमेश आर्य, मथुरा प्रसाद आर्य -गायत्री देवी मीरा सोती शन्नो गुप्ता प्रीता आर्य प्रभा नारंग दिनेश कुमारी,बंसल कुमार धनगर, अरविन्द आर्यबंधु, वेदमुनि निहाल सिंह आर्य रविकांत आर्य पं वीरेंद्र आर्य आदि उपस्थित रहे।

## राम-भरत मिलाप का धूमधाम से हुआ कार्यक्रम

**बिलारी।** नगर के नेहरू पार्क में शनिवार की शाम को पारंपरिक राम भरत मिलाप का कार्यक्रम धूमधाम के साथ हुआ। राजमहल सहसपुर में रामलीला मंचन स्थल से राम लक्ष्मण,भरत, शत्रुघ्न हनुमान जी और गुरु वशिष्ठ के साथ बैंड बाजे के साथ तीन किलोमीटर दूर नगर के नेहरू पार्क पहुंचे जहां पहले से ही उनकी प्रतीक्षा में खड़े श्री शंभू नाथ मंदिर सेवा सदन ट्रस्ट के राजू गुप्ता एडवोकेट, अमित सिन्हा, संजय गुप्ता, सचिन गुप्ता, सुमित गुप्ता, मनोज, अरुण, आर्यन गुप्ता आदि ने फूलों की वर्षा कर जयकारों के साथ इन सभी का स्वागत किया। डायरेक्टर उत्तम कुमार के निर्देशन में कामता प्रसाद बेधड़क ने ढोलक पर संगत दी।

गुरु वशिष्ठ की भूमिका में महेंद्र सिंह, राम की भूमिका महेंद्र, लक्ष्मण हेमंत चतुर्वेदी, हनुमान जी मोनू राजा, भरत कौशल किशोर, शत्रुघ्न की भूमिका में सोनू शोभायमान थे। कार्यक्रम में अरुण ग्रोवर, दीपक यादव, पवन कुमार, सत्यम, अनूप, पर्व, मयूर, रोहित आदि शामिल रहे।

## छात्राओं को दी गई कानूनी जानकारियां

**चन्दौसी।** शनिवार को नगर के एफ.आर. इंटर कॉलेज चन्दौसी में मिशन शक्ति-5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत चंदौसी कोतवाली की मिशन शक्ति प्रभारी एस.आई. आरती सिसोदिया ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मिशन शक्ति के संबंध में बातों को छात्राओं को छात्रों को बारीकी से बताया, समझाया एवं विशेष कर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए विशेष कानूनी व्यवस्था की हुई है, साथ ही आप पुलिस प्रोटेक्शन को किसी भी समय कहीं पर भी अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हुए ले सकती हैं, इसके लिए आपको कुछ महत्वपूर्ण नंबर महिला सुरक्षा से संबंधित पूर्व से जारी हैं, उन पर आप शिकायत कर सकते हैं। आपकी शिकायत आपका नंबर ,नाम ,पता सब कुछ गोपनीय रखा जाएगा और आपके खिलाफ कर रहे व्यक्ति के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी, ऐसा आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उनके साथ हेड कांस्टेबल कुसुम देवी, आरक्षी गीता, होमगार्ड पुष्पा, पुरुष कांस्टेबल रिंकल, अतुल वाना टीम में सम्मिलित रहे। प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन ने विद्यालय में पधारी एस. आई. एवं पुलिस स्टाफ का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया और विद्यालय में पधारने का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# यूपीआईटीएस में मिले टीएमयू स्टार्टअप्स को उम्मीदों के पंख




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** यूपी इंटरनेशनल टेड शो- यूपी आईटीएस 2025 में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर इन्नोवेशन फाउंडेशन- टीएम आईएफ के तीन स्टार्टअप्स- लेनिक्सविजन, कॉन्सिस एआई टेक्नोलॉजीज और वेलनेस एम्पोरियो इंडिया प्रा.लि. ने अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी है। यूपीआई टीएस- 2025 से टीएमआईएफ को बाजार-मान्यता और बिक्री- संकेत- प्री-ऑर्डर, निवेश और पायलट-रास्ते- वीसी फॉलो-अप एवम् एसआईडीबीआई सहायता और अंतर्राष्ट्रीय एंड सरक.ारी नेटवर्किंग- स्टार्टअप ऑस्ट्रिया, इन्वेस्ट यूपी, यूपीएलसी, आईटीएंडई से तेज फॉलो-अप और क्रियान्वयन का लाभ मिला। टीएमआईएफ के इन स्टार्टअप्स ने अपने-अपने प्रोडक्ट्स न केवल दिखाए, बल्कि तुरंत व्यावहारिक परिणाम भी अर्जित किए। लेनिक्सविजन के स्टाल पर लगभग 700 आगंतुकों ने विजिट की और इवेंट के दौरान ही कई प्री-ऑर्डर सुनिश्चित हुए। ये प्री ऑर्डर इस बात का साफ संकेत कि छात्र-नेतृत्व वाला यह प्रोटोटाइप बाजार में त्वरित स्वीकृति पा रहा है। साथ ही कॉन्सिस एआई अपनी वॉइस-एआई और स्वार्म- इंटेलिजेंस आधारित कॉल-ऑटोमेशन सॉल्यूशन की सफल पिच के जरिए चिरेता और फ्लुइड वेंचर्स के प्रमुख वीसी प्रतिनिधियों तक पहुंच बनाने में सफल रहा। फ्लुइड वेंचर्स ने फॉलो-अप मुलाकात का आश्वासन दिया, जो प्राथमिक निवेश पाथवे के लिए महत्वपूर्ण कदम है। वहीं वेलनेस एम्पोरियो इंडिया प्रा.लि. ने अपनी पोस्टपार्टम-केयर प्लेटफॉर्म विवानारी के कारण स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधियों का ध्यान खींचा और संभावित क्लीनिकल पार्टनरशिप की चर्चा हुई, जिससे पायलट परियोजनाओं के रास्ते खुले हैं। इन नतीजों के पीछे संक्षिप्त एवम् प्रभावी डेमो, व्यावसायिक पिच-डेक और ऑन-स्पॉट ग्राहक-फीडबैक को दर्ज कर पाने की एक संगठित रणनीति नजर आई। इसका प्रतिफल प्री-ऑर्डर, निवेश-रुचि, और पायलट- इंट्रोडक्शन के रूप में मिला, जो किसी भी अकादमिक इन्क्यूबेटर के लिये आदर्श परिणाम हैं। यूपी आईटीएस 2025 में डीन एकेडमिक्स एवम् टीएमयू बीआईसी की चेयरपर्सन प्रो. मंजुला जैन का द रोल ऑफ इन्क्यूबेटर्स एंड एक्सीलेटर्स इन स्टार्ट अप्स ईको सिस्मटम पर मुख्य भाषण भी विशेष रूप से प्रभावशाली रहा। उन्होंने इन्क्यूबेटर इंडस्टी पॉलिसी के बीच के पुल की प्रासंगि.कता पर जोर देते हुए यूनिवर्सिटी आधारित नवाचार को बाजार के साथ जोड़ने के व्यावहारिक कदम बताए। प्रो. जैन का संबोधन प्रतिभागियों और नीति-निर्माताओं के बीच टीएमआईएफ की विश्वसनीयता को और पुष्ट करने वाला रहा। नीतिगत और अंतर्राष्ट्रीय जुड़ाव ने टीएमआईएफ के नतीजों को व्यावहा.रिक मंच दिया। एसआईडी बीआई के साथ संस्थागत वित्त- स्कीमों और रेफरल- मैकेनिज्म पर विस्तार से चर्चा हुई। एसआईडी बीआई की प्रतिबद्धता से स्टार्टअप्स को बैंक-वितरण और अनुदान- समर्थन के रास्ते मिलेंगे। स्टार्टअप ऑस्ट्रिया के प्रतिनिधि ने तकनीकी डेमो का सकारात्मक फीडबैक देते हुए गो-ऑस्ट्रिया प्रोग्राम के तहत डेमो-डे एवम् मेंटरशिप के अवसरों का प्रस्ताव भी दिया। यह अंतर्राष्ट्रीय बाजार के लिए एक महत्वपूर्ण चौनल है। इन्वेस्ट यूपी के संग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस- सीओई और उद्योग-साझेदारी पर चर्चा हुई ताकि टीएमआईएफ के लिए दीर्घकालिक संसाधन और मार्केट-एक्सेस के द्वार खुल सकें। यूपीएलसी के एमडी श्री रवि रंजन-आईएएस ने लेनिक्सविजन, कॉन्सिस एआई को राज्य-पहल हेतु मान्यता देते हुए संभावित साझेदारी के संकेत दिए। साथ ही गो-यूपी की स्पेशल सेक्रेटरी, आईटी एंड ई मिस नेहा जैन ने तकनीकी अपनाने, राज्य-स्तरीय समन्वय और डिजिटल स्वास्थ्य/एजु-टेक पहल के समन्वय की संभावना को रेखांकित किया, जिससे स्टार्टअप्स के पायलट-डिप्लॉयमेंट के लिए सरक.ारी मार्ग अविलंब खुलने की राह आसान दिखी।

यूपी आईटीएस में टीएमयू बीआईसी के डायरेक्टर डॉ. अवधेश शर्मा के संग-संग बीआईसी मैनेजर प्रशांत सिंह, आईआईसी कोर्डिनेटर प्रदीप कुमार वर्मा, डॉ. नेहा आनन्द की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।



# ट्रम्प चौथी बार फंडिंग बिल पास कराने में फेल

## अमेरिका में लगातार चौथे दिन भी शटडाउन जारी, डेमोक्रेट्स समर्थन देने को राजी नहीं हो रहे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार चौथी बार फंडिंग बिल पास नहीं करा पाए। इस वजह से देश में लगातार चौथे दिन भी शटडाउन जारी है। संसद के ऊपरी सदन (सीनेट) में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के फंडिंग बिल को 54 वोट मिले, जबकि इसे 60 वोट की जरूरत थी। वोटिंग के बाद विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसद हाल छोड़कर चले गए।

दरअसल, डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि कोविड के समय दी गई टैक्स क्रेडिट्स (हेल्थ केयर सब्सिडी) बढ़ाई जाए। जिससे लाखों अमेरिकियों को सस्ता स्वास्थ्य बीमा मिल सके। अमेरिका में मंगलवार को वोटिंग के बाद बुधवार से शटडाउन लागू हुआ था। यहां, सरकारी संस्थान फिलहाल बंद हैं। एनबीसी के मुताबिक, सीनेट में सोमवार से पहले कोई वोटिंग नहीं करेगा। हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स (निचला सदन) में भी अगले हफ्ते की सभी वोटिंग 14 अक्टूबर तक के लिए रद्द हो चुकी है। यानी अब अमेरिका में 14 अक्टूबर तक शटडाउन जारी रहने की आशंका है। वहीं, अमेरिकी सरकार ने करीब साढ़े 7 लाख सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी (फरलो) पर भेज दिया गया है। इनमें से 3 लाख की छंटनी भी हो सकती है। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन और 47 डेमोक्रेट हैं। 2 निर्दलीय सांसद बिल का समर्थन कर चुके हैं। रिपब्लिकन पार्टी के लिए डेमोक्रेट्स का समर्थन जरूरी है, लेकिन फिलहाल वे बिल के पक्ष में वोट देने को राजी नहीं हैं। रपब्लिनक नेता जान थ्यून का आरोप है कि डेमोक्रेट्स ने कट्टर समर्थकों के दबाव में आकर सरकार को बंद कर दिया। सेना, बार्डर एजेंट और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर बिना वेतन काम कर रहे हैं। वहीं डेमोक्रेट नेता चक शूमर कह चुके हैं कि ट्रम्प अमे. रिका के हेल्थ केयर प्रोग्राम को सिक्योर करने से इन्कार कर रहे हैं और शटडाउन के लिए जिम्मेदार हैं। सरकार का खुला रहना पूरी तरह डेमोक्रेट्स के हाथ में था। फंडिंग बिल पास होता तो शटडाउन टल सकता था।



■ अमेरिका में मंगलवार को वोटिंग के बाद बुधवार से शटडाउन लागू हुआ था
■ एनबीसी के मुताबिक, सीनेट में सोमवार से पहले कोई वोटिंग नहीं करेगा

वाशिंगटन में सरकारी शटडाउन के बाद नेशनल आर्काइव्स के सामने ब्सवेम का बोर्ड लगा है। अमेरिका में सरकार को हर साल अपना बजट पास कराना पड़ता है। अगर संसद बजट पर सहमत नहीं होती, तो फंडिंग बिल पास नहीं होता और सरकार को मिलने वाला पैसा रुक जाता है। इस वजह से कुछ सरकारी विभागों और सेवाओं को पैसे नहीं मिलते। गैर-जरूरी सेवाओं को बंद कर दिया जाता है। इसे ही सरकारी शटडाउन कहा जाता है। रिपब्लिकन पार्टी सीनेट में आज देर रात एक बार फिर से फंडिंग बिल पर वोट कराने की तैयारी में है। रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि जब तक डेमोक्रेट्स बिल को समर्थन नहीं देंगे, तब तक इस बिल को रोजाना पेश किया जाएगा। ट्रम्प ने इस शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। वे पहले ही सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दे चुके है।

## ट्रम्प बांग्लादेश में एंट्री के लिए बेताब

■ अमेरिकी राष्ट्रपति का सेंट मार्टिन द्वीप पर रिसार्ट बनाने का प्लान विदेशियों के लिए स्पेशल जोन होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब बांग्लादेश में एंट्री की तैयारी में हैं। ट्रम्प ने बांग्लादेश के पूर्वी सेंट मार्टिन द्वीप में रिसार्ट (रिवेरा) निर्माण का प्लान बनाया है। यहां पर विदेशियों के लिए स्पेशल जोन बनेगा। सूत्रों के अनुसार हाल में बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने न्यूयॉर्क में ट्रम्प के साथ मुलाकात की थी। इसमें सेंट मार्टिन द्वीप के बारे में चर्चा हुई थी। यूनुस ने ट्रम्प के एशिया क्षेत्र के विशेष सलाहकार सर्गियो गोर से भी मुलाकात की थी। इसमें भी सेंट मार्टिन के बारे में बातचीत हुई और इस द्वीप को अमेरिका को रिसार्ट के रूप में विक. सित करने के पहलुओं को अंतिम रूप दिया गया। द्वीप को लीज पर देगी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार बताया जाता है कि सेंट मार्टिन द्वीप को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पहले लीज पर देगी। ये लीज 99 साल की होने वाली है। इस संबंध में बांग्लादेश और अमेरिकी सरकार के बीच घोषित और अघोषित करार हुए हैं।



उत्तर प्रदेश। वाराणसी में बारिश के बाद जलभराव वाले क्षेत्र से गुजरते लोग।

## अमेरिका में भारतीय छात्र की हत्या, गैस स्टेशन पर अज्ञात हमलावर ने गोली मारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के डलास में 27 साल के भारतीय छात्र चंद्रशेखर पोल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हैदराबाद के रहने वाले चंद्रशेखर शुक्रवार रात एक गैस स्टेशन पर काम कर रहे थे, तभी एक अज्ञात हमलावर ने उन पर गोली चला दी। चंद्रशेखर 2023 में हैदराबाद से पढ़ने के लिए अमेरिका गए थे। उन्होंने वहां डेंटल सर्जरी में बैचलर डिग्री पूरी की थी और छह महीने पहले मास्टर्स की पढ़ाई खत्म की थी। वे गैस स्टेशन पर पार्ट टाइम काम कर रहे थे। चंद्रशेखर के परिवार ने उनका शव भारत लाने के लिए सरकार से मदद मांगी है। शनिवार को ठै विधायक सुदेश रेड्डी और पूर्व मंत्री टी. हरीश राव ने हैदराबाद में उनके परिवार से मुलाकात की। राव ने ऑनलाइन पोस्ट में कहा: चंद्रशेखर के माता-पिता का दर्द देखकर मेरा दिल दहला गया। उन्होंने सरकार से तुरंत कदम उठाने की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### गुटेरेस ने फ्रेज़यिर को किया अपना विशेष प्रतिनिधि नियुक्त

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शुक्रवार को माल्टा की वैनेसा फ्रेज़यिर को बच्चों और सशस्त्र संघर्ष के लिये अपना विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया। संरा की ओर से विज्ञप्ति के मुता. बिक फ्रेज़यिर ने अर्जेंटीना की वर्जीनिया गाम्बा की जगह लेंगी। गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र के प्रति उनकी समर्पित सेवा और प्रतिबद्धता के लिए गाम्बा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### फ्रांस के नीस में गोल. ीबारी में दो की मौत

**नीस।** फ्रांस के नीस में मादक पदार्थ से जुड़े तस्करों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोग मारे गए हैं और पांच अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय अधिक. ारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार रात नीस के लेस मौलिस नेबरहुड में हुई है। आल्प्स-मैरीटाइम्स विभाग ने एक्स पर एक बयान में कहा कि नीस के मौलिग जिले में शुक्रवार शाम गोलीबारी हुई। इसमें दो लोगों की मौत और पांच लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से दो की हालत नाजुक है। पुलिस अधिकारी और अग्निशमन कर्मी मौके पर हैं और उन्होंने घटनास्थल को सुरक्षित कर लिया है।

### रूस: ज्वालामुखी में 9.2 किलोमीटर ऊंची राख के गुबार उठे

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप पर क्रोनोट्स्की ज्वालामुखी में शनिवार को समुद्र तल से 9.2 किलोमीटर की ऊंचाई तक राख के गुबार उठते हुए दिखाई दिए। कामचटका ज्वालामुखी विस्फोट प्रतिक्रिया दल ने अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि राख का उत्सर्जन स्थानीय समयानुसार सुबह 11:50 बजे हुआ, जिससे ज्वालामुखी के दक्षिण और दक्षिण-पूर्व में लगभग 85 किलोमीटर तक राख का गुबार फैल गया।

### चीन में मातमो तूफान को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने टाइफून मातमो तूफान को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया। चीन में तूफानों के वर्गीकरण के चार-स्तरीय सिस्टम में दूसरा सबसे बड़ा स्तर ऑरेंज अलर्ट है। यह इस साल चीन में आने वाला 21वां तूफान है और देश के दक्षिणी तट की ओर बढ़ रहा है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शनिवार सुबह पांच बजे 18 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 117.7 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया यह तूफान 25-30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है।

## नेपाल के राजनीतिक उथल-पुथल से उत्तराखंड के एक अफसर बेचैन

■ भ्रष्टाचार के जरिये कमाए गए अकूत धन को यहां टूरिस्ट और होटल व्यवसाय में खपाया गया था
■ जेन जी आंदोलन में सबसे ज्यादा प्रभावित नेपाल का होटल और टूरिस्ट व्यवसाय ही हुआ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**काठमांडू।** नेपाल में सत्ता की उथल-पुथल में भारत के कुछ आला अफसरान के पैसे डूबने की चर्चा काठमांडू में जोरो पर है।

बताया जाता है कि भ्रष्टाचार के जरिए कमाए गए अकूत धन को यहां टूरिस्ट और होटल व्यवसाय में खपाया गया था। जेन जी आंदोलन में सबसे ज्यादा प्रभावित नेपाल का होटल और टूरिस्ट व्यवसाय ही हुआ है। इस तरह की चर्चा में कई अफसरों के नाम सामने आ रहे हैं जिसमें उत्तराखंड के एक बड़े अफसर और उनकी डाक्टर पत्नी का नाम भी चर्चा में है। इस अफसर पर खेती पानी महकमे में रहते गंभीर आरोप लग चुके हैं। इस तरह कई महकमों में उच्च पदों से होते हुए यह अफसर इन दिनों सेहत से जुड़े महकमे के आला अफसर हैं। इनकी पत्नी कहने को डाक्टर हैं लेकिन वे डाक्टरी छोड़ एनजीओ चलाती हैं। अफसर महोदय का हाल यह है कि वे जिस विभाग में रहते हैं वहां सरकारी धन के लूट खसोट का रास्ता तलाश ही लेते हैं। दरअसल यही उनके सरकारी धन की लूट का माध्यम है। इस अफसर की मदद तथाकथित मीडिया से जुड़े कुछ गोदी पत्रकार भी करते हैं। सेहत महकमे के यह उच्च पदा. धिकारी अपनी पत्नी के एनजीओ के मार्फत अवैध धन का हेर फेर करते हैं। नेपाल के टूरिस्ट और होटल व्यवसाय में भी इनके काले धन के निवेश की चर्चा है।

बताते हैं कि नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल से तमाम भारतीय निवेशकों के पैसे डूबने की आशंका है, ऐसे में वे काठमांडू में अपने संपर्कों के जरिए लगातार इस धन को बचाने व वापसी की जुगत लगा रहे हैं। उत्तराखंड की यह तो मो. हतरमा भी खासा परेशान हैं। उत्तराखंड के इमानदार मुख्यमंत्री के रहते यह सब चल रहा है। सत्ता के इर्द-गिर्द रहकर ऐसे अफसर एक इमानदार छवि वाले मुख्यमंत्री को फजीहत उत्तराखंड से लेकर नेपाल तक करा रहे हैं।

## पीओके में झुकी पाकिस्तान सरकार

### प्रदर्शनकारियों की अधिकतर मांगें मानी, समझौते पर किए हस्ताक्षर

**मुजफ्फराबाद।** पीओके में प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार को झुका दिया है। पाकिस्तान सरकार ने प्रदर्शनकारियों की अधिकतर मांगें मान ली हैं और समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

इसके साथ ही पीओके में बीते कई दिनों से चल रहे हिंसक विरोध प्रदर्शन बंद हो गए। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बीते कई दिनों से हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे थे, जिनमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और सैंकड़ों घायल हुए। शनिवार को पाकिस्तान की संघीय सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच विरा. ध प्रदर्शनों को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत पाकिस्तान सरकार ने प्रदर्शनकारियों की कई मांगें मान ली हैं। पीओके में बिगड़ते हालात को देखते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत के लिए एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को मुजफ्फराबाद भेजा। पूर्व प्रधानमंत्री राजा परवेज अशरफ के नेतृत्व में इस प्रतिनिधिमंडल ने लगातार दो दिनों तक गहन चर्चा की, जो बीती रात को समाप्त हुई। संसदीय कार्य मंत्री तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है। उन्होंने लिखा कि प्रतिनिधिमंडल ने जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएसी) के साथ अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। प्रदर्शनकारी अपने घरों को लौट गए हैं। सभी सड़कें फिर से खोल दी गई हैं। यह शांति की जीत है। विरोध प्रदर्शन समाप्त करने के लिए 25 बिंदुओं वाले एक समझौता दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें पाकिस्तान सरकार हिंसा में मारे गए लोगों के लिए मुआवजा देगी, हिंसा की घटनाओं के लिए आतंकवाद के मामले दर्ज किए जाएंगे, जिनमें प्रदर्शनकारी मारे गए। शरीफ सरकार ने पीओके के मुजफ्फराबाद और पुंछ संभागों के लिए दो अतिरिक्त इंटरमीडिएट और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड स्थापित करने पर भी सहमति व्यक्त की। स्थानीय सरकार मरीजों के मुफ्त इलाज के लिए 15 दिनों के भीतर स्वास्थ्य कार्ड के लिए धनराशि जारी करेगी और संघीय सरकार द्वारा पीओके के प्रत्येक जिले में चरणबद्ध तरीके से एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी।



■ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बीते कई दिनों से हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे थे

## अमेरिका बलूचिस्तान के पसनी में पोर्ट बनाए: पाक

### पोर्ट से खनिजों तक पहुंच आसान होगी, प्रस्तावित पोर्ट चीन के ग्वादर पोर्ट से सिर्फ 112KM दूर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के सलाहकारों ने अमेरिका से बलूचिस्तान में एक पोर्ट डेवलप करने का प्रस्ताव शेयर किया है। पाकिस्तान चाहता है कि अमे. रिकी निवेशक बलूचिस्तान के पसनी शहर में अरब सागर के किनारे एक नया पोर्ट डेवलप करके चलाएं। प्रस्ताव में साफ कहा गया है कि यह बंदरगाह सिर्फ व्यापार और खनिजों के लिए है। अमेरिका को यहां सैन्य बेस बनाने की इजाजत नहीं होगी। पासनी, ग्वादर पोर्ट (चीन का बंदरगाह) से सिर्फ 112 किमी दूर है। यह बंदरगाह अमे. रिका को पाकिस्तान के महत्वपूर्ण खनिजों जैसे तांबा और एंटीमनी तक आसान पहुंच देगा। इस प्रस्ताव के तहत एक नई रेल लाइन भी बनेगी जो इस बंदरगाह को पश्चिमी प्रांतों से जोड़ेगी। इसकी लागत करीब 1. 2 अरब डालर (11 हजार करोड़ रुपये) हो सकती है। अमेरिकी विदेश विभाग, व्हाइट हाउस या पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई आधिका. रिक बयान नहीं दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह प्रस्ताव पाकिस्तान के लिए आर्थिक फायदा ला सकता है, लेकिन रीजन में चीन, ईरान और अफगानिस्तान के साथ तनाव बढ़ सकता है। यह प्रस्ताव सितम्बर में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ, आसिम मुनीर और ट्रम्प की बैठक के बाद दिया गया है। व्हाइट हाउस में हुई इस बैठक में शरीफ ने ट्रम्प से पाकिस्तान के एग्रीकल्चर, तकनीक, माइनिंग और एनर्जी प्रोजेक्ट में इन्वेस्ट करने की अपील की थी। मुलाकात के दौरान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रम्प से पाकिस्तान के रेयर अर्थ मिनरल्स से भरा एक ब्रीफकेस भी दिखाया था। इसी साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्तों में काफी मजबूत हुए हैं। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने का दावा किया था, पाकिस्तान ने इस दावे का सपोर्ट किया और ट्रम्प को नोबेल के लिए नामिनेट भी किया। वहीं, जून में पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रम्प से सीक्रेट मुलाकात की थी। इसके बाद सितम्बर में शहबाज शरीफ और मुनीर ने व्हाइट हाउस में ट्रम्प के साथ बैठक की थी, इस बैठक में शरीफ ने ट्रम्प को शांति दूत कहा था।



## जापान में साने तकाइची पहली महिला प्रधानमंत्री बनेंगी

### देश में रानी के शासन के खिलाफ, चीन विरोधी है तकाइची

**टोक्यो।** जापान को पहली बार महिला प्रधानमंत्री मिलने जा रही है। सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) ने पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को नया अध्यक्ष चुना है। जापान में बहुमत वाली पार्टी का अध्यक्ष ही पीएम बनता है।

ऐसे में लगभग तय है कि वह अगली प्रधानमंत्री बनेंगी। ताकाइची पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की करीबी मानी जाती हैं। शिंजो जापान में सबसे लंबे समय तक पीएम रहे थे। उन्हें चीन विरोधी नेता माना जाता है। ताक. इची देश में पुरुष राजा के शासन की समर्थक हैं, साथ ही रानी के पद संभालने और शासन करने के खिलाफ हैं। इन्होंने 2004 में साथी सांसद ताकू यामामोटो से शादी की। जुलाई 2017 में राजनीतिक मतभेदों के चलते अलग हो गए। इसके बाद 2021 में फिर साथ आ गए। अध्यक्ष घोषित होने के बाद ताकाइची का तालियां बजाकर स्वागत किया गया। ताकाइची ने पूर्व प्रधानमंत्री जुनिचिरो कोइजुमी के बेटे को हराकर चुनाव जीता। कोइजुमी अभी देश के कृषि मंत्री हैं। ताक. इची को पीएम बनाने के लिए जल्द ही संसद में वोटिंग होगी। ताकाइची पीएम शिगेरु इशिबा की जगह लेंगी। जुलाई में हुए ऊपरी सदन के चुनाव में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद पार्टी में इशिबा का विरोध बढ़ गया था। एलडीपी ने ताकाइची को ऐसे समय में चुना है जब देश में लोग महंगाई से नाराज हैं और विपक्षी पार्टियों का समर्थन करने लगे हैं। पार्टी को उम्मीद है कि वे जनता का समर्थन हासिल करेंगी और सत्ता में बनी रहेंगी। चुनाव के पहले फेज में किसी नेता को पूर्ण बहुमत नहीं मिला।



■ एक ही सांसद से दो बार शादी की

## ईरान ने दी छह कैदियों को फांसी

■ इजरायल के लिए हमले का आरोप

**तेहरान।** ईरान ने शनिवार को छह कैदियों को मौत की सजा दी। इन पर आरोप था कि उन्होंने देश के तेल-समृद्ध दक्षिण- पश्चिमी क्षेत्र में इजरायल के लिए हमले किए।

ये कैदी इस साल के बढ़ते हुए फांसी के मामलों में शामिल हैं, जिसे दशकों में सबसे अधिक माना जा रहा है। ये फांसी जून में 12 दिनों तक चले ईरान-इजरायल युद्ध के बाद दी गई हैं, जिसमें तेहरान ने अपने दुश्मनों को देश में और बाहर निशाना बनाने की चेतावनी दी थी। हालांकि, मानवाधिकार कार्यकर्ता चेतावनी देते हैं कि ईरान अक्सर अपने मृत्युदंड के मामलों में खासकर इजरायल से जुड़े मामलों में, जबरन लिए गए बयान और बंद कमरे में सुनवाई का सहारा लेता है। ईरान ने कहा कि इन लोगों ने पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा बलों की हत्या की और ईरान के अशांत खुजस्तान प्रांत के खोर्रमशहर के आसपास के ठिकानों को निशाना बनाकर बम विस्फोटों की योजना बनाई। उनके नाम तुरंत पहचाने नहीं जा सके और ईरानी सरकारी टेलीविजन ने हमलों के बारे में बात करते हुए एक व्यक्ति का फुटेज प्रसारित किया, जिसमें कहा गया कि यह पहली बार है जब विवरण सार्वजनिक किए जा रहे हैं। खुजस्तान की अरब आबादी लंबे समय से ईरान की केंद्र सरकार द्वारा भेदभाव की शिकायत करती रही है, और विद्रोही समूहों ने निम्न-स्तरीय विद्रोह के तहत वहां तेल पाइपलाइनों पर हमले किए हैं।

## हमास गाजा पर कब्जा छोड़ेगा, बंधक रिहा होंगे

### ट्रम्प की धमकी के बाद सीजफायर पर राजी, कल विरोध के बाद आज पाक भी सपोर्ट में

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी के 6 घंटे बाद हमास गाजा में सीजफायर को तैयार हो गया है। हमास ने ऐलान किया कि वह ट्रम्प के प्लान में बताए गए फार्मूले के मुताबिक सभी जिंदा और मुर्दा बंदियों को रिहा करने को तैयार है। साथ ही गाजा का प्रशासन छोड़ने को भी तैयार है।

हमास ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की इस हफ्ते पेश की गई 20 पाइंट की पीस डील के कुछ हिस्सों पर बातचीत जरूरी है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक हमास की तरफ से जो जवाब आया है, उसमें हथियार छोड़ने का जिक्र नहीं किया गया है। हमास के ऐलान के बाद ट्रम्प ने इजरायल को तुरंत गाजा में हमले बंद करने को कहा है। वहीं, इजरायल ने कहा कि वह ट्रम्प के गाजा प्लान पर काम करने के लिए तैयार है। दूसरी तरफ पाकिस्तान भी कल इस सीजफायर प्लान का विरोध करने के बाद आज इसके के सपोर्ट में आ गया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ट्रम्प के गाजा सीजफायर प्लान की तारीफ की है। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि यह प्लान गाजा में चल रहे युद्ध को रो. कने की दिशा में एक बड़ा कदम है। शहबाज शरीफ ने लिखा: हम अब गाजा में युद्धविराम के बहुत करीब हैं। हमास के बयान ने शांति का एक रास्ता खोला है, जिसे हमें बंद नहीं होने देना चाहिए। पाकिस्तान फलस्तीन में शांति लाने के लिए काम करेगा। पाकिस्तानी पीएम का बयान इसलिए अहम है क्योंकि कल ही पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने ट्रम्प के गाजा सीजफायर प्रस्ताव का खारिज कर दिया था। डार ने संसद में कहा था ट्रम्प का प्लान, हमारे प्रस्ताव के जैसा नहीं हैं। इसमें कुछ बदलाव किए गए हैं, जो हमारे मसौदे में थे। मेरे पास इसका रिकॉर्ड है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के ऑफिस ने बयान जारी कर रहा कि इजरायल ट्रम्प के प्लान के पहले चरण को लागू करने के लिए तैयार है।



■ हमास की तरफ से जो जवाब आया है, उसमें हथियार छोड़ने का जिक्र नहीं किया गया

## गाजा में संघर्षविराम और बंधकों की तत्काल रिहाई का आह्वान

**रोम।** इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने गाजा में संघर्षविराम और बंधकों की तत्काल रिहाई का आह्वान किया है। मेलोनी ने ट्रंप की योजना पर हमास की प्रतिक्रिया पर टिप्पणी करते हुए कहा कि गाजा संघर्ष के समाधान में प्राथमिकता संघर्षविराम और उसके बाद बंधकों की रिहाई होनी चाहिए। मेलोनी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं गाजा के घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रही हूं और पश्चिम एशिया में शांति लाने के राष्ट्रपति ट्रंप के प्रयासों का फिर से समर्थन करती हूं। अब सभी की प्राथमिकता एक ऐसे संघर्षविराम पर पहुंचने की होनी चाहिए जिससे सभी बंधकों की रिहाई तत्काल संभव हो सके।



# रश्मिका और विजय की सगाई का दावा

## दोनों के परिवारों और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई रस्म, फरवरी में हो सकती है शादी

**मुंबई।** एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और एक्टर विजय देवरकोंडा ने सगाई कर ली है, ऐसा दावा एक मीडिया रिपोर्ट में किया गया है। हालांकि, अभी तक इसको लेकर न तो एक्ट्रेस और न ही एक्टर की तरफ से कोई प्रतिक्रिया आई है और न ही इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की गई है। दावा किया गया है कि यह सगाई दोनों परिवारों और कलाकारों के केवल करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई। विजय और रश्मिका लंबे समय से एक-दूसरे के करीब हैं। हालांकि, दोनों ने कभी अपने रिश्ते को आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया और न ही सार्वजनिक रूप से इसके बारे में बात की। कपल के करीबी सूत्रों के अनुसार, वे अगले साल फरवरी में शादी के बंधन में बंध सकते हैं। इस संबंध में जल्द ही आधिकारिक घोषणा हो सकती है। रश्मिका मंदाना ने 2016 में कन्नड़ फिल्म किरिक पार्टी से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की, जो बाक्स आफिस पर हिट रही। इसके बाद उन्होंने अंजनी पुत्रा और चमक जैसी फिल्मों में भी काम किया। 2018 में उन्होंने तेलुगु फिल्म चालो से तेलुगु सिनेमा में कदम रखा, जो हिट रही। उसी साल आई गीता गो. विंदम ने उन्हें बड़ी पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने देवदास, यजमाना, डियर कामरेड, भीष्म, सरिले नीकेव्वरु, पुष्पा द राइज और पुष्पा 2 द रूल जैसी फिल्मों में भी एक्टिंग की।

वहीं, बॉलीवुड में रश्मिका मंदाना ने एनिमल और छावा जैसी फिल्मों में काम किया है और वह सलमान खान की सिकंदर में भी नजर आई हैं। रश्मिका की अपकमिंग फिल्मों में थामा और काकटेल 2 शामिल हैं। वहीं, विजय देवरकोंडा ने 2011 में रवि बाबू द्वारा निर्देशित रोमांटिक कामेडी फिल्म नुव्विला से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने लाइफ इज ब्यूटीफुल (2012) और एवडे़ सुब्रमण्यम (2015) जैसी फिल्मों में छोटे रोल प्ले किए। लीड रोल के तौर पर उनकी पहली फिल्म श्पेली चूपुलुश 2016 में आई, जो हिट रही। इसके बाद उन्होंने 2017 में द्वारका और फिर अर्जुन रेड्डी में एक्टिंग की। जिससे उन्हें खास पहचान मिली।

# आलोचनाओं ने मुझे और ज्यादा प्रेरित किया: भूमि



**सिंगापुर।** भूमि पेडनेकर का कहना है कि आलोचनाओं ने उन्हें और ज्यादा प्रेरित किया है। मिल्केन इंस्टीट्यूट के 12वें एशिया समिट में दुनियाभर के बड़े लीडरों के बीच, बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपनी निजी कहानी, हिम्मत और जम्मिेदारी की बात से सबको प्रभावित किया। भूमि पेडनेकर ने बताया कि जब वह अभिनेत्री बनने का सपना देखती थी, तो उन्हें परदे पर अपनी तरह की महिलाएं नही दिखती थी। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से पता था कि मैं एक कलाकार बनना चाहती हूं, लेकिन बड़े होते हुए मुझे परदे पर अपने जैसी लड़कियां नही दिखी। जब भी मैंने लोगों को अपने सपने के बारे में बताया, तो वे मुझ पर हंसे। उन आलोचनाओं ने मुझे और जडादा प्रेरित किया और मैंने सोचा, मैं उन्हें दिखाउंगी। भूमि ने कहा कि उनकी पहली फिल्म दम लगा के हईशा ने उन्हें सिनेमा की असली ताकत दिखाई।

# युजवेंद्र चहल संग शादी पर धन्या का रिएक्शन

## बोलीं-शादी का कोई प्लान नहीं था, प्यार मिला तो कर ली थी



**मुंबई।** क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की एक्स-वाइफ और कोरियोग्राफर धन्या वर्मा इन दिनों रियलिटी शो राइज एंड फाल में नजर आ रही हैं। शो में वह अक्सर पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में उन्होंने चहल से अपनी शादी और तलाक को लेकर बात की।

इस दौरान वह इमोशनल भी हो गईं। दरअसल, शो का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धन्या वर्मा और अर्जुन बिजलानी आपस में बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान अर्जुन धन्या से पूछते हैं क्या आपकी लव मैरिज थी? इस पर धन्या जवाब देती हैं, लव-अरेंज थी। शुरुआत अरेंज से हुई थी। वो बिना डेट किए शादी करना चाहते थे। मेरा कोई प्लान नहीं था शादी का। अर्जुन ने फिर पूछा, तो फिर आपने शादी क्यों की? धन्या ने जवाब देती हैं, मुझे प्यार दिया गया, जिससे मुझे लगा कि शादी कर लेती हूं। अगस्त में हमारा रोका हुआ था और दिसंबर में हमने शादी कर ली। इस दौरान मैं उनके साथ ट्रैवल भी करती थी। हम साथ रहते थे। तभी मैं थोड़े-थोड़े बदलाव देख रही थी। इस बातचीत के दौरान धन्या इमोशनल हो जाती हैं और उनकी आंखों से आंसू निकल आते हैं। अर्जुन बिजलानी उन्हें दिलासा देते हैं और उनके आंसू पोछते हैं। यह पहली बार नहीं था जब धन्या ने चहल के बारे में कुछ कहा हो। इससे पहले भी धन्या चहल पर गंभीर आरोप लगा चुकी हैं। उन्होंने दावा किया था कि शादी के सिर्फ दो महीने बाद ही उन्होंने अपने एक्स पति को धोखा देते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया था। दरअसल, शो के एक सेगमेंट में वह डाइनिंग टेबल पर नाश्ते के दौरान एक्ट्रेस कुब्रा सैत से अपनी शादी को लेकर बात करती दिखीं। वीडियो में कुब्रा धन्या वर्मा से पूछती नजर आ रही हैं कि उन्हें पहली बार कब एहसास हुआ कि उनकी शादी युजवेंद्र चहल के साथ नहीं टिक पाएगी। इस पर धन्या ने जवाब दिया, पहले ही साल में शादी के दूसरे महीने में ही उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया था। वहीं, दोनों की बातचीत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बता दें कि क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धन्या वर्मा से शादी की दिसंबर 2020 में हुई। वहीं, जून 2022 में दोनों अलग हो गए।

# इंडियाज गाट टैलेंट में जज बनेंगे नवजोत सिंह सिद्धू

**मुंबई।** सोनी टीवी और सोनी लिव पर आज से इंडियाज गाट टैलेंट का नया सीजन शुरू हो रहा है। इस बार नवजोत सिंह सिद्धू, मलाइका अरोड़ा और शान जज की भूमिका में नजर आएंगे। संवाददाता से बातचीत में नवजोत सिंह सिद्धू ने अपने जीवन, अनुभवों और इस शो में प्रतिभाओं को देखने के अपने दृष्टिकोण के बारे में बात की। क्रिकेट में मेरा बल्ला बोला, कामेंट्री में मेरी आवाज ने लोगों तक पहुंच बनाई और राजनीति में मेरी वाणी ने असर डाला। लेकिन इंडियाज गाट टैलेंट के मंच पर दर्शक मुझे मेरे असली स्वरूप में देख पाएंगे। पहली बार ऐसा हुआ कि मैं मंच पर भावुक हो गया। यह मेरे लिए एक नया और बेहद गहरा अनुभव था। मंच हमेशा से मेरे लिए खास रहा है, लेकिन यह मंच मुझे सिर्फ दर्शकों से ही नहीं, बल्कि प्रतिभागियों की भावनाओं से भी जोड़ता है। यह आत्म-अनुशासन, त्वरित निर्णय और प्रेजेंस आफ माइंड का संगम है। आपके वन-लाइनर्स, शायरियां और संवाद इतने सहज और प्रभावशाली कैसे बनते हैं? यह भीतर की ऊर्जा और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। मैं मानता हूं कि मन में अपार शक्ति होती है। जरूरत सिर्फ उसे पहचान. ने और सही दिशा में मोड़ने की होती है। कई बार एक ही पंक्ति में विचार, भावना और संदेश तीनों समा जाते हैं। यही है कम शब्दों में गहरी बात कहने की कला। शो की थीम दुनिया का सबसे बड़ा रोग- क्या कहेंगे लोग? इस पर आपकी राय क्या है? सबसे बड़ा रोग है दूसरों की राय और डर के जाल में फंस जाना। लोग हमेशा सोचते रहते हैं कि क्या कहेंगे। यही रोग हमें अपने असली स्वभाव और प्रतिभा से दूर करता है। इस शो में यही दिखाया गया है कि डर और चिंता से मुक्त होकर ही कोई अपना असली रूप दिखा सकता है। अजब हैं, गजब हैं थीम के बारे में आपका क्या कहना है? यह शो की प्रतिभाएं जो सामान्य सोच से अलग हैं, उन्हें दर्शाने का तरीका है। इन प्रतिभाओं को देखकर यही लगता है कि दुनिया में अद्भुत शक्ति हर किसी के भीतर है, बस उसे पहचानने वाली नजर चाहिए। आपके जीवन और अनुभवों ने इस शो पर कैसे असर डाला? मैंने अपने खान-पान, अनुशासन और ध्यान से अपने मन को नियंत्रित किया। अब दर्शक मुझे मंच पर एक शांत, केंद्रित और प्रेरित स्वरूप में देखेंगे। स्वामी विवे. कानंद ने मुझे सिखाया कि असली शक्ति भीतर होती है। किताबों में नहीं, अनुभव में है। मन को समझना और उसे नियंत्रित करना ही असली कला है।


# निखिल ने खोला बंदर के टाइटल के पीछे का राज

**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता निखिल द्विवेदी ने ने अपनी आने वाली फिल्म फिल्म बंदर के अनोखे टाइटल के पीछे का राज बताया है। अनुराग कश्यप निर्देशित फिल्म बंदर/मंकी इन ए केज का नाम सुनते ही लोगों में जिज्ञासा पैदा हो गई थी। ऐसे में निर्माता निखिल ने बताया है कि यह नाम फिल्म की तैयारी के दौरान अपने आप सामने आया था और वे इसे लगभग बदलने वाले थे। निखिल ने बताया कि मैंने बंदर नाम सजेस्ट किया था, और फिर खुद भी मैने इसके बारे में दो बार सोचा था। लेकिन तब तक अनुराग और बाकी सभी को यह नाम इतना पसंद आने लगा कि उन्होंने कहा, यही नाम रहेगा।

निखिल ने नायक की परेशानियों की बात करते हुए बताया है कि बंदर 'मनकी) का उदाहरण अपने आप सामने आया है। निखिल ने कहा, जब मैं किरदार का सघ्र देख रहा था, तो मैंने देखा कि उसको हर कोई मदारी की तरह इधर से उधर नचा रहा था। कई बार अनुराग ने अनजाने में कहा कि सिस्टम उसे एक बंदर की तरह नचा रहा है। और एक दिन उन्होंने यूं ही इसका घ्क्रि किया, तो मैंने कहा, हम टाइटल बंदर क्यों नही रख देते?

# रिया चक्रवर्ती को पांच साल बाद वापस मिला पासपोर्ट

## एक्ट्रेस ने फोटो शेयर कर लिखा दूसरे चैप्टर के लिए तैयार हूं



**मुंबई।** एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती को पांच साल बाद उनका पासपोर्ट वापस मिल गया है। यह पासपोर्ट उन्हें तब मिला जब हाल ही में बॉम्बे हाईकोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला दिया। यह मामला दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़ा था। जिनके साथ रिया रिलेशनशिप में थीं। रिया ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह एयरपोर्ट पर अपना पासपोर्ट पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं।

उन्होंने लिखा, पिछले 5 सालों में धैर्य ही मेरा पासपोर्ट था। अनगिनत लड़ाइयां। अंतहीन उम्मीद। आज फिर मेरा पासपोर्ट मेरे हाथ में है। अब अपने चैप्टर 2 के लिए तैयार हूं। सत्यमेव जयते। सुशांत की मौत के बाद रिया को हिरासत में लिया गया था। सितम्बर 2020 में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने उन्हें ड्रग केस में गिरफ्तार किया। पासपोर्ट जमा करने के बाद उन्हें जमानत मिली थी।

30 सितम्बर को बॉम्बे हाईकोर्ट ने एनसीबी को एक्ट्रेस का पासपोर्ट लौटाने का निर्देश दिया था। वकील अयाज खान के जरिए दायर अपनी एप्लिकेशन में, रिया ने दलील दी थी कि पासपोर्ट जमा होने के कारण रिया को प्रोजेक्ट्स में देरी हुई और कई प्रोजेक्ट्स मिस हुए हैं। मामले में रिया के वकील ने कहा था कि एक्ट्रेस ने जमानत की सभी शर्तों का पालन किया और कभी भी कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन नहीं किया।

रिया की ओर से मामले में कहा गया था कि उनके प्रोफेशन के चलते शूटिंग, आडिशन और मीटिंग के लिए उन्हें अक्सर विदेश जाना पड़ता है। रिया ने सोनाली केबलश और जलेबी जैसी फिल्मों में काम किया है। वह टीवी शो एमटीवी रोडीज में भी नजर आई थीं। वहीं, एनसीबी ने एडवोकेट एस के हलवासिया के माध्यम से याचिका का विरोध किया था और तर्क दिया कि सेलिब्रिटी होने के कारण उन्हें विशेष सुविधा नहीं मिलनी चाहिए तथा चेतावनी दी थी कि उनके फरार होने का खतरा हो सकता है।

हालांकि, जस्टिस नीला गोखले ने कहा था कि मामले में अन्य आरोपियों को भी इसी तरह की छूट दी गई थी और उन्होंने कहा कि रिया चक्रवर्ती ने ट्रायल में सहयोग किया था। हर विदेश यात्रा के बाद वापस लौटीं और कभी भी जमानत की शर्तों का उल्लंघन नहीं किया। 7 अक्टूबर, 2020 को बॉम्बे हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद रिया चक्रवर्ती को मुंबई की भायखला जेल से रिहा कर दिया गया था।

कोर्ट ने कहा था कि मुकदमे के समापन तक उनकी उपलब्धता पर संदेह करने का कोई कारण नहींह्र है। उनकी याचिका को स्वीकार करते हुए पीठ ने निर्देश दिया था कि रिया को सभी सुनवाई डेट पर उपस्थित रहना होगा, जब तक कि निचली अदालत द्वारा उन्हें छूट न दी जाए। साथ ही विदेश यात्रा से पहले उन्हें प्रासीक्यूशन एजेंसी को कम से कम चार दिन पहले अपनी पूरी ट्रैवल डिटेल, होटल और फ्लाइट डिटेल उपलब्ध करानी होगी। अपना संपर्क नंबर शेयर करना होगा, अपना फोन चालू रखना होगा और वापस लौटने पर अधिकारियों को सूचित करना होगा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108